e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 78
# प्रभात मंत्र
बुधवार
22.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
मीठा बोल संक्षिप्त और बोलने में आसान हो सकते है, लेकिन उनकी गूंज सचमुच अनंत होती है।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26 0 |
| न्युनतम | 12 0 |

## शैलपुत्री



वन्दे वांछितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम।
वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनिम।।

मां दुर्गा का पहला स्वरूप शैलपुत्री का है। पर्वतराज हिमालय के यहां पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण इनको शैलपुत्री कहा गया। यह वृषभ पर आरूढ़ दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में पुष्प कमल धारण किए हुए हैं। यह नव दुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हैं। नवरात्रि पूजन में पहले दिन इन्हीं का पूजन होता है। प्रथम दिन की पूजा में योगीजन अपने मन को मूलाधार चक्र में स्थित करते हैं। यहीं से उनकी योग साधना शुरू होती है।

### सीएम ने तपोवन मंदिर के आसपास के क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य की आधारशिला रखी, कहा

# तपोवन मंदिर का तीर्थ स्थल के रूप में बनेगा पहचान

### 14 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र को किया जाएगा विकसित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के ऐतिहासिक तपोवन मंदिर, निवारनपुर का स्वरूप बदलेगा। धार्मिक तीर्थ स्थल के रूप में इसकी एक अलग पहचान बनेगी। श्रद्धालुओं के लिए यहां कई सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मंदिर और आसपास का क्षेत्र विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को पूरे विधि- विधान से पूजा-अर्चना कर तपोवन मंदिर के आसपास के क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में शीश नवाकर राज्य की उन्नति, सुख - शांति- सद्भाव और समृद्धि की कामना की।

### मुख्यमंत्री ने मंदिर में शीश नवाकर राज्य की उन्नति, सुख -शांति- सद्भाव और समृद्धि की कामना की



### मुख्यमंत्री ने गोल्ड मेडल जीतने वाले झारखंड के दिव्यांग खिलाड़ियों को दी बधाई

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को झारखंड पारा ओलंपिक एसोसिएशन से जुड़े दिव्यांग खिलाड़ियों ने मुलाकात की। एसोसिएशन की ओर से मुख्यमंत्री को बताया कि यहां के कई दिव्यांग खिलाड़ी विभिन्न खेलों में राष्टीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से राज्य और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इस वर्ष 19- 20 फरवरी को नेपाल में आयोजित पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम में झारखंड के आठ खिलाड़ी शामिल थे। इन खिलाड़ियों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारतीय टीम को भारत को चैंपियन बनाया। उन्होंने कहा कि ज्यादातर दिव्यांग खिलाड़ी ग्रामीण परिवेश से आते हैं और उनकी आर्थिक स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं होती है। अगर इन्हें सहयोग और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए तो वे आगे भी देश और झारखंड के लिए बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

### सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य का एक्शन प्लान

तपोवन मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य पर 14 करो? 67 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। जुडको द्वारा इसका एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है । इसके तहत कडरू से तपोवन मंदिर तक पुल का चौड़ीकरण और हरमू नदी को कवर किया जाएगा। ओवरब्रिज से निवारणपुर जाने वाली सड़क का भी चौड़ीकरण होगा। मंदिर आने के लिए वैकल्पिक मार्ग और अप्रोच रोड भी बनाया जाएगा। मंदिर के दोनों ओर तोरणद्वार बनेंगे।

### यहां ये सुविधाएं भी होंगी

यहां पार्किंग एरिया,लॉन, बच्चों के खेलने का क्षेत्र पार्क आउटडोर जिम, सर्विस ब्लॉक टेंपल प्लाजा, ग्रीन ग्रीन वॉल और कियोस्क की भी सुविधा श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध होगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा

# फांसी देने पर कितना होता है दर्द



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में फांसी की सजा के बजाय कोई और दर्द रहित मौत की सजा दिये जाने के तरीके पर सुप्रीम कोर्ट विचार करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को लेकर एक विशेषज्ञ कमेटी बनाने के संकेत दिए हैं। कोर्ट ने इस संबंध में केंद्र सरकार से पूछा है कि फांसी देने से कितना दर्द होता है। कोर्ट इस मामले पर अगली सुनवाई 2 मई को करेगा। कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि आधुनिक विज्ञान और तकनीक का फांसी की सजा पर क्या विचार है। क्या देश या विदेश में मौत की सजा के विकल्प का कोई डेटा है। इस मामले में केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में कहा है कि मौत की सजा के लिए फांसी सबसे तेज और सुरक्षित तरीका है। हलफनामा में कहा गया है कि लीथल इंजेक्शन के जरिये मौत की सज़ा फांसी की तुलना में ज्यादा नृशंस है। पहले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि दूसरे देशों में क्या व्यवस्था है। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 6 अक्टूबर, 2017 को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने कहा था कि मौत की सजा के लिए फांसी की सजा को हमने 1983 में सही ठहराया था। लेकिन इसके 34 साल बाद काफी कुछ बदलाव हुआ है। पहले ठहराया गया सही बाद में गलत भी हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि भारत का संविधान काफी बदलाव वाला और दयालु किस्म का है।दरअसल, वकील ऋषि मल्होत्रा ने 20 सितंबर, 2017 को एक याचिका दायर कर कहा है कि जीवन के मौलिक अधिकारों में सम्मान से मरने का अधिकार भी शामिल किया जाए। याचिका में कहा गया है कि मौत की सजा के लिए फांसी की जगह किसी दूसरे विकल्प को अपनाया जाना चाहिए। याचिका में फांसी को मौत का सबसे दर्दनाक और बर्बर तरीका बताते हुए जहर का इंजेक्शन लगाने, गोली मारने, गैस चैंबर या बिजली के झटके देने जैसी सजा देने की मांग की गई है।याचिका में कहा गया है फांसी से मौत में 40 मिनट तक लगते है, जबकि गोली मारने और इलेक्ट्रिक चेयर पर केवल कुछ मिनट। मल्होत्रा ने कहा है कि लॉ कमिशन ने भी यही कहा है कि विकासशील और विकसित देशों ने फांसी के बजाय इंजेक्शन या गोली मारने के तरीकों को अपनाया है।

## क्विक न्यूज

### पलामू : नक्सलियों ने फूंके पांच ट्रैक्टर

**मेदनीनगर।** पलामू के नावाबाजार थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी के नक्सलियों ने सोमवार देर रात कंडा घाटी में स्थित एसकेएम ईट भट्ठा में खड़े पांच ट्रैक्टरों को आग के हवाले कर फूंक दिया। इसके बाद भाग गए। सूचना पाकर पुलिस मंगलवार सुबह पहुंची।बताया जा रहा है कि ईट भट्ठा मालिक को करीब 14 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने घटना की पुष्टि की है। ईट-भट्ठा के कर्मियों ने बताया कि हथियारबंद करीब 15-20 नक्सलियों ने मजदूरों को बंधक बनाकर एक ट्रैक्टर से तेल निकालकर सभी पांच ट्रैक्टर में आग लगा दी। तीन ट्रैक्टर पूरी तरह राख हो गए। आशंका जताई जा रही है कि लेवी के लिए इस वारदात को अंजाम दिया गया है।पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा है कि एसडीपीओ सुजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस जिला बल, जैप और आईआरबी के साथ मिलकर इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। उधर, लंबे अरसे बाद हुई इस नक्सली वारदात से क्षेत्र में दहशत है। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस छापेमारी अभियान शुरू कर दी है और घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तार का प्रयास कर रही है ।

# लोहरदगा व चांडिल में सड़क दुर्घटना, 5 की मौत



**प्रभाम मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा-चांडिल :** लोहरदगा और चांडिल में सड़क दुर्घटना में 5 लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चांडिल थाना अंतर्गत जारियाडीह में अज्ञात वाहन ने एक कार को अपनी चपेट में ले लिया. इस दुर्घटना में कार सवार चार लोग घायल हो गए. घटना को अंजाम देने के बाद वाहन मौके से फरार हो गया. सभी घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां तीन लोगों की मौत हो गई. जबकि एक गंभीर रुप से घायल का इलाज चल रहा है. मृतकों में पाटा निवासी शिबूराम मार्डी, बबलू सोरेन और सागुन टुडू उर्फ सुकराम टुडू शामिल है जबकि विलोम हांसदा घायल है. बताया जाता कि सभी अपनी कार में सवार होकर सोमाय सोरेन की शादी के बिहान देखा में शामिल होने कांदरबेड़ा गए हुए थे. लौटने के क्रम में जरियाडीह के पास उसकी कार को एक अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया.जिससे यह घटना घटी. इधर लोहरदगा के कुडू थाना क्षेत्र के कुडू-लोहरदगा मुख्य पथ पर कड़ाक पुलिया के समीप हाइवा तथा स्कूटी की भिड़ंत में एक नाबालिग सहित दो छात्रों की मौत हो गई. एक छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिले कुडू सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया.बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के हेंजला कालीपुर निवासी दो छात्रों नवीन यादव तथा ज्योतिष किंडो चंदवा थाना क्षेत्र के बेतर नावाटांड निवासी मयंक कुमार सिंह लोहरदगा से स्कूटी से कुडू आ रहे थे. कुडू से चिप्स लोड कर लोहरदगा की तरफ जा रही हाइवा नम्बर जेएच 01 बीटी 3100 से कड़ाक पुलिया के समीप भिड़ंत हो गई. इसमें एक युवक ज्योतिष किंडो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि इलाज के क्रम में नवीन यादव ने दम तोड़ दिया. गम्भीर रूप से घायल मयंक कुमार सिंह को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है.

दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर थाना ले आई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# दुर्गा सोरेन विवि और जैन विवि विधेयक सदन से पारित



छाया : नसीम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा से मंगलवार को दुर्गा सोरेन विश्वविद्यालय और जैन विश्वविद्यालय विधेयक पारित हुआ। पारित होने के पूर्व दोनों विधेयक पर विधायक विनोद सिंह, मनीष जयसवाल, अमित मंडल, अनंत ओझा, बिरंची नारायण और अमर कुमार बावरी ने सांगोपांग विचार के लिए प्रवर समिति में भेजने का आग्रह किया था लेकिन यह मांग खारिज हो गयी। विधायक विनोद सिंह ने कहा कि सरकार सदन से निजी विश्वविद्यालयों को खोलने की अनुमति देती है लेकिन इनके द्वारा सरकार के मापदंड को पूरा नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि पिछले सत्र में अरका जैन विश्वविद्यालय विधेयक के समय मुख्यमंत्री ने निजी विश्वविद्यालय की जांच को लेकर स्पीकर से एक कमेटी बनाने का आग्रह किया था। उस कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद ही नए निजी विश्वविद्यालय को खोलने की अनुमति दी जाय। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि पहले भी सदन से निजी विश्वविद्यालय को खोलने की अनुमति दी गयी है लेकिन वे अप टू मार्क नहीं हैं। दो कमरे में विश्वविद्यालय चल रहे हैं। विधायक अमित मंडल ने कहा कि स्पीकर ने निजी विश्वविद्यालयों की जांच के लिए झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी की अध्यक्षता में कमेटी बनाई है उसका रिपोर्ट आ जाय तब नए निजी विश्वविद्यालय को खोलने की अनुमति दी जाय। उन्होंने कहा कि अबतक स्थानीयता परिभाषित नहीं हुई है ऐसे में निजी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत आरक्षण का पालन निजी विश्वविद्यालयों में होगा या नहीं, इसे लेकर संदेह बना रहेगा। विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि निजी विश्वविद्यालय सर्टिफिकेट बेचने का अड्डा बन गया है। विधायकों के सवालों के जवाब में प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड में उच्च शिक्षा का नामांकन दर 17 प्रतिशत है जबकि राष्टीय दर 23 प्रतिशत है। ऐसे में निजी विश्वविद्यालय के खुलने से हम राष्ट्रीय दर तक पहुंच सकते हैं। दुर्गा सोरेन विश्वविद्यालय को शिवम ट्रस्ट के द्वारा खोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी राज्य में 16 निजी विश्वविद्यालय चल रहे हैं। सरकार ने सभी विश्वविद्यालयों की जांच कराई है। दो विश्वविद्यालय सरकार के मापदंड का पालन नहीं कर रहा है। अगली कैबिनेट में इन दोनों की मान्यता रद्द की।

# सरहुल की तैयारी जोरों पर, 24 को निकलेगी शोभायात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रकृति पर्व सरहुल की तैयारी जोरों पर है। इसको लेकर झारखंड के विभिन्न इलाकों में सरना स्थल व अखड़ा की सफाई की जा रही है। रांची शहर सरना झंडों से पट गया है। लोगों में खासा उत्साह है। 23 मार्च को विधि-विधान से उपवास, जल रखायी, पारंपरिक पूजा के बाद भविष्यवाणी होगी। यह भविष्यवाणी सरना धर्मावलंबियों के नव वर्ष के लिए होगी। इसमें अच्छी वर्षा के साथ बेहतर फसल की कामना होगी। 24 मार्च को 300 से अधिक अखड़ा से शोभायात्रा निकलेगी, जो सिरमटोली सरना स्थल तक पहुंचेगी। पारंपरिक वेशभूषा, वाद्ययंत्र और सरहुल गाते हुए लोग शोभायात्रा में शामिल होंगे। वहीं, 25 मार्च को फूलखोंसी के साथ सरहुल पर्व का समापन होगा। चैत द्वितीया यानी 23 मार्च से सरहुल के धार्मिक अनुष्ठान शुरू होंगे। सरना स्थल पर विशेष पूजा होगी। दिन युवक और पाहन मिलकर तलाब, खेत व नदी से केकड़ा और मछली पकड़ कर लाते हैं। इन्हें अरवा धागा से बांधकर सुरक्षित रख दिया जाता है। हतमा सरना स्थल के जगलाल पाहन ने बताया कि जब धान की बुआई की जाती है, तब इनका चूर्ण बनाकर गोबर में मिलाया जाता है और धान के साथ बोया जाता है। इसके पीछे की मान्यता है कि जिस तरह केकड़े के असंख्य बच्चे होते हैं, उसी तरह धान की बालियां भी असंख्य होंगी। इसी दिन शाम में नदी व तालाब से दो घड़े में पाहन और सेंघारा पानी भरकर सरना स्थल पर रखेंगे। पानी के घड़े में अरवा चावल और सखुआ के फूल भी डाले जायेंगे। पवित्र सरना स्थल पर



पारंपरिक विधि-विधान के साथ पांच मुर्गा-मुर्गी को सिंदूर, घुवन, दिया दिखाकर और अरवा धागा से बांध कर रख दिया जायेगा। जगलाल पाहन ने सरहुल के बारे में बताया कि प्राचीन काल में जब हमारे पूर्वज जंगल में विचरण करते थे तब दिनभर विचरण के बाद शाम को विश्राम का ठिकाना ढूंढ़ा जाता था। इस क्रम में जंगल में मिलने वाले कंद-मूल और जानवर का शिकार कर भोजन करते थे। ऐसे में जंगल में बहुतायत में पाये जाने वाले साल यानी सखुआ वृक्ष के नीचे आश्रय बनाते थे। साल के वृक्ष को आकार में बड़ा और सुरक्षित माना गया। पेड़ का तना यानी धर लोगों को विभिन्न मौसम से बचाव करता था। साथ ही जंगली जानवरों से सुरक्षा देता था. इसके अलावा साल वृक्ष की डाली, फल और फूल को जीवनयापन में उपयोगी पाया। फल से बनने वाले सरये तैयार कर सखुआ के पत्ते में खाते थे। पतली डालियां जलावन में और मोटी डाली आश्रम तैयार करने में इस्तेमाल होने लगे। साल के वृक्ष हर परिस्थिति में उपयोगी होने के कारण पूर्वजों ने इसे पूजना शुरू कर दिया। यह कारण है कि सरहुल के दिन साल वृक्ष के साथ प्रकृति की पूजा की जाती है। प्रकृति के इस पर्व के लिए रांची शहर के बाजार इन दिनों सरहुल झंडे से पटे हैं। बाजार में 30 इंच से लेकर 30 फीट के सरहुल झंडे मिल रहे हैं। सबसे ज्यादा मांग एक मीटर वाले सरहुल झंडे की है। इसकी कीमत 30 रुपये से शुरू है। वहीं, शहर के विभिन्न बड़े अखड़ा के लिए पांच फीट से लेकर 30 फीट तक के सरहुल झंडे तैयार किये गये हैं। इनकी कीमत 300 रुपये से 2000 रुपये तक है।

# 40 लाख का विदेशी शराब जब्त

**प्रभात मंत्र संवादाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब की पेटी से लदा एक ट्रक जब्त किया है.ट्रक से अंग्रेजी शराब की 600 पेटी बरामद हुयी है.जिसका बाजार मूल्य लगभग 40 लाख रुपये बताया जा रहा है.

कयास लगाया जा रहा है कि बरामद अवैध अंग्रेजी शराब ट्रक से बिहार जा रहा था.मिली जानकारी के अनुसार 19 मार्च के रात को एक ट्रक बैक करने के क्रम में विश्रामपुर के हरिजन मुहल्ला के पास एक नाली में फंस गया.दो दिनों तक ट्रक नाली में फंसा रहा.जिससे लोगो मे शंका हुयी.20 मार्च की रात विश्रामपुर पुलिस ने ट्रक के अंदर जा कर जांच किया.ट्रक डाल के ऊपर-ऊपर बादाम व मुरही का बोरा लदा



हुआ था.जब बादाम व मुरही का बोरा हटाया गया तो नीचे से शराब की पेटियां बरामद हुई.पुलिस ने तत्काल शराब व ट्रक को जब्त कर लिया.

पूछ-ताछ के क्रम में पता चला कि चालक रास्ता भटक कर हरिजन मुहल्ला की ओर चला गया था.ट्रक को विश्रामपुर-इटको पथ से गुजरते हुये औरंगाबाद के रास्ते से बिहार जाना था.रास्ता भटकने की जानकारी मिलने पर चालक ट्रक को बैक करने लगा तो,ट्रक का पहिया नाली में चला गया और फंस गया.विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि ट्रक चालक व ट्रक मालिक सहित कई अन्य अज्ञात लोगो पर प्राथमिकी दर्ज करते हुये अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है.

# शहर थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर शहर थाना परिसर में मंगलवार की शाम में रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ राजेश कुमार साह एवम विजय ओझा ने कार्यक्रम का संचालन किया बैठक में रामनवमी त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में एसडीओ राजेश कुमार साह एवं डीएसपी ऋषभ गर्ग ने पलामूवासियों को रामनवमी की अग्रिम बधाई देते हुये पर्व आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि रामनवमी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिये पुलिस प्रशासन तत्पर है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अफवाह पर ध्यान नहीं देने एवं किसी प्रकार की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन को सूचित करने को कहा। शांति समिति की बैठक में मुख्य रूप से सीओ जे के मिश्रा, उपमहापौर मंगल सिंह, महावीर नवयूवक दल जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर, मोहर्रम इंतजामया कमेटी के खलीफा जीशान खान, दिनेश गिरी दुर्गा जौहरी बिट्टू पाठक बबलू गुप्ता, प्रभात उदयपुरी, नागेंद्र कुमार नागिन, सोमेश सिंह, संजय सिंह उमेश, प्रभात अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राजकुमार बर्मन, दीपू चौरसिया श्याम जी चौधरी सुरेश कुमार टाम, राजू चंद्रवंशी अशोक गिरी मुन्ना कुमार लल्लू रामनरेश स्वर्णकार संतोष गुप्ता अरविंद गुप्ता अजीत सिन्हा रंजित चंद्रवांसी पंकज शर्मा ऋ षि अग्रवाल एवं काफी संख्या में रामनवमी समिति के सदस्य एवं मोहर्रम इंतजाम या कमेटी के सदस्य इस बैठक में मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर के नीचे दबने से आठ वर्षीय बालक की मौत, एक घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** थाना के चंदनी पंचायत टोला कुशवादामर में ट्रैक्टर टाली के टायर के नीचे आ जाने से 8 वर्षीय नाबालिक का मौत हो गया। वही मृतक का भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घर वाले ने बताया गांव के ही परीखा राम का ट्रैक्टर घर से खरौंधी बाजार की ओर जा रही थी। उक्त ट्रैक्टर पर मृतक बीटू कुमार तथा उसका भाई अरविंद कुमार बैठ थे। मोड़ पर ही बीटू कुमार तथा अरविंद कुमार ट्रैक्टर से गिरकर ट्रॉली के नीचे चला गया। जिससे दोनों भाई बुरी तरह से घायल हो गया। दुर्घटना को देख ग्रामीण ट्रैक्टर के पास दौड़े। ग्रामीणों के सहयोग से घायल को अस्पताल पहुचाया गया। जहां डाक्टरों ने गम्भीर स्थिति को देखते हुए भवनाथपुर भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने 8 वर्षीय बीटू कुमार को मृत घोषित कर दिया।

## एमवीआई ने हुसैनाबाद में चलाया चेकिंग अभियान नौ वाहन को किया जब्त

**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना के पटेल चौक स्थित मंगलवार को मोटर वाहन निरीक्षक पलामू रंजीत कुमार मरांडी ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें चार टेम्पू,चार पिकअप वैन, व एक ट्रैक्टर को जप्त किया इस सबंध में श्री मरांडी ने बताया कि सरकार व वरीय पदाधिकारीयो निर्देश पर पलामू जिले के हर थाना में लगातार इस तरह का अभियान चलाया जा रहा हैं पूर्व में जपला में लगातार चेकिंग चलाया गया था एवं चेतावनी भी दिया गया था वाहन मालिक अपने गाड़ी सभी कागजात, ड्राविंग लाइसेंस, परमिट, इन्सुरेंस, आदि सभी दस्तावेज फूल फिटनेश के साथ रखें आगे उन्होंने बताया कि आज कुल नौ गाड़ी जप्त किया गया हैं जिसमे कुछ गाड़ी को कागजात चेक करने के बाद फाईन के बाद छोड़ दिया गया वही आगे यह अभियान जारी रहेगा मौके पर गुंजन सिंह और हुसैनाबाद थाना के बल उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद हरही नदी रेल पुल के समीप कुआं से युवक का शव बरामद



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना के हरही नदी पुल के समीप रेलवे के पंपूकुआं से पुलिस ने एक युवक का बरामद किया है शव की पहचान हुसैनाबाद के भट्ठी मुहल्ला मनोज पाल के रूप में शिनाख्त हुआ है शव को कुआं में होने की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कुएं से बाहर निकल कर अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम हेतु हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया इस घटना के संबंध में हुसैनाबाद पुलिस गहनता से छान बीन में जुट गई है समाचार लिखे जाने तक घटना कैसे घटी इसकी पुष्टि नहीं हो सकी थी।

# प्रखंड कार्यालय केतार के बड़ा बाबू ने की 20 सूत्री सदस्य के साथ दुर्व्यवहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** प्रखंड कार्यालय केतार के बड़ा बाबू सिदेश्वर नाथ सिंह का शिकायत चेचरिया निवासी 20 सूत्री सदस्य सुनील राम ने बीडीओ मुकेश मछुआ से किया है। दिए गए आवेदन में उलेख किया है की मंगलवार को मैं 20 सूत्री कार्यालय में बैठ कर आवश्यक कार्य कर रहे थे तभी नशे में धुत प्रखंड कार्यालय के बड़ा बाबू सिदेश्वर नाथ सिंह वहा पहुचे और मुझे 20 सूत्री कार्यालय से भाग जाने को कहने लगे जब मैं उनसे कारण पूछा तो उन्होंने मेरे साथ दुर्व्यवहार किया। साथी हु हल्ला सुन वहा प्रखंड कर्मी पहुंचे इस पर उन्होंने उन कर्मियो के साथ भी दुर्व्यवहार किया। वही उक्त सदस्य ने कहा कि यह बड़ा बाबू हर दिन शराब पीकर कार्यालय आने का काम करता है और आये दिन ग्रामीणों एवं कार्यरत कर्मियों के साथ नोक झोंक एवं दुर्व्यवहार करते नजर आता है। इस पर केतार 20 सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, नागेन्द्र ठाकुर, नेहानचल यादव, सहित अन्य सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ के अनुपस्थिति में जनसेवक राजीव कुमार को पत्र सौंपा है और तत्काल उचित कानूनी कार्यवाई करने की मांग किया है।

# नवाहपरायण महायज्ञ को लेकर रेहला में निकला भव्य कलश शोभा यात्रा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला में श्रीरामचरित मानस नवाहप्रयान महायज्ञ सह सत्रहवा मानस महाअधिवेशन को लेकर 501 कलश के साथ भव्य शोभायात्रा निकला गया। कलश शोभा यात्रा की शुरुआत रेहला (गढ़वा रोड) स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा योगीबीर देव स्थल प्रांगण से हुआ। कलश शोभा यात्रा को स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, वरीय भाजपा नेता डॉ बी पी शुक्ला,यज्ञाचार्य बृंदावन पाठक, मानस कथाकार मारूति किंकर जी महाराज व महायज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से भगवा झंडा दिखा कर रवाना किया। कलश शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ रेलवे स्टेशन, थाना चौक होते कोयल नदी तट पहुचा जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया। इसके बाद पूरे नगर भ्रमण करते हुये यात्रा वापस योगिबिर बाबा यज्ञशाला परिसर पहुंचा। जहां पूरे विधि विधान से कलश की स्थापना करायी गयी। कलश शोभा यात्रा में निवर्तमान वार्ड पार्षद मुन्नी देवी, समाजसेवी ज्वाला गुप्ता,पंकज मिश्रा,आलोक पाठक, श्रीकांत शास्त्री, कृष्णमुरारी सिंह, संजू सिंह, गुरहा कला मुखिया राधकृष्ण साव, छोटन सिंह,नीरज सिंह, रविशंकर तिवारी, मंगल गुप्ता, युवा नेता विवेक शुक्ला ढुल्लू, रामनाथ कश्यप, राजू सिंह, उमेश सोनी, विजय शंकर गुप्ता, बबलू गुप्ता, राजेश गुप्ता, पिंटू दादा, मिठू सेठ, संतोष कुमार, कार्तिक सिंह,रवि गुप्ता, लालू गुप्ता, रवि केशरी, उमेश चौधरी, बिनोद सिंह सहित दर्जनों गांव के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

## नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री रामकथा का किया जायेगा आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के चितविश्राम ग्राम में वासंतिक नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री रामचरितमानस सेवा समिति के तत्वावधान में 22 मार्च से 30 मार्च तक श्री रामकथा का आयोजन किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुये कमलेश पांडेय ने बताया कि बिहार के भोजपुर की संगीतमयी श्री रामकथा वाचिका मानस प्रिया सुमित्रा देवी के मुखारविंद से कथा होगी। उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी।

## रमना में दोपहर के समय बारिस के साथ ओलावृति, फसलों को हुआ नुकसान



**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार के दोपहर अचानक बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। ओलावृष्टि करीब 10 मिनट तक होता रहा। किसान मौसम पुर्वानुमण मे चैत माह में बारिश होने से फसल के क्षति होने से परेशान तो थे ही अब ओलावृष्टि से किसानों की रवि फसल, गेंहू आम, महुआ, दलहन, तेलहन के फसल को भी भारी नुकशान पहुंचा है।भी पूरी तरह से नष्ट हो गए है। यहां तक कि ओलावृष्टि के कारण कइयों के घरों के एडवेस्टस सीट का छज्जा टूट गया। जबकि बड़े-बड़े आसमान से ओला गिरने पर घरों के बाहर खड़े चार चक्का वाहन के छज्जा भी जगह-जगह दब गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो ओलावृष्टि काफी मात्रा में गिरने के कारण सड़क व आंगन में सफेद बर्फ से पट गया था। वहीं किसानों के खेतों में लगा रवि फसल भिडी, खीरा, कद्दू, प्याज, गेहूं, चना आदि बुरी तरह से नष्ट हो गई है। ओलावृष्टि से आम व महुआ के मंजर को भी भारी नुकसान पहुंचा है। साथ ही आकाश से ओला गिरने से बेजुबान जानवर घायल हो गए है। ओलावृष्टि का सर्वाधिक असर रमना के मड़वनिया, कोरगा, भागोडीह, दुधवनिया, गम्हरिया सहीत कई इलाकों मे देखा गया।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद की बैठक डाक बंगला परिसर में सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद की बैठक मंगलवार को डाक बंगला परिसर में गणेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों ने जंगली जानवरों, असमय हुई वर्षा व ओलावृष्टि से रवि फसलों के हुये नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुये सरकार से किसानों के फसलों को हुये नुकसान की जांच कराकर उसकी भरपाई करने की मांग किया। सदस्यों ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना तथा सुखाड़ राहत योजना में व्याप्त धांधली की जांच कराने की मांग भी किया.बैठक में सर्वसम्मति से केन्द्र की मोदी सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जनमत तैयार करने के लिये पदयात्रा व सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला सचिव राजकुमार राम, कार्यकारी सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला, नौरंगी पाल, खलील खां, रामनाथ उरॉव, विद्या पासवान, राजकुमार भुइयां, अयोध्या यादव, नगीना राम, गोपाल यादव, रामविजय सिंह, किशुन उरॉव सहित अन्य उपस्थित थे।

# बिश्रामपुर में दिव्यांगों को दिया गया ट्राई साइकल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को दिब्यांगो के बीच ट्राई साइकल का वितरण किया गया.ट्राई साइकल का वितरण बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम व जिला पार्षद विजय रविदास ने संयुक्त रूप से किया। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदो तक पहुंचाया जा रहा है। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि बगैर किसी भेद भाव के हर सरकारी योजना का लाभ लोगों तक पहुंचाना सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। मौके पर उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह सहित कई पंचायत प्रतिनिधि व प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## प्रखंड में राम नवमी पर्व की तैयारी पूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रमना :** प्रखंड मुख्यालय सहीत आसपास के ग्रामीण इलाकों में रामनवमी पर्व की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मुख्यालय सहीत आसपास के इलाकों में भगवान राम और हनुमान की तस्वीर से युक्त होर्डिंग और भगवा झंडा लगाए गए हैं। जगह-जगह सड़कों के किनारे महावीरी झंडा लहरा रहे हैं। मुख्यालय के श्री सीताराम मानस मंदिर मे रामनवमी पर्व को लेकर मुख्य आयोजन किया गया है जबकि शहीद भगत सिंह चौक, मड़वनिया, सिलीदाग, रोहिला, परसवान, बुलका, बहीयार मोड़ सहित कई इलाकों मे बड़े पैमाने पर रामनवमी पर्व का आयोजन किया जा रहा।पर्व को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा महावीरी झंडा लगाया गया हैं। झंडों में पवन पुत्र हनुमान के विभिन्न रूपों को दर्शाने का काम किया गया है। मुख्यालय के मुख्य पथ, बजार, गुलहरी बांध सहीत सभी गली-मुहल्ला भगवामय हो गया है।श्री सीताराम मानस मंदिर के प्रबंधक श्री श्री 108 श्री बाबा रामजी दास ने रामनवमी पर्व आयोजन को लेकर बताया कि रामनवमी पर्व को लेकर बुधवार के प्रातःभव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होगा जो सुखड़ा नदी से जल उठाकर पुनःमंदिर परिसर मे पहुंचेगा।कलश स्थापना के बाद प्राण प्रतिष्ठा,पूजा और मानस पाठ किया जाएगा। रामचरित्र मानस का नियमित पाठ होगा। रामनवमी को सरकारी दिशानिर्देश के तहत भव्य जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस आरंभ होने के पहले श्री सीताराम मानस मंदिर परिसर में महाबीरी झंडा की पूजा की जाएगी। वहां से झंडा जुलूस के साथ मुख्य पथ, बजार, स्टेशन रोड़, विशुनपुरा रोड़ भगत सिंह चौक होते वापस मंदिर परिसर पहुंच कर विसर्जित हो जाएगा।


## मानसिक प्रताड़ना से महिला हुई हार्टअटैक की शिकार



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भवनाथपुर में महिलाओं के लिए संचालित समूह भारत फाइनेंस के कर्मचारी द्वारा सोमवार को फोन पर एक महिला के साथ गाली गलौज एवं उसका मानसिक शोषण किये जाने से उक्त महिला हार्ट अटैक की शिकार हो गई। उसे तत्काल ईलाज हेतु भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मामला थाना क्षेत्र के धंगरडीहा गांव का है। उक्त महिला के साथ पहुंची एक महिलाओं ने बताया कि धंगरडीहा निवासी राजकपूर विश्वकर्मा की पत्नी निर्मला देवी भवनाथपुर में संचालित भारत फाइनेंस कम्पनी से ऋण ली हुई थी, जिसकी नियमित रूप से वह ऋण का साप्ताहिक किस्त भी भर रही थी। उक्त कम्पनी का सोमवार को महिला समूह द्वारा ऋण की किस्त भरने का समय निर्धारित था, लेकिन निर्मला देवी किसी कारणवश समय से ऋण का किस्त लेकर समूह में नही पहुंच सकी। इस पर पैसा लेने पहुंचे भारत फाइनेंस का एजेंट द्वारा उसके फोन पर उसे गंदी गंदी गालियां देने लगा तथा एजेंट द्वारा कहा गया कि तुम जब किस्त नही भर सकती तो लोन क्यों ली थी, मुझे अभी पैसा चाहिए चाहो तो तुम अपना शरीर का खून या जिस्म बेचकर कंपनी का पैसा भरो। उक्त एजेंट की इस अभद्र व्यवहार से महिला को एकाएक सदमा लगा और हार्ट अटैक आ गया जिससे वह गिर प?ी। वहीं बगल में वन विभाग के नर्सरी में मौजूद वनकर्मी राहुल सिंह ने अन्य महिलाओं की मदद से उसे ईलाज हेतु तत्काल स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहाँ उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। भारत फाइनेंस के कर्मचारी की इस करतूत से आक्रोशित महिलाओं ने उक्त कर्मचारी के विरुद्ध स्थानीय थाने में लिखित शिकायत करने की बात कही।

# अगामी 22 मार्च को दिल्ली में जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना के लिए हुसैनाबाद के पीडीएस डीलर रवाना

## 3 दिनों बंद रहेगी जन वितरण प्रणाली की दुकान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** अगामी 22मार्च को दिल्ली में जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना के लिए हुसैनाबाद के पीडीएस डीलर सोमवार के रात्रि में रवाना हुए सनद रहे कि केंद्र सरकार के द्वारा फ्री राशन योजना जनवरी 2023 को लागू होने के बाद डीलरो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसे लेकर हुसैनाबाद प्रखंड के सभी डीलर ऑल इंडिया प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन के नेतृत्व में आगमी 22 मार्च को दिल्ली के जंतर मंतर के पास धरना प्रदर्शन करेंगे। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर हुसैनाबाद प्रखंड से डीलरों की टीम सोमवार को रात्रि में रवाना हो गई है। जिसके कारण जन वितरण प्रणाली की दुकान 21 मार्च से 23 मार्च तक बंद रहेगा। जिसकी सूचना ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन के नेतृत्व में संबंधित वरीय अधिकारियों को दे दी गई है। इसकी जानकारी देते हुए हुसैनाबाद प्रखंड उपाध्यक्ष मिथलेश राम ने कहा कि सभी डीलर भुखमरी के कगार पर हैं। भारत के सभी पीडीएस डीलर भारत सरकार के द्वारा फ्री राशन योजना जनवरी 2023 को कार्यान्वित की जा रही है। जिसका सभी डीलरों के द्वारा अनुपालन किया जा रहा है। जो स्वागत योग्य भी है। कहा कि भारत सरकार एक ओर 81 करोड कार्डधारकों को खुशहाली का तोहफा दी है। जिसके तहत प्रत्येक डीलर मानव सेवा समझ कर कार्डधारकों को प्रतिदिन अनाज बाट रहे है ताकि कोई भी कार्डधारक भूखा न रह सके। वहीं दुसरी तरफ सरकार 5 लाख पीडीएस डीलरों को एक दैनिक मजदूर के मुताबिक वेतन नहीं दे रही है। जबकि सभी डीलरों के साथ केन्द्र व राज्य सरकार का एक अहम कड़ी है। भारत के सभी डीलरो के साथ भारत सरकार व राज्य सरकार दोनों के द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। इस के विरुद्ध हुसैनाबाद प्रखंड के सभी पीडीएस डीलर काम के एवज में मजदूरी नहीं मिलने से संघ के आह्वाहन पर 22 मार्च को जंतर मंतर पर अपनी मांगों के लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

# उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्तिथ अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में नावाबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम इटको निवासी जयप्रकाश प्रजापति ने उपायुक्त से शिकायत किया कि नावा बाजार के अंचल पदाधिकारी द्वारा वंशावली प्रमाण पत्र निर्गत नही किया जा रहा है। इसी तरह लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम महरजा निवासी श्रवण कुमार साहू ने उपायुक्त से अपनी कृषि भूमि क्षेत्र में गहरी डीप बोरिंग करवाने का अनुरोध किया। इसी तरह जनता दरबार में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के मंतोष कुमार सहित कई क्षेत्र के लोगों ने उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास एवं भीमराव अंबेडकर आवास दिलाने का अनुरोध किया। इसी तरह हरिहरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत सलैया के ग्रामीणों ने उपायुक्त से राजकीय मध्य विद्यालय सलैया हरिहरगंज में हो रही अनियमितता की शिकायत की। इसी तरह खनवां पंचायत के बिजय कुमार महतो और मोहम्मदगंज के शिला कुमारी ने उपायुक्त से केसीसी लोन माफ करने का अनुरोध किया। इसी तरह ग्राम मंझौली के पूनम कुमारी ने उपायुक्त से आंगनबाड़ी सेविका पद के चयन में भारी गड़बड़ी होने की शिकायत की। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन ह?पने,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## भैंस चराने के क्रम में वज्रपात से अधेड़ व्यक्ति की हुई मौत

**मेदनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला के नौडीहा बाजार प्रखंड क्षेत्र के डगरा पंचायत अंतर्गत अंताकाल निवासी करू यादव उम्र 60 वर्षीय के भैस चराने के क्रम मंगलवार को दोपहर के बाद लगभग 4:30 बजे के आस पास में हलके-फुल्के बारिश के साथ वज्रपात हुई जिसमें इनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई वही मौजूद जानवर बाल-बाल बच गया। इस घटना की खबर ग्रामीणों ने घरवालों के बताया तो घर वालों की रो -रो कर बुरा हाल है वही ग्रामीणों ने नौडीहा बाजार थाना को सूचना दिया सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमन कुमार ने शव को कब्जे में ले लिया। शाम होने के कारण शव को अंत्यपरीक्षण के लिए नहीं भेजा है कल सुबह अंत परीक्षण कराने की बात शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

**संक्षिप्त खबरें**

## भारतीय नववर्ष पर आज होगा दीपदान

**रांची** : रांची में हर वर्ष की भांति इस बार भी भारतीय नववर्ष चैत्र प्रतिपदा के दिन बुधवार की सुबह बड़ा तालाब में सूर्य मंदिर के समक्ष दीपदान का कार्यक्रम होगा। यह आयोजन संस्कृति संवर्द्धन समिति झारखंड के तत्वावधान में होगा । समिति के अध्यक्ष शहर के प्रसिद्ध सर्जन डॉक्टर एमपी सिंह ने बताया कि 22 मार्च की सुबह प्रार्थना एवं भजन के साथ कार्यक्रम आरंभ होगा। इसके बाद चिन्मय मिशन आश्रम के स्वामी परिपूर्णानंद जी नव वर्ष कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को अपना आशीर्वचन देंगे। डॉ सिंह ने बताया कि सूर्योदय होते ही बड़ा तालाब में दीपदान कर भगवान सूर्य की आरती होगी। इस अवसर उन्होंने सनातन समाज से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में दीपदान कार्यक्रम में शामिल होकर भारतीय नववर्ष की खुशियां मनाएं।

## सीसीएल सीएमडी मिले राजपाल से

**रांची।** राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मंगलवार को सी.सी.एल. के प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पी.एम. प्रसाद ने राज भवन में भेंट की। इस मौके पर सीसीएल के कार्यों के बारे में भी राजपाल को अवगत कराया गया।

## डोरंडा में होने वाली संध्या आरती में शामिल होंगे इरफान

**रांची।** केंद्रीय महावीर मंडल डोरंडा, रांची के प्रतिनिधिमंडल ने जामताड़ा के लोकप्रिय विधायक डॉ. इरफान अंसारी से मिलकर डोरंडा में होने वाली संध्या आरती में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया।केंद्रीय महावीर मंडल के निमंत्रण को डॉ. इरफान अंसारी ने पूरी आत्मीयता से स्वीकार करते हुए महावीर मंडल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा की इस स्नेहपूर्वक आमंत्रण के लिए केंद्रीय महावीर मंडल डोरंडा का शुक्रगुजार हूं। संध्या आरती में सम्मिलित होकर राज्य और देशवासियों की खुशहाली हेतु प्रार्थना करूंगा।

# सदन में भाजपा विधायकों ने लगाया जय श्री राम के नारे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

रांची : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को हजारीबाग की रामनवमी में लगाए गए प्रतिबंधों को लेकर सदन के अंदर और बाहर भाजपा विधायकों ने जय श्री राम के नारे लगाए और प्रदर्शन किया। हंगामे के कारण स्पीकर रवीन्द्रनाथ महतो ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी थी। इसके बाद जब दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो भाजपा के विधायक वेल में आकर हंगामा करने लगे। हजारीबाग में रामनवमी पर जिला प्रशासने के दिशा-निर्देशों का भाजपा विधायक विरोध कर रहे थे। स्पीकर बार-बार विधायकों से सीट पर बैठने का आग्रह करते रहे लेकिन हंगामा जारी रहा। हंगामे के बीच स्पीकर ने शून्यकाल की कार्यवाही शुरू की।

कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कहां पर रामनवमी मनाने पर रोक लगी है। क्या राम जी ने इनको सपने में आकर कहा है। बिना डीजे के भी जुलूस निकल सकता है। क्या भगवान ने कहा है कि डीजे बजाकर ही जुलूस निकाला जाय। हजारीबाग के विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि ये गूंगी बहरी सरकार है और केवल वोट बैंक का राजनीति कर रही है। सरस्वती पूजा में भी ऐसा हुआ था। अब रामनवमी में भी ऐसा किया जा रहा है। हजारीबाग डीसी ने प्रेस कांफ्रेंस का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि लाउडस्पीकर, ताशा, ढोल-बाजे और गाना बजाने की अनुमति है लेकिन चलंत डीजे नहीं बजा सकते हैं। जब आपने गाना बजाने की अनुमति दे दी है तब आपको डीजे बजाने देने से क्या चिढ़ है। कहीं न कहीं यह दूसरे समुदाय को खुश करने की कोशिश है। ये हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस पर विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि भगवान श्री राम के ऊपर राजनीति नहीं होनी चाहिए। जबसे झारखंड में जेएमएम कांग्रेस और राजद के गठबंधन वाली सरकार आई है तब से हर वर्ष हजारीबाग में आयोजित होने वाले रामनवमी के जुलूस पर अलग-अलग तरह से प्रतिबंध लगाकर हिंदुओं को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जो भाजपा कभी उन्हें नहीं देगी। विधायकों ने हजारीबाग में आयोजित होने वाले हैं विश्व प्रसिद्ध रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान डीजे नहीं बजाने और वृहद स्तर पर पर जुलूस न निकालने के सरकार के आदेश को अविलंब रद्द करने की बात कही।

### सदन में सुदेश महतो ने बेरोजगारी भत्ता का मामला

**रांची** : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को आजसू विधायक सुदेश महतो ने कहा कि 2021-22 के बजट में स्नातक पास बेरोजगारों को सालाना 5000 और स्नातकोत्तर पास बेरोजगारों को सालाना 7000 बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की गई थी। मौजूदा वित्तीय वर्ष में इसके लिए 146 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है।

विभाग की ओर से सवाल का जवाब अस्वीकारात्मक दिया गया। इस पर सुदेश महतो ने कहा कि श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता बताएं कितने लोगों को सरकार ने बेरोजगारी भत्ता दिया है। भोक्ता ने कहा कि 2020-21 में नियोजन सेवा का विस्तार करने के लिए 12320 लाख का बजट रखा गया था जो प्रत्यर्पित कर दिया गया। मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत 8766 लाखों रुपये का बजट रखा गया था, उसे भी प्रत्यर्पित कर दिया गया। चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा उड़ान योजना, मुख्यमंत्री युवा सामर्थ्य योजना और मुख्यमंत्री प्रतिभा प्रोत्साहन योजना में कुल 8322 लाख की राशि का बजटीय उपबंध किया गया था। उसे भी प्रत्यापित करते हुए नई योजना मुख्यमंत्री सारथी योजना को शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जो एक अप्रैल 2020 से शुरू होगी।

सुदेश महतो ने कहा कि सरकार तीन साल तक सिर्फ योजनाओं का नाम बदलती रही लेकिन एक भी युवा को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला। उन्होंने मंत्री से सारथी योजना के बारे में जानकारी मांगी। मंत्री ने बताया कि गैर आवासीय प्रशिक्षण पर जाने वाले बेरोजगार युवाओं को उनके घर से प्रशिक्षण केंद्र तक आने-जाने के लिए प्रतिमाह 1000 की राशि डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। प्रशिक्षण के बाद सफल अभ्यर्थियों को तीन महीने के अंदर रोजगार नहीं मिलने की स्थिति में अधिकतम एक साल तक प्रतिमाह 1000 रुपये दिए जाएंगे। युवतियों और दिव्यांगों को प्रतिमाह 1500 रुपये प्रोत्साहन भत्ता दिया जाएगा।

### शिल्पी नेहा तिर्की ने सदन में खतियानी त्रुटि का मामला उठाया

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत सदन में कहा कि खतियानी त्रुटि के कारण चीक-बड़ाईक समाज को प्रमाण पत्र बनाने में आ रही परेशानी। इसके लिए उच्चस्तरीय कमेटी बने। इसपर मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि प्रमाण पत्र निर्गत करने में सरलीकरण करने की जरूरत है। नए सर्टिफिकेट निर्गत करने के लिए सरकार प्रयास कर रही है।
विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने कहा कि धर्म के आधार पर जाति प्रमाण पत्र निर्गत हो रहा है। आवेदक से पैसे लेकर प्रमाण पत्र की अनुशंसा की जाती है।

### रांची में भाजपा विधायकों ने फिर किया विधानसभा के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन

रांची : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण में मंगलवार को फिर भाजपा विधायकों ने विधानसभा के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर भाजपा विधायक विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग में विश्व प्रसिद्ध रामनवमी की शोभायात्रा में डीजे नहीं बजाने और वृहद स्तर पर जुलूस नहीं निकालने का सरकारी आदेश हिंदू आस्था पर चोट है। सिंह ने कहा कि इस आदेश को सरकार तत्काल रद्द करे। सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम राजनीति से परे हैं। उन पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। झारखंड की झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार हिंदुओं की आस्था पर लगातार चोट कर रही है।

### मनीष जायसवाल ने सदन में कुर्ता फाड़ कर जताया विरोध



झारखंड विधानसभा में मंगलवार को हजारीबाग में रामनवमी पर डीजे प्रतिबंध और 500 लोगों पर एफआईआर दर्ज किए जाने के खिलाफ मनीष जायसवाल सदन में सरकार से इसे वापस लेने की मांग कर रहे थे। सरकार से जवाब नहीं मिलने से नाराज होकर वे वेल में पहुंच गए और स्पीकर के आसन में समक्ष सामने खड़े होकर अपना कुर्ता फाड़ दिया। मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग में पुलिस वाले लोगों को डरा धमका रहे हैं। डीजे वालों से सिग्नेचर करवा रहे हैं कि उन्हें डीजे नहीं देना है। उन्होंने कहा कि क्या इस राज्य में हिंदू होना अपराध है। सदन में भी हमें कोई संरक्षण नहीं मिलता है। क्या हम लोग तालिबान में रहते हैं। डीजे क्यों नहीं बजेगा क्या कोई तर्क है। उन्होंने कहा कि सदन में विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं मिल रहा है। नियोजन पर विरोध किया तो कार्यमंत्रणा समिति में यह बात आई कि इस मामले पर मुख्यमंत्री जवाब देंगे। अबतक नहीं आया। लगातार हमलोग रामनवमी के मामला उठा रहे हैं। निर्दोष पर दायर प्राथमिकी वापस लिया जाय।

### हिंदू इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे : भानु प्रताप शाही

भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि क्या हमलोग तालिबानी शासन में रह रहे हैं। हजारीबाग के बाद अब पलामू में भी ढोल-ताशा बजाने पर रोक लगा दी गयी है। हम हिंदू इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस पर प्रदीप यादव ने कहा कि हम भी राम के भक्त हैं, मगर राम के नाम पर ये लोग दंगा कराते हैं। राम के नाम पर ये लोग नाटक करते हैं।

### श्रम विभाग के लिए 985 करोड़ रुपये का अनुदान मांग पारित

रांची : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण में मंगलवार को भोजनावकाश के बाद सदन में श्रम विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा हुई। विपक्ष ने सरकार के जवाब का बहिष्कार किया। विपक्ष के बहिष्कार के बीच वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए श्रम विभाग के लिए 985 करोड़ रुपये की अनुदान मांग पारित हुई। चर्चा का जवाब देते हुए श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि हमारी सरकार रोजगार के नाम पर हाथी नहीं उड़ाती, बल्कि धरातल पर काम करती है। राज्य के 80 प्रखंडों में मुख्यमंत्री सारथी योजना अप्रैल महीने से शुरू की जा रही है। इसके तहत एक साल के लिए बेरोजगार युवकों को एक हजार रुपये प्रतिमाह और युवतियों को डेढ़ हजार रुपये प्रतिमाह दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 16 जुलाई को 11 हजार युवक युवतियों को रोजगार दिया। बंद पड़े आइटीआइ को चालू कराया। उन्होंने कहा कि नियोजन विधेयक पारित कर 75 प्रतिशत नौकरी स्थानीय को निजी क्षेत्र में देंगे। मजदूर हित में काम हो रहा है। मजदूरों की लाश लाने के लिए 50000 रुपये की व्यवस्था की। सभी जगहों से कोविड में मजदूर लाये गये।

### राज्य में बिजली की स्थिति खराब : ढुल्लू महतो

भाजपा विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि राज्य में स्थिति खराब है। दो-तीन घंटे बिजली रहती है। दो साल से 80 पावर ग्रिड शुरू नहीं हो पाये। कमी विभाग में है या सरकार की इच्छा शक्ति में। गर्मी आ रही, बिजली व्यवस्था सुधारें। पानी की समस्या दूर की जाये। सरकार जमीन पर काम नहीं उतार रही। रघुवर सरकार में तार गिरने पर एक घंटे में काम होता था, अब पांच-पांच दिन लग जाता है। ऊर्जा विभाग के अधिकारी मामले को देखें।

### प्रवासी मजदूरों के लिए देशव्यापी कानून बने : बिनोद सिंह

माले विधायक बिनोद सिंह ने कहा कि प्रवासी मजदूरों के लिए देशव्यापी कानून बने। झारखंड के कई मजदूर विदेशों में काम कर रहे हैं, उनका बीमा जरूरी है। न्यूनतम मजदूरी का कानून बने। सरकार खुद न्यूनतम मजदूरी नहीं दिला पाती।

### सुनीता चौधरी ने शिक्षित बेरोजगारों को भत्ता देने का मामला उठाया

रामगढ़ से नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी ने आज पहली बार सदन में अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य के शिक्षित बेरोजगारों को भत्ता देने की बात कही थी लेकिन किसी को भत्ता नहीं मिला। स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत नियोजन देने का वादा किया था। उन्हें नियोजन का मौका नहीं मिल रहा है।

# सीएम से मिलीं मिस यूनाइटेड नेशन्स अर्थ एंजेल मेरिना तिर्की

**प्रभात मंत्र संवददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को मिस यूनाइटेड नेशन्स अर्थ-2022 की विजेता एंजेल मेरिना तिर्की ने शिष्टाचार मुलाकात की।

उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि अगले महीने 19 से 28 तारीख तक मनीला (फिलीपींस) में आयोजित होने वाले क्वीन ऑफ इंटरनेशनल टूरिज्म- 2023 में वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।



मुख्यमंत्री ने उन्हें इस इवेंट में बेहतर परफॉर्मेंस और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि एंजेल मेरिना तिर्की रांची के नामकुम की रहने वाली हैं। उन्होंने बिशप वेस्टकाट स्कूल, नामकुम से मैट्रिक, सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची से इंटरमीडिएट और एमिटी यूनिवर्सिटी, झारखंड से ग्रेजुएशन की डिग्री ली हैं।

वह पिछले वर्ष मई में नई दिल्ली में आयोजित मिस यूनाइटेड नेशन्स अर्थ -2022 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए ताज हासिल की थी। एंजेल के पिता अल्फ्रेड तिर्की एक्स आर्मी मैन हैं।

# मानव के अन्दर निहित है परमात्मा की अलौकिक शक्ति, कुंडलिनी शक्ति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हमारा समाज बहुत ही विकसित हो चुका है। हम प्रतिदिन कामयाबी की नई सीढ़ियां चढ़ते जा रहे हैं। पर क्या हम सचमुच में इस कामयाबी से संतुष्ट हैं। वसुधैव कुटुंबकम् की बात करें तो यह केवल किताबी शब्दकोश तक ही सीमित रह गया है। परमात्मा की उस अलौकिक शक्ति को कुंडलिनी शक्ति के नाम से जाना जाता है। जिसे सहजयोग के माध्यम से केवल शुद्ध इच्छा करने से ही क्षण भर में ही प्राप्त किया जा सकता है। रांची में इस केंद्र का



संचालन पुष्पा मोहता, जुगल किशोर मारू, यतींद्र नाथ सिंह, हरिश बियानी,सुमित्रा उरांव, प्रोफेसर बी.बी.लाल के अलावा अन्य प्रबुद्धजनों के समन्वय से संचालित हो रहा है। सहज योग केंद्र के प्रवक्ता श्री राजेश सोमानी ने कहा कि मुख्य रूप से नशा-मुक्ति के लिए लोगों का झुकाव ध्यान केंद्र की ओर प्रतिदिन बढ़ रहा है। परम पूजनीय श्री माताजी निर्मला देवी के 100वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर विश्वभर में अनेकानेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इसी क्रम में दिनांक 21 मार्च को अपर बाजार स्थित गोविन्द भवन में परम पूजनीय श्री माताजी निर्मला देवी के 100वें जन्मदिन का भव्य आयोजन किया गया । सैकड़ों की संख्या में सहजयोगी भक्त झूमते नजर आये । ज्ञातव्य हो कि सहजयोग ध्यान केन्द्र का आयोजन प्रत्येक रविवार सुबह 10:30 बजे से अपर बाजार के गोविन्द भवन एवं चैतन्य भवन में एक साथ किया जाता है ।

# झारखंड हाई कोर्ट ने रांची डीसी से हिनू नदी के आसपास की भूमि का खतियान मांगा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में मंगलवार को रांची के विभिन्न जलशयों एवं तालाबों के अतिक्रमण से संबंधित मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने रांची डीसी से हिनू नदी के आसपास की भूमि का खतियान मांगा है। साथ ही अदालत ने रांची नगर निगम और सरकार से कांके डैम के आसपास अतिक्रमण हटाने के लिए उठाये गए कदमों की जानकारी मांगी है। अदालत अब तीन अप्रैल को याचिका पर सुनवाई करेगी। रांची के बड़ा तालाब और जिला के आसपास के जलस्रोतों को संरक्षित करने, इसके अलावा इसके आसपास हो रहे अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है। जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम व धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों ने हड़प ली है। वहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, जिसका काफी बुरा असर जलाशयों पर पड़ रहा है।

## मुख्यमंत्री ने रघुनाथ महतो की जयंती पर किया नमन



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को जल, जंगल, जमीन की रक्षा और अंग्रेज शोषकों के खिलाफ विद्रोह करने वाले चुआड़ विद्रोह के महानायक, वीर माटी पुत्र, अमर वीर शहीद रघुनाथ महतो की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अच्छी खबर : रांची से गोवा और देवघर के लिए 27 मार्च से विमान सेवा होगी शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची से जयपुर के लिए डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने इंडिगो एयरलाइंस को उड़ान भरने की अनुमति दे दी है। 26 मार्च से उड़ान शुरू करने की डेडलाइन है। जयपुर की सीधी विमान सेवा के लिए 180 सीटर एयरबस सप्ताह में रांची से तीन दिन, मंगलवार, गुरूवार और शनिवार को उड़ान भरेगा। विमान सुबह में 9:05 मिनट पर रांची पहुंचेगा और सुबह में ही 9-35 मिनट पर जयपुर के लिए उड़ान भरेगा। इसे इंडिगो 23 मई से शुरू करना चाहती है। हालांकि विमानन कंपनी ने कहा है कि डेट को लेकर अभी हेडक्वार्टर से नोटिफिकेशन नहीं आया है। वहीं रांची से गोवा के लिए 27 मार्च से विमान सेवा शुरू होगी। इसी दिन देवघर के लिए भी विमान उड़ान भरेगा। अभी तक रांची से गोवा के लिए 150 यात्रियों ने बुकिंग भी करा ली है। वहीं रांची से देवघर के लिए शुरू होने वाले 72 सीटर विमान में 44 यात्रियों ने बुकिंग कराई है। रांची से जयपुर को विमान से जोड़ने के लिए लंबे समय से मांग चल रही है। यहां के बिजनेसमैन जयपुर व्यवसाय के लिए जाते हैं। वहीं घूमने की दृष्टिकोण से जयपुर जानेवाले पर्यटकों की संख्या काफी है। जयपुर की सीधी सेवा नहीं होने से लोगों को दिल्ली या कोलकाता जाकर फ्लाइट लेना पड़ता था। समर शेड्यूल में जयपुर की विमान सेवा को जोड़ने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने प्रस्ताव डीजीसीए के पास भेजा था, जिसे मंजूरी मिल गई है। रांची से दिल्ली के लिए एक और विमान सेवा शुरू होगी। रांची से दिल्ली के बीच सातों दिन विमान सेवा शुरू होगी। वहीं रांची से गोवा के लिए भी विमान



उड़ान भरेगा। यह सप्ताह में तीन दिन सोमवार, शुक्रवार और रविवार को रांची से गोवा के बीच उड़ान भरेगा। यह विमान शाम में 6:15 मिनट पर उतरेगा और शाम 6:45 मिनट पर उड़ान भरेगा।

# राज्य में रामनवमी पर रहेंगे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड में रामनवमी के पर्व पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। राजधानी रांची सहित राज्य के 24 जिलों में लगभग दस हजार अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। इसमें सशस्त्र बल और लाठी बल भी शामिल हैं। पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

जारी आदेश के अनुसार 27 मार्च तक प्रतिनियुक्त बलों को संबंधित जिलों में पहुंचना होगा। पुलिस बल को हथियार, गोली, लाठी, हेलमेट, बाडी प्रोटेक्टर एवं लाइट किट के साथ रिपोर्ट करना होगा। जिलों में जवानों को दंगारोधी सुरक्षा उपकरणों के साथ प्रतिनियुक्त किया जायेगा। रामनवमी के बाद 31 मार्च को संबंधित वाहिनी, रेंज रिजर्व और प्रशिक्षण केंद्रों में जवान वापस आ जाएंगे। अतिरिक्त तैनाती में जैप की 10 कंपनियों, आईआरबी की तीन कंपनी, 16 ईको, रैपिड एक्शन फोर्स की छह कंपनियां को भी लगाया गया है। राज्य के सभी जिलों



के चिन्हित अति संवेदनशील क्षेत्रों में रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की जाएगी।

झारखंड पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि रामनवमी को लेकर पूरे राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी जिलों में अतिरिक्त बल लगाए गए हैं। सभी एसपी को पर्व को लेकर कई दिशा निर्देश भी दिए गए हैं।

**जारी आदेश के अनुसार 27 मार्च तक प्रतिनियुक्त बलों को संबंधित जिलों में पहुंचना होगा।**

# राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलीं यूनिसेफ प्रमुख और उषा विवि की कुलपति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को कई लोगों ने राजभवन में मुलाकात की। राज्यपाल से मिलने वालों में झारखंड के यूनिसेफ प्रमुख डॉक्टर कनीनिका मित्र, उषा मार्टिन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मधुलिका कौशिक और सीसीएल के प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पीएम प्रसाद शामिल रहे। यूनिसेफ प्रमुख ने राज्यपाल को संस्था की



ओर से राज्य में किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया। कुलपति ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों की अद्यतन स्थिति से राज्यपाल से अवगत कराया।

# कर्रा में सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड मुख्यालय के नगर भवन में सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला-संस्कृति खेलकूद, एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार द्वारा वित्तीय सहायता अनुदान अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन प्रज्वलित विहार कटहल कोचा बिरसा चौक रांची द्वारा कराया गया. कार्यक्रम की शूरूआत मुख्य अतिथि बीडीओ निशा कुमारी सिंह व विशिष्ट अतिथि सीओ बैद्यनाथ कामती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम संबोधित करते हुए बीडीओ निशा कुमारी सिंह ने कहा की झारखंड का सांस्कृतिक लोक नृत्य पूरे भारत में प्रसिद्ध है जो भी लोग इस तरह के कला संस्कृति से जुड़े हैं वह सराहनीय है जिस के सहयोग से यहां की कला संस्कृति को देश-विदेश तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है इस तरह के कार्यक्रम के लिए हम लोग की तरह से जितना सहयोग हो उसके लिए हम लोग हमेशा तैयार हैं




सीओ बैद्यनाथ कामती ने कहा कि किसी भी क्षेत्र की पहचान कला-संस्कृति, पर्यटन व खेलकूद से कि जाती है और पुरे विश्व को कला-संस्कृति, पर्यटन व खेलकूद जोड़कर एक परिवार बनाती है वही कार्यक्रम आयोजक संस्था प्रज्वलित विहार संस्था के सचिव आर आर मेहता ने बताया कि हम लोग पिछले दो दशक से कला- संस्कृति के क्षेत्र को बढ़ावा देने व खूंटी सहित झारखंड के अन्य प्रांतो से कला-संस्कृति में प्रतिभा एवं कौशल व इच्छा रखने वाले युवा-युवातियों को प्रशिक्षण द्वारा प्रशिक्षित करके बेहतर क्षेत्रिय कलाकार के रूप तैयार किया जा रहा है जिससे क्षेत्रिय कला-सांस्कृतिक के साथ-साथ कलाकारों की अपनी पहचान व महत्व बढ़ रही है. सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यशाला में प्रज्वलित विहार संस्था रांची से जुड़े कलाकारो ने क्षेत्रिय कला संस्कृति में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. जिससे उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए. मौके पर प्रज्वलित विहार संस्था के सचिव आर आर मेहता, मुखिया अजय खलखो, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजू परधिया, राजा खान, छोटू खान, विजय कच्छप, सुषमा मुण्डाईन संतोषी मुंडाईन, सुमित भेंगरा, आनंद बाखला अनीश मुंडा के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

# सरहुल महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के पेड़ाईड़ीह पंचायत के दुबला गांव में न्यू युवा विकास क्लब दुबला हारलाला सुंदरड़ीह के तत्वाधान में प्रकृति के पर्व सरहुल के अवसर पर सरहुल नाच झुमर नाच छऊ नृत्य मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता और मेले का आयोजन किया गया जिसमें तमाड़ प्रखंड के आसपास के हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और मेले का आनंद उठाया।इस आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड आंदोलनकारी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, विशिष्ट अतिथि के रूप में उलगुलान फाउंडेशन के उपाध्यक्ष और आजसू पार्टी के तमाड़ विधानसभा प्रभारी राम दुर्लभ सिंह मुंडा, अतिथि के रूप में तमाड़ पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य एवं आजसू नेता विजय सिंह मानकी, पद्मश्री स्व. डॉ रामदयाल मुंडा के सुपुत्र एवं विश्व संयुक्त राष्ट्र संघ के



सदस्य आजसू पार्टी के नेता डॉ गुंजल इकीर मुंडा,आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता श्याम चंद्र महतो,आजसू पार्टी के तमाड़ प्रखंड पश्चिमी के अध्यक्ष जगदीश गुप्ता आदि पहुंचे जिनका स्वागत पेडायंड़ीह पंचायत की मुखिया अनिता देवी की अगुवाई में मेला कमिटी के सदस्यों ने फुल माला पहनाकर किया तत्पश्चात सभी अतिथियों के करकमलों से फीता काटकर विधिवत सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।इस दौरान क्षेत्रीय कलाकारों और डॉ गुंजल इकीर मुंडा के द्वारा गीत गाकर सरहुल नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई वहीं संध्या में पश्चिम बंगाल झालदा के ईचाक साडम्बों से आए गायिका लखीमनी महतो, रोहिणी महतो और गायक अनिल महतो के द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाले झुमर नाच प्रस्तुत किया गया। रात्रि में पश्चिम बंगाल पुरूलिया के बालीगाड़ा के उस्ताद निपेन साहिस (सूर्याहाड़ी) और पश्चिम बंगाल पुरूलिया के बाराबाजार के ढेलातबामु पलमा के उस्ताद हेमचंद्र महतो के द्वारा छौ नृत्य कला की सुंदर प्रस्तुति दी गई।मेले में मंच का संचालन धनु नाग ने किया।

# आगामी त्योहारों को लेकर मैक्लुस्कीगंज थाना में शांति समिति की बैठक हुई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** अगामी सरहुल रामनवमी,चैती दुर्गापूजा व रमजान त्यौहार को लेकर मैक्लुस्कीगंज थाना परिसर में शांति समिति का एक बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह व मंच संचालन एसआई सुमित भगत ने किया. बैठक में पंचायत व प्रखंड के जाने माने जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे. आगामी सरहुल, रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा,रमजान पर्व, राज्य सरकार के गाइडलाइंस के आधार पर पूरे उत्साह व समारोह पूर्वक मनाने पर चर्चा हुआ. थाना प्रभारी ने त्यौहार को लेकर शक्त हिदायत देते हुए कहा कि पूजा मनाने के सभी जगह कमिटी गली कोचा में लाइट पूर्ण रूप बंदोबस्त करें. किसी समुदाय को लेकर आहत होने वाला संगीत ( डीजे) नही बजाना है. धार्मिक गीत संगीत तक सीमित रखें,अल्हड़ डीजे पूर्णतः बंद, शराब पीकर झगड़ा नही करना है.साथ ही रामनवमी व सरहुल पूजा को लेकर पूर्व से निर्धारित किया गया है,उसी रास्ते से शोभा यात्रा निकलना है. अखाड़ा व हथियार प्रतियोगिता पर ध्यान रखे, उनके लिए डॉक्टरी फास्टेड रखना जरूरी है. वही बैठक में जनप्रतिनिधियों ने सुबह तीन बजे से लेकर पांच बजे तक लाउडस्पीकर से अजान व धार्मिक गाना बजाने से कई लोगो की परेशानी होती है,इसे बिना किसी को आहत किये बिना ही सुचारु करने की मांग किया गया. मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र में कुछ वर्षो से आये दिन कोई न कोई चोंरी,डकैती की घटना बढ़ गयी है. उसे जल्द से जल्द बेधड़क होकर कार्रवाई करने की मांग, नाबालिक युवक व युवक्तियों को बाइक व ट्रिपल लोडिंग,बिना हेलमेट लगाकर चलने वालों पर कानूनी प्रहार करें. जनप्रतिनिधियों की मांग पर थाना प्रभारी ने कहा कि आपकी मांग जायज है,आपकी व पुलिस कार्य से जल्द ही कार्रवाई दिखाई देगा. बैठक में भाजपा विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह,जिला परिसद सरस्वती देवी, कमल मुण्डा,अनिल गुप्ता, बाबुलाल गंझू,रामबिलास गोप, मुबारक अंसारी,शकील अंसारी,शशि प्रसाद साहु, जितेंद्र नाथ पांडेय,हरि पहान,रविन्द्र मुण्डा, लाल बहादुर सिंह,सुरेश प्रसाद, हुटाप मुखिया शिवरत मुण्डा, सचिन गिरि, सुनील गिरि सहित अन्य उपस्थित थे.

## विहिप सह बजरंग दल की बैठक में 27 मार्च को रामनवमी शोभा यात्रा निकालने का निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल खलारी का बैठक पहाड़ी मंदिर खलारी में किया गया. बैठक की अध्यक्षता सुरक्षा प्रमुख रामधारी गंझू व संचालन रांची जिला ग्रामीण सेवा प्रमुख अनिल यादव ने किया. बैठक में खलारी प्रखंड के चौदहों पंचायत एवं जिला के पदाधिकारी एवं रामभक्त उपस्थित हुए. बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि 27 मार्च दिन सोमवार को सुबह 10 बजे से पहाड़ी मंदिर खलारी मायापुर पंचायत मैक्लुस्कीगंज तुमांग खलारी चुरी राय बमने पंचायत के गांव में रामनवमी शोभा यात्रा निकाला जेयेगा. बैठक में हिंदू नेता प्रताप यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी सनातन परिवार को हीन भावना से ऊपर उठकर हिंदू राष्ट बनाने तथा भारत को विश्व गुरु बनाने हेतु 27 मार्च को रामनवमी की शोभायात्रा में अवश्य शामिल होने की कृपा करता हूँ. बैठक में मुकेश



यादव,संजीत सिंह, शशी तुरी,आकाश कुमार भरत, प्रजापति दिलीप मेहता, गौरीशंकर केसरी, पहाड़ी मंदिर के पुजारी बृजराज पंडित, सोगल मल्हार,राकेश सिंह, गौतम दास, संजय कुमार, संजय चौहान, लल्लू मेहता,मनोज यादव,सोनू कुमार तुरी, सूरज राम,जितेंद्र लोहरा,अमर राम, पंकज यादव, आदर्श कुमार, सूरज केसरी, दीपक गुप्ता, अभिषेक कुमार, प्रभात नायक, देव कुमार राम, संतोष सिंह, सहदेव लोहरा,मनोज यादव, विकास सिंह, चैता मुंडा, जय लोहरा परमेश्वर गोविंद कुमार गौतम नारायण महतो मनभावन लोहरा मनोज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित थे.


**झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़**
**जिला स्तरीय कार्यालय, राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर**
**गोला रोड़, रामगढ़ कैंट**
ई मेल :– ssa_ramgarh@rediffmail.com फोन नं0/फैक्स नं० – 06553–231133,

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (सत्र–2023–24)**

जिले में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू में सत्र–2023–24 के लिये खाद्य सामग्री, स्टेशनरी, मौसमी फल एवं सब्जी, मछली, चिकन, दूध, पनीर दैनिक उपयोग की वस्तुएँ, पोषाक एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति हेतु राज्य में निबंधित इच्छुक संस्थानों के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू, रामगढ़ से निविदा प्रपत्र दिनांक–23.03.2023 से दिनांक–31.03.2023 तक (कार्यालय अवधि में) प्राप्त कर उसी विद्यालय में तकनीकि बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में दिनांक– 05.04.2023 के अपराह्न 2:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे। क्रय समिति द्वारा दिनांक– 05.04.2023 को अपराह्न 4:00 बजे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू (एस.एस. +2 हाई स्कूल, पतरातू परिसर, पतरातू, जिला–रामगढ़) में निविदा खोला जाएगा।

| क्र०सं० | विद्यालय का नाम | पता |
|---|---|---|
| 1 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू, रामगढ़ | एस.एस. +2 हाई स्कूल पतरातू परिसर, पो०+थाना–पतरातू, जिला–रामगढ़, झारखण्ड, पिन कोड–839118 |

वर्ष 2023–24 का पैकेज विवरणी – **पैकेज संख्या 1** – खाद्य पदार्थ एवं अन्य सामग्री, **पैकेज संख्या 02** – हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर इत्यादि, **पैकेज संख्या 3** – पोषाक एवं अन्य वस्त्र तथा **पैकेज संख्या 4** – स्टेशनरी इत्यादि। पूर्ण एवं आवश्यक निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए (प्रत्येक पैकेज के लिए) Sarva Shiksha Abhiyan, Ramgarh के नाम से अप्रतिदेय (Non Refundable) 1000/- रूपये (एक हजार रूपये मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट में देना अनिवार्य है। निविदा में किसी भी प्रकार की संशोधन अथवा रद्द करने का अधिकार जिला स्तरीय क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,समग्र
शिक्षा अभियान, रामगढ़

PR 293271 District(22-23)#D


## आंधी तुफान से उड़े घर के छप्पर

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के घाघरा टिकरा टोली में सोमवार को लगभग 4.30 बजे आये बारिश के साथ आंधी तुफान से कई ग्रामीणों के घर के अलवेस्टस उड़ गये। जिसमें मंगु उरांव पिता स्व0 सुका बड़ा, बुधवा खेस पिता स्व0 जितु खेस, बुधवा बड़ा पिता स्व0 गौरा बड़ा, विनीता कुजूर पति बिरसा कुजूर, शनि कुजूर पिता स्व0 गोंदला कुजूर, सुको मिंज पति शनि मिंज और सोमरा कुजूर पिता शनि कुजूर के घर के छप्पर उड़ गये। खबर मिलते ही पंचायत के मुखिया रमेश उराँव पंचायत सचिव महादेव लकड़ा को लेकर पीड़ित परिवारों से मिलकर जायजा लिया। मुखिया ने अंचलाधिकारी से मिलकर मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। मौके पर वार्ड सदस्य लक्ष्मण कुजूर, संदीप कुजूर, पंचु, बुधराम टोप्पो और अमित कुजूर साथ में थे।



## थाना परिसर में किया गया पौधा रोपण

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व जंगल दिवस के अवसर पर चान्हो थाना परिसर में मंगलवार को थाना प्रभारी रंजय कुमार के नेतृत्व में पौधा रोपण किया गया। इस मौके पर एस आई अंकित कुमार ने कहा कि एक पेड़ 10 पुत्र के समान है। वातावरण को दूषित होने से बचाने के लिए सबों को पौधा रोपण करना जरूरी है। कहा सब मिल कर संकल्प लें कि कम से कम एक पौधा रोपण हाथों से अवश्य लगावें। ए एस आई साजिद खान ने कहा कि आज संकल्प लेते हैं की हम सभी ज्यादा नहीं तो कम से कम एक पेड़ जरूर लगायेंगे। अपने लिए ना सही अपने परिवार की सुरक्षा के लिए ताकि उन्हें शुद्ध हवा ऑक्सीजन मिले। हमारी धरती फिर से हरी-भरी नज़र आये। हमारे द्वारा लगाये गए एक-एक पेड़ का आनंद ले सके और हमें शुद्ध वातावरण मिले। थाना परिसर के सामने 6 आम और 4 लीची का पौधा रोपण किया गया। मौके पर समीम अंसारी अनिल गोप यादि मौजूद थे।



## जंगली हाथी ने फसलों को रौंदा

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के मासू गांव मे जंगली हाथी ने खेतो लगी फसल को खा कर व रौंद कर लगातार बर्बाद कर रही है. सोमवार की रात में दिलबहार गोप, अंगनी उराईन, प्रदीप गोप,सोमरा महतो,अझु भगत, सनम उरांव, तिला भगत, एतवा उरांव के गेहूं को खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। इसके बाद हाथी ने जीतराम महतो के गेहूं और मिर्चा नर्सरी व हस्ती पाइप को बर्बाद कर दिया। खलियान में रखे सोहराई महतो के गेहूं व रामेश्वर महतो का अरहर को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। साथ ही संजय उरांव के गेहूं की फसल व सिंचाई मशीन और हस्ती पाइप को रौंद कर तोड़ दिया। इधर हाथी के आ जाने से गांव के लोग दहशत में है।



# करकट्टा देवी मंडप प्रांगण में दुर्गा पूजा सह शतचंडी महायज्ञ कलश शोभा यात्रा निकाली गयी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** करकट्टा देवी मंडप में आयोजित चैती दुर्गा पूजा सह सतचंडी महायज्ञ का कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी. मंगलवार को सुबह करकट्टा देवी मंडप प्रांगण में यगाचार्य रमाकांत पाठक के तत्वावधान में पंडित चुनमुन मिश्रा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ मुख्य अतिथि झामुमो जिला उपाध्यक्ष सह कांके विधान सभा प्रभारी जनक नायक एवं विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य सरस्वती देवी द्वारा संजुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच कलश दिया गया. कलश यात्रा में 500 श्रद्धालुओं ने भाग लिया. सभी श्रद्धालु दो पंक्तियों में होकर माता की जयकारा करते हुए पैदल दामोदर नदी पहुंचे. नदी में ब्राह्मणों द्वारा वरुण देवता का आवाह्न कर कलश



पूजन किया गया. ततपश्चात सभी श्रद्धालुओं ने कलश उठाकर वापस यज्ञ मंडप पहुंचे. कलशों को यज्ञ मंडप में रखा गया. मंदिर का परिक्रमा किया गया.इसके बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को बीच जल और हलवा का वितरण किया गया. मुख्य जजमान प्रमोद सिंह, आशा देवी, नागेंद्र सिंह गीता देवी थे. शोभा यात्रा में चुनमुन मिश्रा, बिनोद मिश्रा, अनिल पासवान, गणेश पाहन, पप्पू सिंह, किशुन मुंडा, हरि प्रसाद, हरेश सिंह, अवध प्रसाद, रविन्द्रनाथ पासवान, राजेश प्रसाद, राजकुमार भोगता, विशाल पासवान, दिलीप पासवान, शम्भू दास, अशोक राम, बिनोद गुप्ता, सुरेश गुप्ता, राहुल सिंह, आशीष सिंह, सुमित कुमार, सुमन कुमार, राजा कुमार, अजित कुमार, उज्वल, उत्कर्ष, कलमतिया देवी, विलासो देवी, वीणा देवी, कमली देवी आदि उपस्थित थे.

# विधायक ने कस्तूरबा स्कूल में रखी योजनाओं की आधारशिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** कस्तूरबा स्कूल सिल्ली में विधायक मद से बनने वाले चबूतरा एवं कपड़ा धोने का प्लेटफार्म का शिलान्यास विधायक सुदेश कुमार महतो ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्राओं ने पढ़ाई के साथ साथ खेल व कला के क्षेत्र में भी कई उपलब्धियां हासिल की है। विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के स्तर में सुधार का प्रयास हो रहा है जल्द ही इस विद्यालय में विज्ञान संकाय की पढ़ाई की भी शुरुआत होगी साथ ही अलग से कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान छात्राओं ने विधायक का स्वागत किया और बैंड की धुन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। संचालन विद्यालय की वार्डन अल्मा मेरी रुंडा ने किया। इस मौके पर गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, जिला परिषद



उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, पंचायत समिति सदस्य अंजना देवी, मुखिया लाल सिंह मुंडा, विद्यालय की चंद्रिका कुमारी, नीलम बाटी, अंजली कुमारी, विष्णु प्रिया कुमारी, लता कुमारी, अनामिका लकड़ा ,सुभाष महतो, अशोक महतो, शम्भु महतो, रमेश महतो, शशि रंजन महतो, त्रिलोचन महतो, विकाश महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## राज्य एटक के महामंत्री का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य एटक के महामंत्री अशोक यादव को बनाये जाने पर एनके एरिया यूसीडब्लू के कार्यकर्ताओं ने श्री अशोक जी को बुके व फूलमाला पहनकर सम्मानित किया गया. यह कार्यक्रम पिपरवार भीआईपी संभागर में किया गया. इस संबध में यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन (एटक) के अध्यक्ष कृष्णा चौहान ने बताया कि कार्यक्रताओं के साथ अशोका परियोजना पिपरवार जाने के क्रम में नव निर्वाचित राज्य एटक के महामंत्री अशोक यादव का स्वागत भी आई पी सभागार में किया गया. साथ रामाश्रय ठाकुर का भी स्वागत की गयी. स्वागत करने वालो में प्रेम कुमार,अरबिंद कुमार,दिनेश भर,मो शमीम,अशोक राम,जितेंद्र सिंह,रामाशीष चौहान,दिनेश भुइयां, मनोज कुमार,आनंद तुरी,धीरेंद्र कुमार सुधांशु, अरबिंद कुमार सिंह शामिल रहे.


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, MEDININAGAR**

**E-Procurement Notice (2nd Call)**
**Short E-Tender Notice Reference no. DWSD/SVS/CLUSTER/MED-21/2022-23 Dated : 20-03-2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | **Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi** |
| 2 | Date of publication of Tender on Web site | **22.03.2023 / 12.30 P.M.** |
| 3 | Date of Pre-bid Meeting | **27.03.2023 / 12.30 P.M.** Office of the Engineer-In-Chief, D.W.S.D, Nepal House, Ranchi |
| 4 | Last date / Time for receipt of Bid | **03.04.2023 / 05.00 P.M.** |
| 5 | Last date / Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost. (in Hard Copy) | **05.04.2023 / 05.00 P.M.** 1. Office of the Regional Chief Engineer, Ranchi Zone Ranchi, D.W.S.D, Doranda, Ranchi 2. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 3. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 6 | Date & time of Opening of Tender | **06.04.2023 / 04.00 P.M.** |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |
| 11 | **Detailed survey, designing and drawing, construction of 26946 nos. FHTC in different block of Palamau District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under DW&S Division, Medininagar for the year 2022-23.** | |

| SL. No. | Group No. | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | SVS/CLUSTER-23 | 1 | 10 | 58 | 570.93 | 5.71 | 10000.00 | 9 Months |
| 2 | SVS/CLUSTER-26 | 2 | 3 | 74 | 829.70 | 8.30 | 10000.00 | 9 Months |
| 3 | SVS/CLUSTER-30 | 2 | 18 | 101 | 916.70 | 9.17 | 10000.00 | 9 Months |

- Estimated Cost & EMD Cost may vary.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
DW&S Division, Medininagar

PR 293248 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D



**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**DRINKING WATER AND SANITATION DEPARTMENT**
**CENTRAL DESIGN ORGANISATION (CDO)**
**VERY SHORT TENDER NOTICE**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**
**RFP No- 01/CDO/Ranchi/RWSS/2022-23 Dated:- 20.03.2023**

The undersigned on behalf of the Government of Jharkhand invites RFP with Invitation of rate for preparation of PFR, DPR including preparation of Bid Document in EPC / Turnkey / Item rate mode, etc. for following works is invited from eligible Empanelled Consultants at CDO Office under DW&SD, Jharkhand, Ranchi vide letter no. 558(CDO) dt. 01.09.2020 and 165(CDO) dt. 08.02.2021. Item rate bids for the work mentioned in Annexure- 1 through e-Procurement. The bid shall be submitted online in the Website https://jharkhandtenders.gov.in. The Consultant(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate.

| | |
|---|---|
| Date & Time for publishing of NIT & TOR on website | 22.03.2023 at 3.00 PM |
| Uploading of Bid document & photo copy of Earnest money & tender fee on website | 29.03.2023 up to 5.00 PM |
| Date & Time for submission of Original copy of Earnest Money & tender fee at CDO Office | 31.03.2023 up to 3.00 PM |
| Date & Time for Opening of Technical Bid document | 31.03.2023 at 4.00 PM |
| Contact no. for procurement officer | 0651-2490581 / 09504577191 |
| Help line no. for e-procurement cell | 0651-2480345 |

2. Tender fee (DD) & bid security (earnest money) amount specified for the work in as annexure-1, should be in favour of **Executive Engineer, D.W. & S. Division – Ranchi West, Ranchi** payable at Ranchi.
3. Tender fee, Bid security (earnest money) & Bid Documents separately in hard copy shall be deposited in the office of the **Chief Engineer D.W.&S. Dept. CDO, Near Nepal House, Ranchi** either by registered post / speed post or by hand. Only those applications will be entertained whose cost of tender fee, bid security & bid documents is being received separately for each scheme/ group superscribed on sealed envelope. The office of **Chief Engineer D.W.&S. Dept. CDO** will not be held responsible for postal delay, if any, in the delivery of the document or non receipt of the same.
4. In case of Empanelled consultant of MSME category will follow the Govt. rule.
5. Details of Notes to Bidder / Term of Reference (TOR) / Annexure and related information can be seen / downloaded from the https://Jharkhandtenders.gov.in and http://dwsd.jharkhand.gov.in.
6. Quantity in the form of village & population shown in groups above may increase or decrease.
7. The authority may accept or reject partly or whole RFP without assigning any reason.
8. The authority may cancel the RFP at any stage before issue of Work order without assigning any reason and for that no claim whatsoever will be made.

Sd/-
Executive Engineer (Design),
CDO, DW&SD, Jharkhand, Ranchi.

PR 293232 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

## नेचरफ्रेश ने लॉन्च किया 'बदलो बेहतर के लिए' कैंपेन




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ज्यादा एक्टिव जिंदगी जीने की चाहत रखने वाले उपभोक्ताओं की जरूरतों के साथ ढलते हुए कारगिल के खाद्य तेल ब्रांड नेचरफ्रेश ने आज नया ब्रांड कैंपेन लॉन्च किया। 'सबदलो बेहतर के लिए' की थीम पर लॉन्च हुआ यह कैंपेन बच्चों की दिनचर्या में एक्टिव पैरेंटिंग के महत्व को दर्शाता है, जिससे बच्चे अपनी पूरी क्षमता का लाभ लेने में सक्षम हो पाते हैं। इस कैंपेन के माध्यम से ब्रांड ने शहरी क्षेत्रों में रहने वाले 30 से 50 साल की उम्र के 'एक्टिव पैरेंट्स' को संबोधित किया है। ब्रांड की नई पैकेजिंग पर इस बात का उल्लेख किया गया है कि बाजार में मिलने वाले सामान्य रिफाइंड तेल की तुलना में यह 20 प्रतिशत हल्का है। हिंदीभाषी बाजार में उपभोक्ताओं से ज्यादा प्रभावी तरीके से संवाद स्थापित करने के लिए नेचरफ्रेश ने अपने पैक पर ब्रांड का नाम और उसके बारे में देवनागरी में भी लिखा है।

## फेनेस्टा ने झारखंड में अपनी रीटेल मौजूदगी का किया विस्तार




**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सबसे बड़े विंडो एवं डोर ब्राण्ड तथा इस सेगमेन्ट में मार्केट लीडर फेनेस्टा ने एक और शोरूम की ओपनिंग के साथ अपनी रीटेल मौजूदगी के विस्तार की घोषणा की है। यह एक्सक्लुज़िव शोरूम सुशीला एंटरप्राइजेज, झारखंड के हजारीबाग में काली मंदिर के पास राम नगर रोड पर स्थित है। यह शोरूम उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के यूपीवीसी दरवाज़े और खिड़कियां, एलुमिनियम दरवाज़े और खिड़कियां, इंटरनल और डिज़ाइनर दरवाज़े उपलब्ध कराएगा। इस लॉन्च के साथ फेनेस्टा अपने मौजूदा एवं भावी उपभोक्ताओं को इंटरैक्टिव एवं सूचनाप्रद सेवाओं का अनुभव प्रदान करेगा। फेनेस्टा के शोरूम उपभोक्ताओं की पहुंच बढ़ाने तथा इसे मार्केट लीडर के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## सृष्टि महिला समिति ने गौरैया उड़ा कर मनाया गौरैया दिवस



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय गौरैया दिवस के अवसर पर सोमवार को सामाजिक संगठन सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति की अध्यक्षा रानी गुप्ता ने अपनी संस्था के सहयोगियों के शिष्टमंडल के साथ जमशेदपुर स्थित जिला समाहरणालय कार्यालय में पहुंचकर जिला उपायुक्त विजया जाधव को उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु संस्था की ओर से पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया साथ ही अपनी संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। उपायुक्त ने संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामना दिया। इस मौके पर सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति की सक्रिय पदाधिकारी नीतू सिंह, दीपा कुमारी और प्रीति सिंह मौजूद रहे। मौके पर उपायुक्त के निर्देशानुसार सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति की अध्यक्षा रानी गुप्ता ने गौरैया उड़ा कर गौरैया दिवस मनाया।

## आदिवासी कुड़मी समाज ने मनाया क्रांतिकारी रघुनाथ महतो का जन्म दिवस



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी कुड़मि समाज कुकड़ु प्रखण्ड समिति की ओर से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम संगठित जनविद्रोह चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो के जन्मदिन पर कुकड़ु प्रखण्ड छातारडीह गाँव स्थित शहीद रघुनाथ महतो के मुर्ति पर माल्यार्पण एवं धुप पुष्प देकर श्रद्धांजलि दिया गया। साथ ही कुकड़ु प्रखण्ड क्षेत्र के कुड़मालि भाषा में पठन पाठन करने बाले बच्चों को कुड़मालि भाषा का पुस्तक वितरण किया गया। मौके पर आदिवासी कुड़मि समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष प्रसेनजित महतो काछिमा, जिला अध्यक्ष मनोज महतो टिडुआर, निबारन महतो, प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ बिभीषण महतो बंसरिआर, पंचानन महतो केटिआर,शशीभूषण महतो, धनंजय महतो, गुरूपद महतो,अरुण महतो,समीर महतो राजेश महतो, प्रकाश महतो आदि उपस्थित थे ।

## विनोद बिहारी ने मुंडादेव गांव में निजी खर्च से चापाकल कराया मरम्मत



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खरसावां के समाजसेवी सह जनता दल यूनाइटेड के नेता विनोद बिहारी कुजूर ने ग्रामीण की समस्या को देखते हुए कुचाई के मुंडादेव मंदिर टोला में विगत एक साल से खराब पड़े नलकूप की मरम्मती निजी खर्च पर कराया. नलकूप मरम्मति को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं सरकारी कार्यालयों का बार बार चक्कर लगाया. इसके लिए ग्रामीणों ने समाजसेवी सह जेडीयू के नेता के प्रति अपना आभार जताया. इस दौरान मुख्य रूप से राखी देवी, देवकी दास,सुमित महतो,महेश्वर महतो,रहुल महतो,भीमसेन तांती, सुखराम महतो, राजाराम महतो,छुटु महतो,सागर चन्द महतो आदि उपस्थित थे.

# जमशेदपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का प्रस्तावित दौरा कल, प्रशासनिक तैयारियां तेज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का 23 मार्च को जमशेदपुर आगमन प्रस्तावित है। वे एलिवेटेड डबल डेकर कोरिडोर का ऑनलाइन शिलान्यास कार्यक्रम तथा गोपाल मैदान में जनसभा में शामिल होंगे तथा कई अन्य विकास योजनाओं का भी शिलान्यास-उद्घाटन करेंगे । एलिवेटेड डबल डेकर कोरिडोर पारडीह काली मंदिर से बालिगुमा तक बनाया जाएगा । केन्द्रीय मंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने उपायुक्त विजया एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने गोपाल मैदान का निरीक्षण किया । मैदान में बन रहे पंडाल व स्टेज निर्माण के कार्यप्रगति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए । केंद्रीय मंत्री के आगमन की तैयारी पूरी कर ली गई है । विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल प्रतिनियुक्त किए गए हैं ।

## सरहुल महोत्सव में जमकर झुमे ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बोड़ा आदिवासी समिति द्वारा सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें आस पास के ग्रामीण पहुंचे। इस अवसर पर पहान अनंत सिंह मुंडा ने सखुआ का डाली गाढ़कर सींहबोंगा ,ग्राम देवता आदि का पूजा अर्चना किया गया और हड़ीया व मुर्गी का बच्चा का बली देकर कर पुजा अर्चना किया गया। वहीं रांची के नामकुम हेंसा एवं सादी आंड़की के कलाकारों ने सरहुल नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को खूब झुमाया। महिला पुरुष एक साथ नगाड़ा,ढोल के थाप में सरहुल नृत्य में जम कर थिरके। आयोजक परमेश्वर सिंह मुंडा ने बताया कि सरहुल पर्व का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। आदिवासी परम्परा में सरहुल का काफी महत्व है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक रूप से हुए सरहुल पुजा जल जंगल जमीन को बचाने का संदेश देता है।

# टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन के पावर प्लांट को मिला राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**वेस्ट बोकारो :** टाटा स्टील के वेस्ट बोकारो डिवीजन के पावर प्लांट ने असाधारण प्लांट प्रदर्शन, दक्षता और विश्वसनीयता में उत्कृष्ट उपलब्धियों की मान्यता में 50 मेगावाट से कम के कैप्टिव पावर प्लांट (सीपीपी) की श्रेणी के तहत संचालन में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार जीता। काउंसिल ऑफ एनवायरो एक्सीलेंस' (सीईई) ने थर्मल पावर प्लांट के संचालन, रखरखाव, आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए राष्ट्रीय पावर प्लांट अवार्ड्स -2023 का वर्चुअल समारोह आयोजित किया था। विजेता की घोषणा 14 मार्च, 2023 को वर्चुअल इवेंट के दौरान की गई थी। वर्चुअल इवेंट में टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीज़न के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सीईई नेशनल पावर प्लांट अवार्ड्स- 2023 पर्यावरणीय प्रदर्शन, फ्लाई ऐश उपयोग, पानी की खपत, पीकिंग प्लांट लोड फैक्टर, तेल की खपत सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में बिजली संयंत्रों और उनके पेशेवरों में उत्कृष्टता बेंचमार्क स्थापित करता है। टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन का 2x10 मेगावाट कैप्टिव पावर प्लांट (सीपीपी) एटमोस्फियरिक फ्लूइडाइज़्ड बेड कंबुस्शन (एएफबीसी) तकनीक पर आधारित है जो रिजेक्ट कोल से संचालित होता है।

## टाटा स्टील यूआईएसएल को जापान में मिला 'एक्सीलेंस इन कंसिस्टेंट टीपीएम कमिटमेंट' अवार्ड



**जमशेदपुर :** मंगलवार को टाटा स्टील यूआईएसएल को क्योटो, जापान में आयोजित एक प्रतिष्ठित समारोह में जापान इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट मेंटेनेंस (जेआईपीएम) द्वारा एक्सीलेंस इन कंसिस्टेंट टीपीएम कमिटमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। धनंजय मिश्रा, सीनियर जनरल मैनेजर, झारखंड बिजनेस, अमन चोढा, जनरल मैनेजर, एचआर/आईआर और कॉर्पोरेट सर्विसेज, वी पी सिंह, जनरल मैनेजर, पावर सर्विसेज डिवीजन और चंद्रदिबाकर रॉय बर्मन, सीनियर मैनेजर, बिजनेस एक्सीलेंस ने टाटा स्टील यूआईएसएल ने पुरस्कार प्राप्त किया। वैश्विक स्तर पर केवल 18 कंपनियों को यह सम्मान दिया गया है, जिनमें से 11 कंपनियां चीन से, एक पेरू, जापान और दक्षिण अफ्रीका से और चार भारत से हैं, जिनमें टाटा स्टील यूआईएसएल भी शामिल है। कंपनी ने जापान मैनेजमेंट एसोसिएशन कंसल्टेंट्स के सलाहकारों के साथ अक्टूबर 2018 से अपनी टीपीएम जर्नी शुरू की। कोविड द्वारा लाई गई गड़बड़ी के बावजूद, कंपनी ने इशिबाशी सैन और सुरजीत देब के मार्गदर्शन में अपनी टीपीएम यात्रा को जारी रखा और जेआईपीएम से सुगियुरा सैन और ताकानो सैन द्वारा किए गए कठोर आकलन पर काम करते हुए टीपीएम लेवल 2 अवार्ड को चुनौती दी।

## कुएं से व्यक्ति का शव बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली थाना अंतर्गत हलमाद पंचायत के टेटेबांदा गांव के कुएँ से चरकु भोक्ता उम्र 60 वर्ष का शव सिल्ली पुलिस ने बरामद किया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम से ही मृतक लापता थे। जिसे उनके परिवार वालों ने हर तरफ खोजबीन किया। अचानक सोमवार की शाम ग्रामीणों ने गांव के ही एक कुआँ में तैरता हुआ एक शव देखा, जिसकी सुचना गांव वालों के साथ साथ सिल्ली पुलिस को दिया गया! सिल्ली पुलिस ने मौके पर पहुँच कर शव को बहार निकाला जिसकी पहचान टेटेबांदा निवासी चरकु भोक्ता के रुप मे किया गया। पुलिस शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। दुसरी ओर मामले की जांच पुलिस कर रही है।

## रघुनाथ महतो की जयंती समारोह में शामिल होने कुड़मी समुदाय के लोग हुए रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** वीर शहीद रघुनाथ महतो की 285वीं जयंती के अवसर पर जमशेदपुर के गोपाल मैदान (रीगल मैदान) में आयोजित महाजुटान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड से हजारों की संख्या में कुड़मी समुदाय के लोग सुबह 11 बजे रवाना हुए। इसका सामूहिक नेतृत्व आदिवासी कुड़मी समाज के मुख्य सलाहकार अजित प्रसाद महतो, आदिवासी कुड़मी समाज झारखंड प्रदेश कमिटी के अध्यक्ष पद्मलोचन काड़ुआर, केंद्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर महतो, सह-सचिव जयराम हिन्दयार, केंद्रीय उपाध्यक्ष डा. सुजित महतो ने किया।

# चुआड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो की जयंती पर आजसू ने दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल/नीमडीह :** स्वतंत्रता सेनानी चुआड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो के जयंती पर उनके जन्मभूमि नीमडीह प्रखंड के घुटियाडीह गांव में आजसू के प्रधान महासचिव पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो, ग्राम प्रधान महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष वैद्यनाथ महतो, युवा नेता खगेन महतो आदि ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर पूर्व मंत्री सह आजसू के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो एक भारतीय क्रांतिकारी एवं एक महान नेता थे, जिन्होने 1769-78 में अंग्रेजों के विरुद्ध चुआड़ विद्रोह का नेतृत्व किया था। चुआड़ विद्रोह, छोटानागपुर क्षेत्र में अंग्रेजों के खिलाफ पहला विद्रोह था। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुष किसी समुदाय, जाति के बंधन में बंधे नहीं है वे सिर्फ भारत माता के सपूत है। आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो ने अपना गांव, अपना राज; दूर भगाओ विदेशी राज के नारा दिया था। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के काला कानून व्यवस्था के खिलाफ रघुनाथ महतो ने ग्रामीणों को एकजुट कर तत्कालीन मानभूम क्षेत्र में एक शस्त्र विद्रोह का शंखनाद किया था।

## पार्षद सिद्धनाथ सिंह ने अपर नगर आयुक्त को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड पांच के पार्षद सिद्धनाथ सिंह ने अपर नगर आयुक्त को चार सूत्री ज्ञापन सौंपकर गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक से जगन्नाथपुर गांव जाने वाली सड़क से अतिक्रमण हटाने तथा राज व सतराज कंस्ट्रक्शन के संवेदक द्वारा योजनाओं के कार्यों में बरते गए लापरवाही की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है लाल बिल्डिंग चौक से वार्ड पांच एवं जगन्नाथपुर गांव जाने वाले लोगों का एकमात्र रास्ता यही है जो पूरी तरह सब्जी विक्रेताओं व फल विक्रेताओं द्वारा ठेला लगाए जाने से संकीर्ण हो गया है। ज्ञापन के माध्यम से उक्त रास्ते से अतिक्रमण हटाने, राज कंस्ट्रक्शन और सतराज कंस्ट्रक्शन द्वारा उक्त वार्ड में किए गए योजनाओं के कार्यों की जांच करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित लाभुकों को इसका लाभ उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

## ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में हाथियों के झुंड से ग्रामीण दहशत में, दो का घर तोड़ा, फसल को रौंदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का आतंक बदस्तूर जारी है। अलग अलग गुटों में बंटकर दो दर्जन से अधिक हाथियों का झुंड रहड़ाडीह, रघुनाथपुर व पिलीद जंगल में डेरा डाले हुए हैं। वहीं सोमवार की देर रात को 15-16 हाथीयों का झुंड रहड़ाडीह गांव में मंटु पुरान वह सुरेश पुरान के घर को तोड़कर घर में रखे अनाज को चट कर गया। किसानों के खेतों में लगे फसलों को भी रौंद डाला। वन विभाग की एस्कॉर्ट टीम द्वारा एक साथी झुंड को गांव की ओर से भगाने में लगे हुए थे, तभी अन्य हाथीयों का झुंड पीछे से गांव पहुंचीं और घरों को तोड़कर धानों को चट कर गया। ग्रामीण इन्द्रजीत सिंह मुण्डा ने बताया कि दो ग्रामीणों का घर तोड़कर धानों को चट कर गया। उन्होंने क्षति मकानों का मुआवजा देने का मांग किया है।

## बिष्टुपुर तुलसी भवन में जेसीआई का लाइफस्टाइल कंज्यूमेक्स मेला का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की महिलाओं द्वारा बिष्टुपुर तुलसी भवन में तीन दिवसीय लाइफस्टाइल कंज्यूमेक्स मेला 2023 (प्रदर्शनी सह बिक्री) का आयोजन पहली बार किया गया। जिसका समापन मंगलवार 21 मार्च को हुआ। इस प्रदर्शनी मेला में कुर्ती, साड़ी, गिफ्ट आइटम, चादर, बांदरवाल, लड्डू गोपाल की पोशाक, हाथ के बने हुए मंगोड़ी, पापड़, अचार, पेंटिंग आदि के 40 स्टॉल लगाये गये थे। मेला में जमशेदपुर एवं रांची समेत कोलकाता और मुंबई आदि शहरों से भी महिलाएं स्टॉल लगाने के लिए आयी थी। रविवार से शुभारंभ हुआ इस लाइफस्टाइल प्रदर्शनी सह बिक्री मेला का उदघाटन रविवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी समाजसेविका सुधा गुप्ता ने किया था। इसे सफल बनाने में कविता धूत, संगीता काबरा, बीना देबूका चांदनी, पूजा मोदी, स्वाति संगीता, सीमा अग्रवाल, सुजाता, मंजू बकरेवाल, नीमा मोदी, जया, रिंकू, रिया सहित संस्था की सभी महिलाओं का योगदान रहा।

# भूमिज समाज ने मंत्री चंपई सोरेन को सौंपा पांच सूत्री मांग पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** भूमिज भाषा को प्राथमिक स्तर से लेकर स्नातक स्तर तक होनेवाली परीक्षा संचालन नियमावली में संशोधन कर इसे द्वितीय पत्र में शामिल करने को लेकर भारतीय आदिवासी भूमिज समाज के महासचिव दिनेश सरदार ने कल्याण मंत्री चंपई सोरेन को मंगलवार को पांच सूत्री मांग पत्र सौपा। साथ ही मांग पत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी सौपी गई है। मंत्री चंपई सोरेन को सौपे पत्र में कहा गया है कि झारखंड राज्य में नियोजन नियमावली -2021 में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में भूमिज भाषा को शामिल किया गया था। फिलहाल 13 मार्च 2023 की झारखंड गजट में संशोधित करते हुए झारखंड नियोजन नीति में भूमिज भाषा को शामिल नहीं किया गया है जबकि यह भाषा द्वितीय राज्य भाषा का दर्जा प्राप्त है। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड की 32 जनजातियों में प्रमुख जनजाति भाषा भूमिज भाषा है। 2011 में इसकी आबादी 2 लाख, 14 हजार 298 थी। इस भाषा को पुनः जोड़ने/शामिल करने के लिए अनुरोध पत्र किया है। इसके अतिरिक्त भूमिज भाषा को पहली से आठवीं तक मातृ भाषा भूमिज में पढ़ाई शुरू करने, भूमिज भाषा शिक्षको को बहाली में स्थान देने, इस भाषा का अपना अलग कोड का प्रावधान, भूमिज भाषा को सभी जिलों में अनुसूचित जन जाति का दर्जा दिया जाय व भूमिज भाषा को आठवी अनुसूची में शामिल करने को लेकर केंद्र सरकार को अनुशंसा पत्र भेजने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में सचिव मेयालाल सरदार, प्रवक्ता युधिष्ठिर सरदार, भारतीय आदिवासी भूमिज समाज, प्रदेश इकाई के केन्द्रीय सदस्य विमल भूमिज, सर्वेश्वर सरदार शामिल थे।

# साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम में फरियादियों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कक्ष में शुक्रवार को आयोजित साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्र से अपनी अपनी समस्याएं लेकर आये लगभग सौ फरियादियों से क्रमवार उपायुक्त अरवा राजकमल मिले एवं उनकी समस्याओं से अवगत हुए। आवेदन के माध्यम उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए उपायुक्त द्वारा त्वरित निष्पादन हेतु सम्बन्धित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। राशन कार्ड, पेंशन एवं स्वास्थ्य सहित कई अन्य जनकल्याण कारी योजनाओं सम्बन्धित मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। मिली जानकारी अनुसार भूमि सम्बन्धित, केरला पब्लिक स्कूल गम्हरिया समिति, सरकारी भूमि व सड़क अधिग्रहण सम्बन्धित, अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम एक्ट संबंधित, अनुकम्पा आधारित मामले, कोविद संक्रमण से मृत के आश्रित को मुआवजा भुगतान से सम्बन्धित मामले, गम्हरिया प्रखंड के यशपुर पंचायत के राजगांव मे सिचाई विभाग द्वारा बिछाए जा रहे सप्लाई पाइप को हस्तांतरित करने एवं विद्यालय से सम्बन्धित मामले लेकर अधिकतर फरियादी आये थे।

## संक्षिप्त खबरे

### 25 मार्च को स्वास्थ्य मेला आयोजन को लेकर 23 मार्च को बीडीओ ने बुलाई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर में 25 मार्च शनिवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसको सफलतापूर्वक एवं बेहतरीन करने के लिए आगामी 23 मार्च बृहस्पतिवार को प्रखंड से जुड़े सभी अधिकारियों को बैठक में आमंत्रित किया गया है। जिसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह परपत्र के द्वारा दिया है। उपस्थित होने वाले प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, ग्राम स्वच्छता एवं पोषण समिति, सीएचओ, प्रखंड समन्वयक जेएसएलपीएस, प्रखंड समन्वयक तेजस्विनी परियोजना, स्थानीय गैर सरकारी संगठन, बीपीओ समग्र शिक्षा अभियान, एवं स्थानीय मीडिया के लोगों को आमंत्रित किया गया है।

# जिले में अफीम का सबसे बड़ा खेफ बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** कुन्दा थाना प्रभारी परमानन्द कुमार मेहरा ने 31 किलो 250 ग्राम सूखा अफीम और 22 किलो 700 डोडा के साथ दो पिता पुत्र को गिरफ्तार किया है। गरफ्तारी को लेकर सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने अपने सिमरिया कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी की कुछ लोग अफीम छुपा कर घर में रखे हुए है। इसकी सत्यापन को लेकर एक टीम गठित की गयी। टीम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार, एएसआई मदन कुमार सिंह, एवं थाना सशत्र बल के संयुक्त टीम ने शम्भू गंझू, पिता धनु गंझू, वीगन गंझू पिता शम्भू गंझू जो रिश्ते में दोनों पिता पुत्र हैं ग्राम बनिया डीह टोला सखुआ थाना कुन्दा को घर में छापेमारी के दौरान घर में छुपा कर रखा गया 31 किलो 250 ग्राम सूखा अफीम तथा 22 किलो 700 ग्राम डोडा के साथ दोनों अभियुक्तों के साथ बरामद किया गया। वहीं एक अन्य उसी गांव के भोला यादव के घर में तलासी के दौरान दो किलो पांच सौ पच्चास गीला अफीम बरामद किया गया। जिसमें भोला यादव झाडी का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अभियुक्तों को कुन्दा काण्ड संख्या 23/2023 के तहत धारा 15/18/20/22/25() 29/30 एनडीपीएस के तहत दोनों की न्यायिक हिरासत में चतरा भेज दिया गया है। बता दें कि जिले में पहली बार इतनी बड़ी अफीम की खेप किसी खर से बरामद किया गया है। जिससे साफ जाहिर होता है की चतरा जिला को छोटा आफगानिस्तान बनाने में तस्करों ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहें हैं। आखिर कब होगा चतरा नशामुक्त एवं अफीम मुक्त जिला।

## धनकारा निवासी कृष्णा साव ने उपायुक्त को आवेदन दे लगाई न्याय की गुहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** धनकारा गांव निवासी कृष्णा साव ने अपने सहयोगियों के साथ आज समाहरणालय पहुंच अंचल लातेहार द्वारा ऑनलाइन लगान रसीद को गलत ढंग से बंद करने के संबंध मे उपायुक्त को आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन मे उसने बताया है की मैं 1974 मे केवाला से जमीन खरीदे थे। जिसका दाखिल खारिज कराकर रशीद कटवा रहे थे।फिर भी दाखिल खारिज करवाकर 2021 मे कर्मचारी सीआई, सीओ के द्वारा ऑनलाइन रशीद कटना चालू हो गया। उन्होंने आवेदन मे कहा की मार्च 2023 मे लगान ऑनलाइन रसीद कटवाने गए तो कंप्यूटर में शो नहीं कर रहा है। पता किए जाने पर अंचल के दलाल भोला प्रसाद कंप्यूटर ऑपरेटर आकाश कुमार से मिलाकर ऑनलाइन को डिलीट करा दिया गया। आवेदक ने उपायुक्त से उक्त समस्या का समाधान कराने की मांग की है। जिससे हम अपना लगान रसीद कटवा सके। मौके पर साथ में अन्य लोग मौजूद थे।

## ट्रैक्टर मालिकों ने अधिकारियों पर लगाया अवैध वसूली का आरोप



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गारु प्रखंड के ट्रैक्टर मालिकों ने जिला परिषद सदस्य जीरा देवी के पत्ति रामदेव उरांव, एवं गारु अंचल पदाधिकारी पर भी अवैध वसूली का आरोप लगाया है। ट्रैक्टर मालिकों का कहना है। कि गारु प्रखंड में हो रहे बालू उठाव में 100 रुपये के जगह 150 रुपये कि वसूली चालान कर्ता के द्वारा किया जा रहा है। और चालान 100 रुपये का ही दिया जा रहा है। प्रति ट्रीप 50 रुपए की अवैध वसूली हो रही है। पैसा नहीं देने पर ट्रैक्टर ड्राइवर के साथ मारपीट कर चालान छीन लेते हैं। और पुलिस को ग़लत सूचना देकर ट्रैक्टर को पकड़वाते हैं। वहीं गारु अंचल पदाधिकारी शंभू राम का कहना है।कि यह आरोप सरासर ग़लत है, एवं निराधार है।

## विदेशी शराब दुकान किया गया था सील, विभागीय कार्रवाई शुरू

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विदेशी शराब दुकान में कार्यरत कर्मियों के बारे में लोगों द्वारा शिकायत किया गया था की शराब की बिक्री में निर्धारित मूल्य से अधिक पैसा लिया जा रहा है, जिसके सत्यापन और गैर कानूनी गतिविधियों की आशंका को देखते हुए एसडीओ महुआडांड़ के द्वारा विदेशी शराब की दुकान को सील किया गया था। जिसके बाद दुकान में कार्यरत कर्मियों का लिखित हस्ताक्षर लेने के बाद दुकान मैं स्टोर के हिसाब किताब के लिए बुलाया गया था लेकिन हिसाब देने के लिए कोई भी दुकान में कार्यरत कर्मी नहीं पहुंचे। जिसके बाद उत्पाद निरीक्षक प्रदीप कुमार सिन्हा और दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता की निगरानी में शराब दुकान को खोल कर स्टॉक में रखे गए शराब का मिलान बिक्री रजिस्टर के साथ किया गया। दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा बताया गया की मिलान के बाद यदि किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो दुकान में कार्यरत कर्मियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नवल किशोर यादव पुनः बने राजद जिलाध्यक्ष

# सिमरिया पार्टी कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** चतरा के पूर्व राजद जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव को पुनः एक बार फिर जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किए गये है। यह मनोनयन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने किया है और अपेक्षा की है कि संगठन को सुदृढ़ तथा धारदार बनाने में अपना सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उनके मनोनयन पर सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू आलम के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी है तथा आशा व्यक्त की है कि उनके कार्यकाल में पार्टी नई ऊंचाई को प्राप्त करेगी, प्रखंड कमेटी सशक्त और मजबूत होगा। प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि श्री यादव को दुबारा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की है और आशा व्यक्त की है कि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर नित्य नए दिन संगठन के विकास और विस्तार के लिए अहम भूमिका निभाएंगे। बधाई देने वालों में अनुमंडलीय मंत्री प्रतिनिधि सुबोध पांडेय, प्रखंड उपाध्यक्ष नरेश यादव, युवा मोर्चा के जिला महासचिव जवाहर यादव, अख्तर हुसैन, राजेश कुमार साहू, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष बीरेंद्र यादव, अखलाकुर रहमान, नागेश्वर महतो, आशीष गंझू, छोटू यादव, रिंकू यादव, मो. मिनहाज, आबिद हुसैन, देवेंद्र यादव, रफीक अंसारी, निर्मल यादव सहित सभी मोर्चा के सदस्य का नाम शामिल है।

## मस्जिद में तालिमी मुजाहिरा का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** बारियातू प्रखण्ड अन्तर्गत टोटी पंचायत के इटके जामा मस्जिद व साल्वे पंचायत के नुरी मस्जिद में सोमवार रात तालिमी मुजाहिरा का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इटके जामा मस्जिद आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मौलाना मुर्शिद ने किया व संचालन मस्जिद के इमाम मौलाना शमसाद ने किया। मोलाना आशिफ नदवी, मौलाना आजम, हाफिज फैजान, तथा मौलाना उमर नदवी ने जज की भूमिका निभाया। अलइस्बाह सैफुल्लाह ने कुरान की तिलावत से कार्यक्रम का आगाज किया। मौके पर अध्यक्षता कर रहे मौलाना मुर्शिद ने तकरीर देते हुए कहा कि वर्तमान में जालिम का खास महत्व है, तालिम पाकर हीं लोग हुनरमंद बनते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस्लामी ज्ञान के साथ साथ दुनियादारी का ज्ञान भी सीखना बहुत जरूरी है। उन्होंने मदरसा के नौनिहालों को हौसला अफजाई करते हुए सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने की बात कही। इस तालिमी मुजाहिरा में अलइस्बाह सैफुल्लाह पहला, अमतुला तसलीम दुसरा,व बुकरा शौकत तिसरा स्थान प्राप्त किया तथा तकरीर में समी अहमद व अलइस्बाह सैफुल्लाह अव्वल रहे। मुकालमती मुकाबला मे एबादुल्लाह व यहया के टीम ने बाजी मारी। दुसरी तरफ साल्वे पंचायत के नुरी मस्जिद के कार्यक्रम का अध्यक्षता इमाम हाफिज इम्तियाज ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौलाना अबुसहमा नकवी शिरकत किए। जामिया इस्लामीया इटके के कारी इस्राफील ने कुरान की तिलावत से कार्यक्रम का आगाज किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें तकरीर में इसरत पिता मो अतीक, नात में लाडली परवीन, पिता इफ्तेखार, मोकालमा में रजिया परवीन व सादिया परवीनके टीम ने बाजी मारी। तथा दुआ में मो उस्मान, पिता मो जैनुलाअबदीन व हदीस में नगमा परवीन ने पहला स्थान हासिल किया। इस महत्वपूर्ण मौके पर हाजी जियाउर्शिद,मो महमूद, मो इरसाद, मो मिन्हाज, मो सजाद, मो कयुम, मो नौसाद इनामुल हक, मौलाना जैनुल,हाजी हबीबुल्लाह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## उपायुक्त अबु इमरान ने एस एच उच्च विद्यालय स्थित अम्बेडकर भवन का किया निरीक्षण



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अबु इमरान ने आज एस एच उच्च विद्यालय स्थित अम्बेडकर भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में अम्बेडकर भवन के जीर्णोद्धार करने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस मौके पर अम्बेडकर भवन को सक्रिय सभागार के रूप में विकसित करने हेतु कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय झा को आकलन रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन जल सुरक्षित करने को लेकर प्रखंड अधिकारियों ने लिया शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय में जल जीवन जल मिशन के बैनर तले प्रखंड अधिकारियों के साथ-साथ ग्रामीणों ने 21 मार्च मंगलवार को जल बचाने से संबंधित शपथ ग्रहण किया है। बताते चलें कि कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह एवं अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक के सहयोग से सफल किया गया।शपथ ग्रहण में पानी बचाने और उसके विवेकपूर्ण उपयोग की शपथ लेता हूं।जल का समुचित उपयोग करूंगा।तथा पानी की हर एक बूंद का संचयन करूंगा। कैच द रेन अभियान को बढ़ावा देने में पूरा सहयोग करूंगा। पानी को एक अनमोल संपदा मानूंगा और ऐसा मानते हुए ही इसका उपयोग करूंगा। अपने परिजनों, मित्रों, और पड़ोसियों को भी विवेकपूर्ण उपयोग और उसे व्यर्थ नहीं करने के लिए प्रेरित करूंगा। यह ग्रह हमारा है और हम ही इसे बचा सकते हैं। अपने भविष्य में जल की अत्यधिक आवश्यकता है। इन सभी शर्तों का शपथ ग्रहण किया गया। मौके पर उपस्थित बीपीओ अजय कुमार सिन्हा पंचायत सेवक चितरंजन शर्मा मिथिलेश सिंह जेएसएलपीएस एफटीसी अनिल प्रजापति कंप्यूटर ऑपरेटर समाजसेवी प्रसाद पासवान प्रदीप पासवान रूपलाल कुमार के साथ साथ दर्जनों महिला-पुरुष कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## बरवाडीह महावीर चौक अखाड़ा समिति के दीपलेश चुने गए अध्यक्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** मंगलवार को रामनवमी पूजा समिति व बजरंग दल की बैठक प्रखंड मुख्यालय बस स्टैंड परिसर में सम्पन्न हुई। इस दौरान समिति का के गठन पर चर्चा हुई और अखाड़ा समिति का विस्तार करते हुए सर्व सम्मति से दीपेश कुमार सिंह उर्फ सोनू को अध्यक्ष चुना गया। वहीं बैठक में पूर्व की भांति इस वर्ष रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया साथ ही यह जानकारी देते हुए अपील की गई है कि आगामी 30 मार्च को शाम 7 बजे तक सभी अखाड़े महावीर चौक अखाड़ा बरवाडीह बस स्टैंड पहुचेंगे। जहां झंडा का मिलन और कलाकरो के द्वारा करतब दिखाने का कार्यक्रम तय किया गया है। वही उपाध्यक्ष- राज वर्धन सिंह, विवेक सिंह, सचिव-दिलीप अग्रवाल, सोनू सरदार, कोषाध्यक्ष- राजेन्द्र कुमार उर्फ बबलू प्रसाद व पेयजल प्रभारी- नरेश चौरसिया, विनय अग्रवाल, अविनाश कुमार, मन्नू अग्रवाल, मंच संचालक -विकास सिंह, सूचना प्रभारी- हेमंत कुमार कश्यप,पारस जयसवाल, मनीष कुमार, मंच प्रभारी- कमलेश सिंह, सुनील सिंह, अखाड़ा प्रभारी- शम्भू प्रसाद, नीरज सिन्हा, झंडा सह सजावट प्रभारी- रवि शेखर सिंह (भीम), ओम सिंह,गुड्डू सिंह,राजा सिंह, क्षितिज संरक्षक - सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, उप प्रमुख बीरेंद्र, प्रवीण कुमार, संजय सिंह, शशिशेखर सिंह को चुना गया है।

## उपायुक्त के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान ?फर खिजरी, योजना पदाधिकारी अनूप कुमार और कार्यपालक दंडाधिकारी राम नारायण खलखो द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। समस्याओं में मुख्य रूप से जमीन से संबंधित मामले, पारा शिक्षक के भुगतान संबंधित, छात्रवृत्ति संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। गौरतलब है कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## दो अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू थाना क्षेत्र के अमरवाडिह पंचायत के पंकुरवा गांव के एनडीपीएस कांड के आरोपी के घर नियम संगत इस्तेहार चिपकाया। बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि ग्राम पंकुरवा निवासी त्रिवेणी गंझु पिता बढन गंझु व राज गंझु पिता त्रिवेणी गंझु दोनों अभियुक्त घर पुअनि दिपक नारायण सिंह ने सदलबल के साथ पहुंच कर नियम संगत इस्तेहार चिपकाया।

## टंडवा प्रखंड परिसर में निबंधन शिविर का आयोजन आज

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार जिला नियोजनालय चतरा के द्वारा दिनांक 22 मार्च दिन बुधवार को टंडवा प्रखंड परिसर में बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस आशय की जानकारी टंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी रंथू महतो ने प्रेस पत्र जारी करते हुए बताया। बीडीओ श्री महतो ने कहा कि इच्छुक युवक एवं युवतियां निबंधन कराने हेतु अपने सभी तरह के शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छाया प्रति जाति प्रमाण पत्र , निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड इत्यादि के साथ निर्धारित तिथि एवं समय से टंडवा प्रखंड परिसर में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे ताकि उनका निबंधन जिला नियोजनालय में पूर्णरूपेण हो सके।

# तीन चोर गिरफ्तार, जेल

**➲सनातन धर्म प्रेमियों ने मंदिरों में हो रही चोरी की उच्च स्तरीय जांच की मांग की**



दिलीप कुमार @ प्रभात मंत्र

**बालूमाथ :** बालूमाथ पुलिस ने विभिन्न मंदिरों में चोरी करने तथा चोरी के समान खरीदने के तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने प्रेस वार्ता जारी कर बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के आदेशानुसार बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार के नेतृत्व में विभिन्न मंदिरों में हो रही चोरी की घटना को उद्भेदन एवं चोरों के गिरफ्तारी हेतु एक टीम गठित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया जिसमे गठित टीम द्वारा बालूमाथ थाना कांड संख्या 49/23एवं 50/23 कांड में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया वही गिरफ्तार अभियुक्तों के निशान देही पर चोरी के सामान खरीदने वाले एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया साथ ही मंदिर से चोरी किये गए पीतल के बाल्टी, झाल, लोटा, गागर, थाली समेत कई समान की बरामदगी की गयी वही गिरफ्तार अभियुक्तों में मोहम्मद रिजवान उर्फ ताड़ी उर्फ पिंटू उम्र 30 वर्ष पिता मोहम्मद असगर, ग्राम बालूमाथ रहमत नगर ,इरफान अंसारी उम्र 22 वर्ष पिता कलीम अंसारी ग्राम जरी, तथा चोरी के सामान खरीदने के आरोपी सहदेव सोनी उम्र 28 वर्ष पिता हरि भजन साव ग्राम झाबर, थाना बालूमाथ जिला लातेहार को गिरफ्तार कर लातेहार न्यायिक हिरासत भेज दिया गया। इधर चोरी की घटना के बाद नगड़ा ग्राम में सनातन धर्म प्रेमियों की एक आपातकालीन बैठक हुई जिसमें शिव मंदिर नगड़ा, पहाड़ी मंदिर जररी,तथा रामघाट मंदिर में हुई चोरी की घटना की निंदा करते हुवे कहां की रामनवमी से पूर्व मंदिरो में चोरी की घटना का अंजाम देने की जांच उच्च स्तरीय कराई जाए ताकि इससे पता चले कि यह सिर्फ एक चोरी है या कोई बड़ी साजिश। इस छापेमारी अभियान में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, पु0अ0नी कुबेर साव, धीरज कुमार, दुती कृष्ण महतो, स0अ0नी चंद्रशेखर दुबे, संजय चौधरी समेत थाना के शस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

## ताइक्वांडो ट्रेनिंग ऑफ मार्शल आर्ट का हुआ उद्घाटन

# सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चों को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर तक खेलने का मिलेगा मौका



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लावालौंग :** लावालौंग अति प्रभावित तथा सुदूरवर्ती कहे जाने वाले लावालौंग प्रखंड के बच्चे भी अब बड़े-बड़े शहरों के तर्ज पर देश विदेशों तक अपनी ख्याति बरकरार कर पाएंगे।ज्ञात हो कि मंगलवार को डीएवी शिक्षादीप के सौजन्य से क्षेत्र के बच्चों के हुनर को निखारने के लिए ताइक्वांडो ट्रेनिंग ऑफ मार्शल आर्ट के लिए प्रखंड स्तरीय एसोसिएशन कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन का कार्य ताइक्वांडो एसोसिएशन के झारखंड संयुक्त सचिव विकास कुमार केसरी, मुखिया नेमन भारती एवं कोच आदित्य कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए विकास कुमार नें कहा कि ताइक्वांडो का सिद्धांत शिष्टाचार, अखंडता, दृढ़ता, आत्म नियंत्रण और अदम्य भावना उत्पन्न करना एवं सत्य, अच्छाई, धर्म और मानवता की रक्षा के लिए तत्पर बनाना है। वहीं मस्तिष्क में डोपामाइन, सेरोटोनिन और नॉरपेनेफ्रिन के उत्पादन को भी बढ़ावा मिलता है। जिससे बच्चों में दिव्य सोंच व शक्ति उत्पन्न होती है। इससे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को भी बल मिलता है। वहीं राज्य, देश एवं विदेशों की सरकार से मान्यता प्राप्त होने के कारण नौकरी के क्षेत्र में भी इसके खिलाड़ियों को विशेष आरक्षण मिलता है। परिश्रम से अभ्यास करने वाले विद्यार्थियों को जिला, राज्य एवं देश के साथ-साथ विदेशों में भी जाकर अपना हुनर दिखाने और सरकार से विशेष स्कॉलरशिप प्राप्त करने का अवसर मिल सकता है। संपूर्ण कार्यक्रम लावालौंग ताइक्वांडो एसोसिएशन के डायरेक्टर अमित कुमार मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के प्राचार्य कुमारी अनुप्रिया पांडेय, शिक्षक अंचन कुमारी, बेबी देवी, उमा कुमारी, रीता देवी, होरिल साहू, राजेंद्र प्रसाद यादव, प्रमोद प्रजापति, प्रकाश साहू, भरत प्रजापति, अशोक रजक, उमेश प्रसाद केसरी, अशोक यादव, मुकेश यादव, प्रकाश प्रजापति, शंकर मिस्त्री, केदार प्रजापति, आदित्य पासवान, विजय यादव समेत अन्य लोगों ने भी अहम भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त खबरें

### समाज सेवी ने रामनवमी अखाड़ा एवं मंदिर परिसर कि साफ-सफाई करवाई

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम पंचायत कोतो के ऐतिहासिक रामनवमी पुजा सरहुल व चैती दुर्गा पुजा को लेकर पंचायत मुखिया निधि सिंह व जय प्रकाश सिंह ननकी के आग्रह पर समाजसेवी ऋषिराज भण्डारी के द्वारा रामनवमी अखाड़ा, दुर्गा मंदिर परिसर की साफ़-सफाई करवाया गया। साथ ही साथ समाज सेवी के द्वारा दुर्गा मंदिर और सरहुल बाउंड्रीवाल का भी रंग- रोगन कार्य किया जा रहा है। समाज सेवी के इन कार्यो की सराहना करते हुए पंचायत कि मुखिया ने आभार व्यक्त किया। मौके पर कमिटी के सपन दास सुरज कुमार अंकित सिंह गोविंद कुमार जानकी मुन्डा विकास मुन्डा मक्खन मुन्डा चरका महली सुनिल महली प्रमोद चौधरी आदि उपस्थित थे।

### ट्रक अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चरही थाना क्षेत्र के 14 माईल रेलवे ओवरब्रिज के समीप एनएच 33 में सोमवार रात करीब 10 बजे टाटा सिग्ना ट्रक संख्या जेएच-02बीके-8014 अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में उपचालक नंदलाल साव गंभीर रूप से घायल हो गया वही चालक शंकर यादव बाल बाल बच गए। मौके पर पहुंचे चरही पुलिस ने घायल व्यक्ति को इलाज के लिए रामगढ़ सदर भेज दिया गया। मौके पर पहुंचे ट्रक मालिक मुंसी यादव ने बताया कि ट्रक गोला से मालवा कानपुर इंगट लोहा लाद कर निकली थी। अचानक वाहन के आगे जानवर आ गया, जिसे बचाने के क्रम में दुर्घटना घटित हो गयी। इधर जानकारी जुटाने पर पता चला की सड़क के एक छोर को घेर कर एक हाईवा वहान खड़ी थी जिसे बचाने के क्रम में उक्त वाहन दुर्घटना का शिकार हो गयी। बताते चले कि चरही बोकारो नदी पुल से 14 माईल के बीच कई सारे लाईन होटल स्थापित हो गए है। जो न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे है बल्कि दुर्घटना का भी मुख्य कारण बन रहे है। होटल में रुकने वाले वाहन एनएच 33 रोड में ही खड़े किये जाते है, जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

### कलश यात्रा निकाली गई

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पांडू में छह दिवसीय रामनावमी पूजा के आयोजन को लेकर 21 मार्च को कलश यात्रा निकाली गई! कलश यात्रा की शुरुआत तरहेसा गांव स्थित शिव झरना से कलश में जल भरकर किया गया जो पांडू स्थित देवी मंडप में रखा गया! कलश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु भक्त शमिल हुए! इस दौरान जय श्री राम हर हर महादेव के उदघोष से क्षेत्र गुंजायमान रहा।

रामनवमी पूजा मनाने के उपलक्ष्य में वर्तमान मुखिया सकीबा खातून और मुखिया पति रब्बानी मियां ने कहा कि पांडू पंचायत में हम सभी पंचायत वासी दोनो समुदाय का त्योहार सादगी के साथ मनाते हैं! ज्ञात हो कि पांडू में रामनवमी पूजा की रूप रेखा इस प्रकार है! 21मार्च को कलश यात्रा 22 मार्च को कलश स्थापना 26 मार्च को भक्ति जागरण 28 मार्च को हरि कीर्तन 29 मार्च को मंगला जुलूस 30 मार्च को रामनवमी जुलूस निकाला जायगा! मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधान सभा प्रभारी रौशन लाल चौधरी पुर्व मुखिया राकेश रंजन दुबे जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि प्रितम सिंह भोला महतो, मुखिया पति मो रब्बानी तापेश्वर महतो संदीप कुशवाहा पंकज साहा उपमुखिया अनिल राम ,राजू प्रजापति आतो प्रजापति अशोक प्रजापति संतोष प्रजापति कुलदीप प्रजापति विनोद राम, सफर रजा संतोष राम लखन राम सुबोध राम नागेश्वर राम लक्ष्मण राम श्रवन राम प्रेम सिंह अरविंद सिंह, मो समसूल मो इनायत, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजुद थे।

### रामगढ़-बोकारो मार्ग पर लारी में ट्रक और कार के बीच भीषण टक्कर

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला की मुख्य मार्गों पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं घट रही हैं। जिसमें जान माल का बड़ा नुकसान हो रहा है। खासकर रामगढ़ रांची और रामगढ़ बोकारो मार्ग पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं घट रही हैं। रामगढ़ बोकारो मार्ग पर 21 मार्च को एक भीषण सड़क दुर्घटना घटी है जिसमें सीसीएल के एक युवा अधिकारी की मौत और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार रामगढ़ जिला के रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी में रामगढ़ बोकारो मार्ग पर एक ट्रक और एक कार के बीच भीषण टक्कर हुई। बताया गया कि कार में सीसीएल के अधिकारी बैठे थे। कार में सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के 04 अधिकारीयों के साथ एक सड़क दुर्घटना हो गई। इस घटना में एक नए अधिकारी अंकुर ठाकुर (प्रबंधन प्रशिक्षु- सेल्स एंड मार्केटिंग) की मृत्यु हो गयी। जबकि अन्य तीन घायल हो गये हैं। जिनका इलाज मेदांता अस्तपताल राँची में चल रहा है। घायलों में निम्न अधिकारी शामिल हैं- के सौरभ, उप प्रबंधक(सिविल), आशुतोष शरण, प्रबंधक (उत्खनन), नीतीश बराल, प्रबंधक (उत्खनन) शामिल है।जिनका इलाज मेदांता अस्पताल रांची में चल रहा है। इस घटना की जानकारी मिलते हीं महाप्रबंधक रजरप्पा क्षेत्र घायलों से मेदांता अस्तपताल जाकर मिले। एक अधिकारी की दुखद एवं असमय मृत्यु से पूरे रजरप्पा क्षेत्र में शोक का महोल है।

# उपायुक्त ने किया रोजगार मेला का शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में नियोजन प्राप्त करने के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजना के तहत मंगलवार को रामगढ़ शहर अंतर्गत छावनी फुटबॉल मैदान में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने रोजगार मेला का शुभारंभ किया। मौके पर उपायुक्त ने उपस्थित सभी युवाओं को रोजगार मेला का लाभ उठाने एवं अपने योग्यता के हिसाब से संबंधित नियोक्ता से संपर्क कर आगे का कार्य करने की अपील की वहीं उन्होंने जिला नियोजन पदाधिकारी देव कुमार प्रसाद को रोजगार मेला का संचालन योजनाबद्ध तरीके से करते हुए ज्यादा से ज्यादा योग्य युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु निजी क्षेत्र के एजेंसियों के साथ समन्वय करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

गौरतलब हो कि रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के कुल 26 एजेंसियों ने भाग लिया जिनमे 26 में से 18 एजेंसी झारखंड राज्य की है एवं 12 रामगढ़ जिले की। रोजगार मेला में लगभग 1200 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जिनमें 518 लोगों का अंतिम रूप से चयन किया गया एवं 506 अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने सांकेतिक रूप से 5 अभ्यर्थियों को विभिन्न एजेंसियों में कार्य करने हेतु नियुक्ति पत्र सौंपा।

## नगर निगम हजारीबाग की स्थाई समिति की बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारिबाग :** परिसदन भवन में नगर निगम हजारीबाग की स्थाई समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान मुख्य रूप से बजट पर चर्चा की गई। जिसमें मार्केट कॉम्प्लेक्स का निर्माण, शहर में पार्किंग की व्यवस्था, अम्रुत योजना के तहत तालाबो का जीर्णोद्धार, जलापूर्ति की उचित व्यवस्था जैसे विषय शामिल है। सरहुल तथा रामनवमीं पर्व को देखते हुए संबंधित विषय पर चर्चा की गई। नगर आयुक्त ने सरहुल मैदान को युद्धस्तर पर सफाई कराने का निदेश दिया तथा वहाँ की नाली के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने का निदेश दिया। इसके अतिरिक्त रामनवमी जुलूस मार्ग में बिजली की उचित व्यवस्था तथा आवश्यकतानुसार जगह जगह डस्टबीन लगाने का निर्णय लिया गया।

## रामनवमी जुलूस पर पाबंदी के खिलाफ अनशनकारियों से मिले सदर उप प्रमुख



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** लगातार छठे दिन से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे इंजीनियर अमन कुमार अजय सिंह, बप्पी करण और रोशन है से मिलने पहुंचे सदर उपप्रमुख रविकांत सिंह एवं दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के जिला अध्यक्ष अमरदीप कुमार , हिटलर शाही, राजू गोप , संजय शर्मा तथा राहुल कुमार। इंजीनियर अमन कुमार ने कहा कि हजारीबाग में विगत सौ वर्षो से रामनवमी पारंपरिक तरीके से मनाया जा रहा है, इसमें लाखों सनातनी श्रद्धालुओं की आस्था रहती है, यहां हजारीबाग के अलावा झारखंड तथा देश से लोग मेला देखने आते हैं।उन्होंने सरकार से मांग की डीजे का वॉल्यूम कम हो , असामाजिक गाना ना बजे केवल धार्मिक गाना बजे लेकिन डीजे शामिल किया जाए , भूख हड़ताल मे शामिल अजय कुमार ने कहा की मंगला जुलूस में जिन श्रद्धालुओं के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गई है, प्रशासन उसे जल्द से जल्द वापस ले , इन लोगों का यह भी कहना है कि हम लोगों को ना सरकार से लड़ाई है ना जिला प्रशासन से और ना ही किसी भी व्यक्ति से।हम सिर्फ यही चाहते है की रामनवमी का पारंपरिक स्वरूप रहने दिया जाए। सदर उप प्रमुख रवि कांत सिंह ने कहा कि इन सभी हड़तालियों की स्वास्थ्य की स्थिति बहुत खराब हो गई है। इन लोगों की मांगे जायज है, हिंदू धर्म की पारंपरिक आस्था को देखते हुए सरकार तथा जिला प्रशासन से जल्द से जल्द मांगे पूरी करने की बात इन्होंने कही ।

## मकतब दारुल कुरान में सालाना इनामी प्रतियोगिता और जलसा का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम बादम में मस्जिद ए मुकद्दस मकतब दारुल कुरान में बच्चों के बीच इस्लामी शिक्षा के ऊपर सालाना इनामी प्रतियोगिता और जलसा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात हाफिज अब्दुल वाजिद ने कुरान ए पाक के तिलावत से किया। कार्यक्रम का संचालन हाजी मुफ्ती दिलशाद अकरम ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने नात पाक, कुरान करीम की तिलावत और तकरीर पेश किया। नेत्रहीन हाफिज नजरूल इस्लाम और हाफिज सगीर आलम ने नात ए पाक से शानदार शमा बंधा। इमारत ए शरिया हजारीबाग शहर काजी मुफ्ती शना उल्लाह कासमी ने लोगों को संबोधित करते हुए पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए पैगंबर के बताए हुए मार्ग पर जिंदगी गुजारने की बात कही।

लोगों को संबोधित करते हुए सफुरा इमाम ने कहा के औरतों को इस्लाम धर्म में इज्जत दी गई। अगर दुनिया में औरतों का वजूद न होता तो ये दुनिया वीरान रहती।

मौके पर मारूफ हसन पिता स्व मुजाहिद इस्लाम, मो सलमान, अब्दुल हन्नान, अब्दुल मन्नान, उसैद खान, अनीशा अफरोज, आलिया इमाम, मो अबू हुरैरा, मो अय्यूब, मो मोआज ने तकरीर और नात से लोगों का मन मोह लिया। सभी बच्चों को पुरुस्कृत भी किया गया। अंत में मुल्क में अमन चैन और मुल्क के तरक्की के लिए दुआ की गई। मौके पर मुख्य रूप से हाफिज तबीब उल हुसैनी, हाफिज इबाद उल्लाह सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सशक्त बूथ निर्माण मेरी प्राथमिकता : राजेश प्रसाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के दोनों मंडलो के अध्यक्षो की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षात्मक बैठक कृष्णा मेडिकल में विष्णुगढ़ प्रभारी सह पूर्व बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद के नेतृत्व में की गई ।

समीक्षात्मक बैठक में दोनों मंडलो से विभिन्न पंचायतो से बूथ कमिटि की सूची सौपी गई,जिस पर प्रभारी राजेश प्रसाद ने संतोष व्यक्त करते हुए बचे बूथों की कमिटि को एक सप्ताह के भीतर सौपने का निर्देश नियुक्त बूथ प्रभारियों को दिया। साथ ही प्रभारी राजेश प्रसाद ने कहा कि दोनों मंडलो में कुछ कठिन बूथ भी होंगे जिसे मैं और मंडल अध्यक्ष एवं मंडल पदाधिकारियो के साथ करूँगा ।सशक्त बूथ निर्माण ही मेरी प्राथमिकता है ,जिससे मोदी जी फिर भारत के प्रधानमंत्री बने और हमारे देश का नेतृत्व करते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में कार्य करें । इस मौके पर मुख्य रूप से

## डीजे साउंड का उपयोग करने पर वाहन मालिक, साउंड मालिक और अखाड़ा समिति पर होगी कार्रवाई : विनोद तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** रामनवमी महासमिति हरली की बैठक शिव मंदिर प्रांगण में हरली पूजा समिति अध्यक्ष राम सुंदर महतो की अध्यक्षता में की गई जिसका संचालन संयोजक उमेश दांगी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी संतोष राणा ने किया।

बैठक में हरली मे वर्षो से लगने वाले रामनवमी मेला को हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर प्रत्येक गांव व अखाड़ा से आए अध्यक्ष, सचिव एवं प्रबुद्ध जनों से विचार लिए गए जिसके बाद महासमिति की ओर से सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मेला में जुलूस व झांकी तथा झंडा लेकर आने वाले गांव व अखाड़ों को नियत समय का पालन करना अनिवार्य होगा जिसके लिए विश्रामपुर, पिपराडीह , शिवाडीह, सांढ़-छपेरवा, सोनपुरा, तलस्वार, गंगादोहर, गोसाई बलिया के जुलूस व झांकी को शाम 7ः00 बजे विवाह भवन हरली तक पहुंचना अनिवार्य होगा। वही मोतरा के झंडा व जुलूस को 2ः00 दोपहर बजे बादम में गोंदलपूरा, जोराकाठ, चपरी के साथ मिलान कर 3ः30 दोपहर हरली हाई स्कूल के समीप महगाई कला, महंगाई खुर्द के झंडा जुलूस के साथ मिलकर 4ः30 बजे तक मेला स्थल पहुंचना अनिवार्य होगा जिसके बाद 4ः45 में विधिवत नियत समय के अनुसार मोतरा झंडा को हरली मेला स्थल से प्रस्थान किया जाएगा। ताकि 5ः30 बादम मस्जिद पार कर जाए। बाकी झांकी व जुलूस के लिए निर्धारित समय 7ः00 बजे शाम मेला स्थल पूछने के लिए सभी के लिए लागू रहेगा। हाई कोर्ट राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला पुलिस प्रशासन द्वारा दिए गए गाइडलाइन के तहत डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। लेकिन साउंड बॉक्स , चोंगा तथा पारंपरिक कला व वाद्य यंत्र प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

संयोजक उमेश दांगी ने कहा कि महासमिति द्वारा लिए गए निर्णय का पालन जो अखाड़ा व गांव नहीं करेंगे उन्हें माइनस मार्किंग देकर उन्हें पुरूस्कार से वंचित किया जा सकता है जिसकी जिम्मेदारी स्वयं उन अखाड़ों को होगी। वही मौके पर मौजूद बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि जो अखाड़ा व गांव महासमिति के निर्णय के अनुरूप नियमों का पालन करते हुए डीजे आदि के प्रयोग न करने में सहयोग करेंगे उन्हें पुलिस प्रशासन की ओर से भी पुरस्कृत किया जाएगा। महासमिति की बैठक में मुख्य रूप से सेवानिवृत्त डीएसपी सह समाजसेवी मुकुटधारी महतो, मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य कोशीला देवी, प्रभु राम , हरली पूजा समिति अध्यक्ष रामसुंदर महतो, सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष धनेश्वर महतो, पुजारी सबूर महतो, पूजा समिति पूर्व अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, सुरेश कुमार दांगी, तुलसी महतो, केशव नाथ महतो, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, पूर्व पंसस उपेंद्र कुमार, बालेश्वर महतो, प्रमेश गिरी, सत्येंद्र वर्मा, कृष्णा यादव, जागेश्वर प्रजापति, समेत क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ों व गांव के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### श्री श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**हज़ारीबाग़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हज़ारीबाग़ की ऐतिहासिक ख़्याती प्राप्त श्री श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन दूसरे मंगला के मंगलवार को किया गया । मालूम हो कि रामनवमी कि शुरुआत करने वाले स्व0 गुरुसहाय ठाकुर के पौत्र हैं लालजी ठाकुर । लालजी ठाकुर ने रामनवमी महासमिति के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। लालजी ठाकुर काफी समय से सामाजिक कार्यो में सक्रिय भूमिका निभाने वाले वयोवृध्द लालजी ठाकुर ने फीता काट कर उदघाटन किया। इस अवसर पर महासमिति के अध्यक्ष कुणाल यादव के साथ सभी राम भक्त ने कार्यालय का उद्घाटन के बाद कहा की राम नवमी को लेकर हर अखाड़ा व नगरपालिका क्षेत्र के घरों व दुकानों सहित अन्य स्थानों पर भगवा पताका लगाने की अपील की है। उद्घाटन के अवसर श्री कुणाल ने राम भक्तों को समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों को प्रोत्साहित किया। कहा की सामाजिक कार्यों से लेकर रामनवमी जैसे धार्मिक अनुष्ठानों में आप सबों की भागीदारी शत प्रतिशत रहनी चाहिए। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी महापर्व आपसी प्रेम ,भाईचारा , सौहार्द की रामनवमी बने इसके लिए हम सभी को नशा मुक्त करने का संकल्प लेना होगा। मौके पर रामनवमी संरक्षण समिति , कार्यकारी अध्यक्ष, बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास, पूर्व महासमिति अध्यक्ष मंजीत यादव, वीरेंद्र वर्मा वीरू, अमरदीप यादव , जे. पी. जैन, कृष्ण मुरारी, मंदीप यादव, करण सिंह, कुंदन कुमार, संतोष केशरी, नारद पांडे, पिन्टू गिरी, दिलीप उपाध्याय, वरुण यादव, मंदीप यादव, जितेंद्र कुमार, सूरज कुमार, धर्मेंद्र शुक्ला, रविंद्र मेहता, मुन्ना, विक्रांत कुमार समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### करियातपुर रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष बने चंदन केशरी

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर के सुप्रसिद्ध मंदिर संकट मोचन हनुमान मंदिर करियातपुर के प्रांगण में सोमवार रात्रि में रामनवमी पूजा को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी मुरली मनोहर प्रसाद व संचालन संतोष केशरी ने किया। मौके पर नवनियुक्त रामनवमी पूजा महासमिति अध्यक्ष चंदन कुमार केसरी के नेतृत्व में कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत हुए। जिसमें सर्वसम्मति से सचिव धर्मेंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष भीम केशरी, उपाध्यक्ष मुन्ना सोनी, टिंकु केशरी, अरविन्द केशरी का चयन किया गया। मौके पर अध्यक्ष चंदन कुमार केसरी ने कहा कि हरेक वर्ष की भांति इस बार भी रामनवमी महापर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की तरह हम सभी राम भक्तों मर्यादित होकर भव्य तरीके से राम जन्म उत्सव मनाएंगे। उन्होंने करियातपुर समेत बरही प्रखंड वासियों को रामनवमी पर विधि व्यवस्था बनाने में महासमिति व जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। मौके पर पवन केशरी, राजा कुमार, रोशन केशरी , राजेश भगत, बिरजु शर्मा, शिवम केशरी, सुरज केशरी, संजीत कुमार केशरी, संदीप केशरी, राज केशरी, पवन कुमार, नितेश केशरी, चमारी ठाकुर, कैलाश केशरी, उदित कुमार सहित सैकड़ों राम भक्त उपस्थित थे।

### श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष समेत कई नेता

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत खोड़ाआहार पंचायत के रालो निवासी तुलसी यादव की दादी मुनिया देवी के श्राद्ध कार्यक्रम में बतौर मुख्य मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, उप मुखिया रोहित यादव शामिल हुए। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने दिवंगत मुंगिया देवी के फोटो पर माल्यार्पण कर बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान गोरिया करमा के दिलीप कुमार वर्मा के टीम के द्वारा गीत संगीत कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर अतिथियों के द्वारा किया गया। मंच संचालन उप मुखिया रोहित यादव के द्वारा किया गया।

## रामनवमी को लेकर बादम पंचायत में शांति समिति की बैठक का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के बादम पंचायत भवन में रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए शांति समिति के बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी विनोद तिर्की एवं संचालन मुखिया प्रतिनिधि दिपक दास ने किया। थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा के हाई कोर्ट राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला पुलिस प्रशासन द्वारा दिए गए गाइडलाइन के तहत डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। लेकिन साउंड बॉक्स, चोंगा तथा पारंपरिक कला व वाद्य यंत्र प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र होंगे। असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर बनी रहेगी, सोशल मीडिया पर भ्रामक और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट करने वालों को चिन्हित कर निश्चित रूप से करवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने कहा के शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण माहौल में दिशा निर्देशों का पालन करते हुए हम त्योहार मनाएंगे। समाजसेवी गोपी सिंह ने कहा के प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करेंगे। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्म दिवस हम इस तरह से मनाएंगे के किसी के भावना को ठेस नहीं पहुंचाएंगे। शराब के बेचने वालों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का आह्वाहन किया। साथ ही झंडा मिलान के स्थान, मस्जिद और दुर्गा मंदिर के पास प्रशासन से सीसीटीवी लगाने का आह्वाहन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से एसआई प्रशांत मिश्र, गोंदलपुरा मुखिया बासुदेव यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि संतोष मेहता, उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुशवाहा, सदर मो मोकित उल्लाह, अजय सिंह, चंदन महतो, श्रीकांत निराला, वार्ड सदस्य जावेद हुसैन, विक्रम गुप्ता, प्रमोद कुमार, भुदल महतो, गौतम वर्मा, नरेश साव, फैजान अहमद, योगेंद्र गंझु, राजेंद्र महतो, चंद्रदेव राम, तुलसी महतो, विक्रम महतो, फिरोज अंसारी, चेतलाल महतो, अर्जुन साव, बैजनाथ महतो, प्रकाश राम, कैसर अंसारी, खालिद अहमद, ज्ञानी सिंह, गोपी सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कटिया चौक अब शहीद रघुनाथ महतो चौक से जाना जाएगा : किशोर कुमार महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** मंगलवार को शहीद रघुनाथ महतो स्मारक समिति के तत्वधान में प्रथम स्वतंत्रता सेनानी चुहाड़ विद्रोह के नायक शहीद रघुनाथ महतो का 285 वी जयंती कटिया चौक में मनाई गई।जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष किशोर कुमार महतो तथा संचालन अमित कुमार सिंह ने किया। समिति के अध्यक्ष ने कहा की शहीद रघुनाथ महतो का जन्म 21 मार्च 1738 ईस्वी में सरायकेला खरसावां नीमडीह प्रखंड के अंतर्गत में हुआ था। वे एक भारतीय क्रांतिकारी के साथ-साथ मुखर नेता भी थे।

जिन्होंने 1769 से 1778 में अंग्रेजों के विरुद्ध चूआड़ विद्रोह का नेतृत्व किया था। यह विद्रोह छोटानागपुर क्षेत्र में अंग्रेजो के खिलाफ पहला विद्रोह था।उन्होंने अपना गांव अपना राज दूर भगाओ विदेशी राज्य का नारा दिया था। अंग्रेजों द्वारा उन्हें 5 अप्रैल 1778 ईस्वी में मार दिया गया था। इसलिए अब कटिया चौक का नाम शहीद रघुनाथ महतो कटिया चौक नाम से जाना जाएगा। चौक में शहीद रघुनाथ महतो का कट आउट का अनावरण किया गया। मौके पर भुनेश्वर महतो, नरेश महतो,प्रियनाथ मुखर्जी,नंदकिशोर महतो,गोविंद सोनी,रणधीर कपूर,तेरूस देवी,मनीष कुमार,सुनील कुमार महतो,राजीव कुमार,ओमप्रकाश बिट्टू,गोपाल महतो,रंजन कुमार पटेल,मनोरंजन कुमार,रवि कुमार,विनोद कुमार, बालकिशुन महतो,रवि कुमार,गोविंद महतो,राजेश कुमार,रविंद्र कुमार, प्रियरंजन कुमार,रमेश कुमार, खेमलाल महतो,रोहित कुमार,सुरेश महतो,पवन महतो,कमल नाथ,महतो इत्यादि उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## नेचरफ्रेश ने लॉन्च किया बदलो बेहतर के लिए कैंपेन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ज्यादा एक्टिव जिंदगी जीने की चाहत रखने वाले उपभोक्ताओं की जरूरतों के साथ ढलते हुए कारगिल के खाद्य तेल ब्रांड नेचरफ्रेश0 ने आज नया ब्रांड कैंपेन लॉन्च किया। 'बदलो बेहतर के लिए' की थीम पर लॉन्च हुआ यह कैंपेन बच्चों की दिनचर्या में एक्टिव पैरेंटिंग के महत्व को दर्शाता है, जिससे बच्चे अपनी पूरी क्षमता का लाभ लेने में सक्षम हो पाते हैं। नए पैक डिजाइन, टीवी विज्ञापन और ऑन ग्राउंड मार्केटिंग पहल के साथ यह कैंपेन स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने वाले उपभोक्ताओं की बात करता है। यह कैंपेन स्वयं को स्वस्थ रखते हुए अभिभावकों को बच्चों के सफर और कामयाबी का सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित करते हुए उनसे एक भावनात्मक जुड़ाव बनाता है। इस कैंपेन के माध्यम से ब्रांड ने शहरी क्षेत्रों में रहने वाले 30 से 50 साल की उम्र के 'एक्टिव पैरेंट्स' को संबोधित किया है, जो आत्मविश्वास से भरपूर, महत्वाकांक्षी एवं प्रसन्न जीवन जीना चाहते हैं। अभिभावक के रूप में उनकी सफलता अपने बच्चे को उसकी पूरी क्षमता का उपयोग करने में उसकी मदद करने पर टिकी होती है।




## विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**जामताड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्पाद विभाग की ओर से सोमवार देर शाम को बड़ी कार्यवाही की गई, जिसमें भारी मात्रा में विदेशी शराब और बियर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, बता दें कि मिहिजाम थाना क्षेत्र के गोराईनाला में गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने एसआई देवी लाल सोरेन के अगुवाई में छापेमारी की, जहां अमित मंडल के घर से 80 पेटी विदेशी शराब सहित बीयर बरामद किया गया है। तत्काल कार्रवाई करते हुए उत्पाद विभाग की टीम ने अमित मंडल को हिरासत में ले लिया है और शराब विभाग द्वारा जब्त कर लिया है।एक आकलन के अनुसार शराब की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए बताई गई है ,वहीं उत्पाद विभाग की टीम मामले की जांच में जुट गई है। वही गिरफ्तार अमित मंडल ने बताया कि गोराई नाला में मेला आयोजित होने वाला है जिसको लेकर उसने बंगाल से शराब मंगवाया था।

## आजसू पार्टी के पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी का स्वागत किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के पदाधिकारियों ने आज रांची स्थित आवास पहुंचकर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी का स्वागत किया । साथी रामगढ़ उपचुनाव में मिली जीत की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान मिलने आए लोगों के प्रति आभार जताते हुए नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी ने पार्टी हित में कार्य करते हुए जन जन की आवाज बनने की अपेक्षा जताई और और कहा कि रामगढ़ की जनता के हर सुख दुख में पार्टी के लोग खड़े थे और आगे भी खड़े रहेंगे । स्वागत करने में आजसू बुद्धिजीवी मंच के प्रवक्ता और प्रसाद रामगढ़ महाविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष रोहित सोनी एनके गुप्ता चिंटू गुप्ता धीरज गुप्ता मनोहर गुप्ता आदि लोग शामिल थे।

## रामनवमी को लेकर पांच अखाड़ों ने अरगड्डा में निकाला मंगला जुलूस

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी महोत्सव को लेकर अरगड्डा के पांच अखाड़ों के द्वारा मंगलवार संध्या मंगला जुलूस निकाला गया। भगवान श्री राम, बजरंगबली, हर हर महादेव के नारों के साथ हाथों में गेरुआ ध्वजा थामें भक्तों ने जय कारे लगाएं। मंगला जुलूस अरगड्डा चेक पोस्ट, चौहान मोहल्ला, सुभाषनगर, पंचमुखी हनुमान मंदिर से होते हुए शिव मंदिर बाजार तक भ्रमण किया। मौके पर भक्त रंजीत पासवान, रणधीर गुप्ता, दिलीप पासवान, नितेश नायक, सत्येंद्र महतो, राजेश गुप्ता, ज्ञानचंद विश्वकर्मा, विनोद चौहान, शुभम पिल्ले, विकास नायक, कपिल नायक, विकास चौहान, अर्जुन चौहान, भीम सिंह चौहान, मनु सोनी, विकास सोनी,अमर सागर, धीरज प्रसाद समेत दर्जनों युवा उपस्थित थे।

## कनशिली में ग्राम सभा सचिवालय का उद्घघाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कर्रा :** प्रखंड के लोधमा पंचायत अन्तर्गत कनशिली गांव में मंगलवार को फिया फाउंडेशन द्वारा संचालित राईट-टू-फूड परियोजना के तहत ग्राम सभा सचिवालय का उद्घघाटन मुखिया मंजुला उरांव एवं वार्ड सदस्य जयपाल मुंडा ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया. जिसके बाद सभा को संबोधित करते हुए मुखिया मंजुला उरांव कही कि ग्राम सभा कि आठ समिति का पूर्णर्गठन करने के साथ-साथ ग्राम सभा सचिवालय का उद्घघाटन के बाद अब सभी लोगों को गांव के विकास के लिए अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी है जिसके लिए अभी तत्काल हम लोगों को मनरेगा के तहत जल संरक्षना को टीसीबी को कार्य चालू कराना है जिसके लिए दर्जनों लोगों ने जॉब कार्ड, आधार कार्ड, जमीन का विवरण देकर योजना इंट्री कराने कि बात कही गयी. वही ग्राम सभा को मजबूती करने पर जोर दिया गया. इस मौके पर प्रखंड सलाहकार एस अहमद, फिल्ड सुपरवाइजर अतुल कुमार, रानी हांसदा, एलिस होरो, आंगनवाड़ी सेविका नोमी तिर्की, जीतन हेरेंज, सुन्दरी देवी, सिद्दीका परवीन अलावे अन्य लोग मौजूद रहे।

## महावीर मंडल समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** महावीर मंडल समिति की बैठक 20 मार्च को को देर रात संपन्न हुई। महावीर मंडल समिति के संयोजक संतोष सोनी तथा सह संयोजक जितेंद्र साहु बने। 20 मार्च की देर रात महावीर मंदिर के प्रांगण में महावीर मंडल समिति की एक आवश्यक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अवध किशोर अग्रवाल ने तथा संचालन बिगन स्वर्णकार ने किया। बैठक में कहा गया की रामनवमी 30.03.2023 को हर साल की भांति इस साल भी धुमधाम से परम्पगारत तरीके से मनाई जाएगी। रामनवमी उत्सव मनाने के लिए पुरानी कमिटी भंग की गई। एक न्ई कमिटी बनाई गई। जिसे सुचारू रूप से चलाने के लिए कहा गया पुजा अर्चना ,साफ सफाई, जुलुस ,झांकी तथा साज सज्जा लाईट बाजा के साथ प्रसाद वितरण और रामनवमी जुलूस निकालने की बात की गई।इन सभी बिंदुओं पर गहन चर्चा किया गया। सभी को आर्थिक सहयोग से यह कार्य पुरा करना हैं। यह भी कहा गया। इसके लिए एक संजोयक मंडली मनाई गई। उक्त मौके पर संरक्षक अवध किशोर अग्रवाल ,बिगन स्वर्णकार, संजोयक संतोष सोनी, सह संयोजक जितेंद्र साहु, कोषाध्यक्ष रवी शंकर प्रसाद ,सह कोषाध्यक्ष अजय प्रसाद के अलावा कार्यकारिणी सदस्य जंयत गुप्ता, उमेश स्वर्णकार ,बिनोद कुमार, गुप्ता ,रामकुमार अग्रवाल ,सुरज साव ,धिरज कुमार , विनय अग्रवाल, अनिल तिवारी, सोनु गुप्ता, और मंयन गुप्ता आदि को बनाया गया।

## शाहिद रघुनाथ महतो का 285वीं जयंती मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शहीद रघुनाथ महतो का जयंती आजसू पार्टी का रामगढ़ नगर परिषद कार्यालय मे मनाया गया ।जिसमें मुख्य रुप से रामगढ़ नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो एवं विशिष्ट रूप से 27 के वार्ड पार्षद रोशन कुमार शामिल हुए शहीद रघुनाथ महतो के जयंती के अवसर पर उपाध्यक्ष मनोज महतो ने कहा कि देश का पहला स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद आदिवासियों ने रघुनाथ महतो के नेतृत्व में ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ जंगल , जमीन के बचाव तथा नाना प्रकार के शोषण से मुक्ति के लिए 1769 में आरंभ किया था ।रघुनाथ महतो का जन्म झारखंड के सरायकेला - खरसावां जिला के घुटियाडीह में 1738 को हुआ था । 1769 में नीमडीह के मैदान से भड़की चुआड़ आंदोलन की चिनगारी पातकूम , बड़ाभूम , धालभूम ,गम्हरिया , सिल्ली , सोनाहातु , बुण्डू , तमाड़ , रामगढ़ आदि अनेक स्थानों पर फै दल टल गई । कुड़मी , भूमिज , संथाल , मुंडा , भुइयां सभी एकजुट हुए ।आंदोलन की आक्रामकता को देखते हुए अंग्रेजों ने छोटानागपुर को पटना से हटाकर बंगाल प्रेसीडेंसी के अधीन कर दिया।

## जय-जय श्री राम के जयकारों से गूंजा भुरकुंडा कोयलांचल

**भुरकुंडा में निकला भव्य मंगला जुलूस, श्रद्धालुओं के लिए पानी-शरबत की थी व्यवस्था**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को रामभक्तों द्वारा भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। इसमें सैंकड़ों महिला-पुरूष महावीरी पताकों के साथ ढ़ोल-नगाड़ों के बीच नाचते गाते शामिल हुए। इस दौरान जय-जय श्री राम आदि भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। इधर बजरंग दल के शंकर यादव के नेतृत्व में भुरकुंडा रामनवमी मैदान से रामभक्तों ने विशाल मंगला जुलूस निकाला। जुलूस बिरसा चैक, जनता टॉकीज, भुरकुंडा बाजार आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए भुरकुंडा थाना चैक पहुंचा। यहां रामभक्तों ने एकजुटता का परिचय देते हुए अस्त्र-शस्त्र का हैरत अंगेज प्रदर्शन कर जय श्री राम, जय हनुमान आदि भक्ति जयकारे लगाते दिखें। भक्तों को आराध्य देवी-देवताओं के उद्घोषो से पूरा भुरकुंडा कोयलांचल गूंजायमान होता रहा। इधर जुलूस में शामिल राम भक्तों के लिए समाज सेवी संस्था जी-16 द्वारा बोतल पानी का वितरण किया। वहीं मेन रोड गुरुद्वारा में नव युवक संघ ऊपर धौड़ा के द्वारा भक्तों के लिए ठंडे पानी व गुड़-चना की व्यवस्था की गई थी।



## वार्ड संख्या 12 हेसला में तीन डिप बोरिंग का कार्य हुआ चालू

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भीषण गर्मी को देखते हुए 3 डिप बोरिंग वार्ड संख्या 12 हेसला में लगाया जा रहा हैं। जिसमें अंसारी मोहल्ला, इंदिरा कॉलोनी, अरगड्डा कब्रिस्तान मोहल्ला में डीप बोरिंग साथ में जल मीनार 2000 लीटर का टैंक और पनसोखा लगेगा। बोरिंग होने से लोगों में काफी खुशी का लहर हैं। पार्षद 12 गोपाल मुंडा ने बताया कि इंदिरा कॉलोनी के लोग नाला का पानी पीते थे। अब इन लोगों को शुद्ध पानी पीने को मिलेगा। यहां पानी की बहुत समस्या थी बोरिंग लगने से काफी खुशी हैं। साथ ही वार्ड पार्षद ने कहा कि वार्ड क्षेत्र में ओर चार डिप बोरिंग लगना है। जिसका प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी हैं। कुछ ही दिनों में उसका भी निविदा टेंडर नगर परिषद के द्वारा निकाला जाएगा। मौके पर वार्ड 23 पार्षद गोपाल मुंडा, भुईया समाज के जिला अध्यक्ष दिलीप भुईया, भाजपा नेता आनंद बेदिया, दुलमी प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली, बबलू बेदिया, सुरेश मुंडा, तीरथ बेदिया, उर्मिला देवी, दिलीप करमाली, सुनीता देवी, तेतरी देवी, नरेश बेदिया, कुंती देवी, हरी करमाली, गोपी करमाली, सोनी देवी चिंतामणि देवी, बीरबल बेदिया आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## धनंजय कुमार पुटूस ने ध्वजारोहण कर हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड रोवर रेजर शिविर का किया उद्धाटन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंदुस्तान स्काउट और गाइड झारखंड राज्य के द्वारा पांच दिवसीय रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रामगढ़ जिला के रामगढ़ महाविद्यालय में आयोजित किया गया। मंगलवार को शिविर के दूसरे दिन हिंदुस्तान स्काउट गाइड के रामगढ़ जिला के चेयरमैन धनंजय कुमार पुटूस बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। धनंजय कुमार पुटूस ने ध्वजारोहण कर शिविर का विधिवत उद्धाटन किया।इस प्रशिक्षण शिविर में रामगढ़ महाविद्यालय के एक सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।धनंजय कुमार पुटूस ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड युवाओ को देश हित मे कार्य करने के लिए प्रेरित कर रही है।शिविर में रामगढ़ महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ रेखा प्रसाद, डॉ रत्ना पांडे, डॉ नीतू मिंज, डॉ बक्शी, सोनाली ने उपस्थित होकर छात्रों को आशीर्वाद दिया और रोवर रेंजर को सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

## जेएसपी बनाएगा अग्निरोधी स्टील स्ट्रक्चर

**1. बीआईएस ने देश में फायर रेजिस्टैंट स्टील स्ट्रक्चर बनाने का पहला लाइसेंस जिन्दल स्टील एंड पावर को दिया**

**2. बीआईएस 15103 ग्रेड स्ट्रक्चरल स्टील तीन घंटे तक 600 डिग्री सेल्सियस तापमान सहने में सक्षम**

**3. अग्निरोधी स्टील स्ट्रक्चर का उपयोग रिफाइनरी, इमारतें, अस्पताल, मेट्रो, स्टील, बिजली कारखानों और औद्योगिक परिसर निर्माण समेत अनेक इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में किया जाएगा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर को राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य के अनुरूप एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। बीआईएस (ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड) यानी भारतीय मानक ब्यूरो ने अग्निरोधी स्टील स्ट्रक्चर (फायर रेजिस्टैंट स्टील स्ट्रक्चर) तैयार करने के लिए जेएसपी के रायगढ़ स्टील प्लांट स्थित रेल मिल और स्पेशल प्रोफाइल मिल को देश का पहला लाइसेंस जारी किया है। आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने की दिशा में सरकार का यह बड़ा कदम है क्योंकि हमारा देश अभी अग्निरोधी स्टील स्ट्रक्चर का आयात कर रहा है। आईएस 15103 मानकों के अनुसार निर्मित हॉट रोल्ड स्ट्रक्चरल स्टील का उपयोग उच्च तापमान या अग्नि संभावित क्षेत्रों में किया जा सकता है। इसे ऐसी तकनीक से तैयार किया गया है कि यह 600 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान 3 घंटे तक सहन कर सकता है। स्टील स्ट्रक्चर तैयार करने में अग्नि सुरक्षा एक चुनौती रही है। देश में अग्निरोधी स्टील के उत्पादन से विभिन्न ढांचागत निर्माण में आसानी होगी। नई बीआईएस 15103 ग्रेड के उपयोग से औद्योगिक स्ट्रक्चर्स, तेल शोधक कारखानों, पुलों, मेट्रो परियोजनाओं और स्टील एवं बिजली उत्पादन प्लांटों के साथ-साथ अस्पतालों व वाणिज्यिक एवं आवासीय भवनों जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण में एक नए युग की शुरुआत होगी। जेएसपी के प्रबंध निदेशक श्री बिमलेंद्र झा ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, अग्निरोधी स्टील उत्पादन के लिए जिन्दल स्टील एंड पावर को जो लाइसेंस दिया गया है, वह भारत के मूलभूत ढांचे और इसके सुरक्षा मानकों को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। यह अग्नि सुरक्षा के प्रति लोगों में आत्मविश्वास पैदा करेगा और एक सुरक्षित आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।÷इस सिलसिले में वाणिज्य भवन-नई दिल्ली में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर बीआईएस प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए एक समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिन्दल स्टील एवं पावर को यह लाइसेंस प्रदान किया गया। जिन्दल स्टील एवं पावर के बारे में ओपी जिन्दल समूह का एक अंग जेएसपी दुनिया भर में 12 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ इस्पात, खनन और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की एक अग्रणी एवं विश्वसनीय कंपनी है।

## चुआड़ विद्रोह के नायक थे वीर शहीद रघुनाथ महतो : सुधीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के सिरु बुधबाजार मे वीर शहीद रघुनाथ महतो के जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश उपस्थित हुए। सभी लोगों ने वीर शहीद रघुनाथ महतो चित्र पर पुष्प अर्पित किया।मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि ब्रिटिश सरकार के खिलाफ झारखंड के आदिवासी मूलवासी ने वर्ष 1769 से 1805 के बीच बड़ा आंगन किया गया था।उसका नायक थे रघुनाथ महतो उन्होंने सरकार के खिलाफ जनमानस को संगठित कर शस्त्र विद्रोह किया था। तत्कालीन जंगल महाल अंतर्गत मानभूम के एक छोटे से गांव घुटियाडीह अभी नीमडीह प्रखंड में 21 मार्च 1738 को इनका जन्म हुआ था।गुरिल्ला युद्ध निति से अंग्रेजों के दांत खट्टे करने वाले इस विद्रोह को अंग्रेजों ने भी उत्पाती दिया लुटेरा के सज्ञा देते हुए। चुहाड विदेह या चुआड विद्रोह का नाम दिया गया था रघुनाथ महतो के संगठन से अंग्रेज मेदिनीपुर से हजारीबाग रामगढ़ एवं बांकुड़ा से चाईबासा तक भयभीत रहते थे। विद्रोह की मुख्य वजह अंग्रेज शासकों द्वारा जल जंगल जमीन एवं अन्य बहुमूल्य खनिज संपदा को हड़प प्ले के नियत रहते थे रघुनाथ महतो की सेना में टांगी फरसा तीर धनुष तलवार भाला आदि से लैंस करीब पांच हजार लोग थे। ईस्ट इंडिया कपनी ने रघुनाथ महतो को जिंदा या मुर्दा पकडने के लिए ईनाम रखा। 5 अप्रैल 1778 की रात रघुनाथ महतो और उनके सहयोगी के लिए आखिरी रात साबित हुई। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लोटा पहाड़ के किनारे शस्त्र लूटने की योजना बना रहे रघुनाथ महतो की सेना को घेरकर अंग्रेजी फौज ने हमला कर मौत की नींद सुला दिया।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी

**सूचना**

पी.आर. सं.– 292654 (Minor Irrigation) 22–23 (D) के द्वारा प्रकाशित इस कार्यालय का ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/KHUNTI/$F_2$-20/2022-23 दिनांक–14.03.2023 को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता
लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी

PR 293222 Minor Irrigation (22-23)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी

**सूचना**

पी.आर. सं.–292661(Minor Irrigation) 22–23(D)के द्वारा प्रकाशित इस कार्यालय का ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/KHUNTI/$F_2$-21/2022-23 दिनांक–14.03.2023 को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी

PR 293221 (Minor Irrigation)22-23*D

### कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (खेल शाखा)

Phone no- 06562 224033 email id:- palamukhel@gmail.com

**आदेश**

**P.R. No. - 281547**

पर्यटन मद अन्तर्गत जल क्रीड़ा एवं साहसिक क्रीड़ा के उपकरणों के क्रय हेतु प्रकाशित Experience of Intrest (EOI) P.R. No. - 281547 प्रकाशित किया गया था। उक्त प्रकाशित Experience of Intrest (EOI) को अपरिहार्य कारणों से तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

जिला खेल पदाधिकारी पलामू | उप विकास आयुक्त पलामू | उपायुक्त पलामू

PR 293230 Palamu (22-23)_D

### झारखंड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला के अन्तर्गत निकाली गयी ई–अति अल्पकालिन निविदा संख्या:–R1/2022-23/NREP/EE/ Gumla के PR No- 292984NREP(22-23)_D जो दिनांक 19.03.2023 को प्रकाशित हुआ था, के कंडिका 3, 4 एवं 5 में निविदा प्रकाशन की तिथि निम्न प्रकार से संशोधन की जाती है।

3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 26.03.2023 अपराह्न 5.00 बजेके जगह पर 27.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे पढ़ा जाय।
4. जिला नियंत्रण कक्ष गुमला में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकि योग्यता दस्तावेज की एक प्रतिजमा करने की तिथि एवं समय 27.03.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे के जगह पर 28.03.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे पढ़ा जाय।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 28.03.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे के जगह पर 29.03.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे पढ़ा जाय।

बाकी सभी शर्तें यथावत रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, गुमला

PR 293235 NREP(22-23)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, गिरिडीह

ई–मेल:– eedwsd.giridih1@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

ग्रीष्म त्रृतु 2023 में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, गिरिडीह अंतर्गत पड़ने वाले प्रखण्डों (बेंगाबाद, गाण्डेय, जमुआ, देवरी एवं तिसरी) के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत सभी ग्रामीण परिवारों के साथ–साथ सभी विधालयों, आंगनबाडी केन्द्रों एवं ग्राम पंचायत भवनो में जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु नियंत्रण कक्ष का स्थापना किया गया है जो प्रतिदिन पूर्वाह्न 8:00 बजे से अपराह्न 8:00 बजे तक चालू है। जिसमें दूरभाश से नियंत्रण कक्ष मे संधारित शिकायत पंजी में नलकूप मरम्मति एवं जलापूति समस्या के समाधान हेतु शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

(A) प्रखण्ड कार्यालय एवं प्रज्ञा केन्द्र के माध्यम से खराब नलकूपों की सूची इस कार्यालय के ईमेल–eedwsd.giridih1@gmail.com पर भी भेज सकते है।

(B) इसके अतिरिक्त संबंधित प्रखण्ड के कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता के उल्लेखित मोबाईल पर शिकायत दर्ज(SMS) कर दर्ज की जा सकती है।

| क्र0 | प्रखण्ड/प्रशाखा का नाम | कनीय अभियंता का नाम/सम्पर्क सं0 | सहायक अभियंता का नाम एवं सम्पर्क सं0 | नियंत्रण कक्ष का दूरभाष सं0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बेंगाबद | श्री मणिकांत 9430317263 | श्री मनीष कुमार 7294185105 | श्री उमेश कुमार यादव 9431913601 |
| 2 | गाण्डेय | श्री बबलु हॉसदा 6204655766 | | |
| 3 | जमुआ | श्री नरोत्तम सिंह मुण्डा 8986765500 | श्री शिवाशीष दास 7759816396 | |
| 4 | देवरी | | | |
| 5 | तिसरी | श्री मणिकांत 9430317263 | | |

सुचारू एवं सुदढ जलापूर्ति बनाये रखने में आपका सहयोग अपेक्षित है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, संख्या–1, गिरिडीह

PR 293204 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D

### OFFICE OF THE DISTRICT MAGISTRATE -CUM- DEPUTY COMMISSIONER, PALAMU.

Phone no.06562 224033 (District Sports Section) email id:- palamukhel@gmail.com

Ref No ..............................Date ...........................

**Very Short Tender for Selection of Agency for Rate Contract for Purchasing Adventure and water Sports Equipment .**

| Sl. No. | INFORMATION/SUBJECT | DETAIL |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | NAME OF WORK | Selection of Agency for Rate Contract for Purchasing Adventure Sports Equipment |
| 2 | DATE OF PUBLICATION OF BID | |
| 3 | Tender Fee (Non Refundable) | 20000.00 (Twenty Thousand only) In favour of DISTRICT TOURISUM OFFICER, PALAMAU. |
| 4 | LAST DATE & TIME FOR BID SUBMISSION | 29-03-2023- 01:00pm |
| 5 | BID SUBMISSION PLACE | District Sports Office, Palamu |
| 6 | DATE AND TIME FOR BID OPENING | 29-03-2023 - 01:30pm |
| 7 | BID OPENING PLACE | Deputy Commissioner meeting hall 'A' Block |
| 8 | NAME AND OFFICE FOR INVITIONG TENDER | District Sports Office, Palamu |
| 9 | HELPLINE NO AND EMAIL ADDRESS | email id:- palamukhel@gmail.com |

NOTE : FOR FURTHER DETAILS PLEASE VISIT palamu.nic.in

District Sports Officer, Palamu | Deputy Development Commissioner, Palamu. | Deputy Commissioner, Palamu.

PR 293220 Palamu(22-23)D

### कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा।

**अति अल्पकालीन निविदा**

महात्मा गाँधी राश्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अन्तर्गत सिमडेगा जिला में वित्तीय वर्श 2023–24 के लिए निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

सामग्रियों का ब्यौरा निम्नवत् है :–

| क्र0 | सामग्री का नाम | यूनिट | सामग्रियों का ग्रेड |
|---|---|---|---|
| 1 | मेडिकल किट यथा (4" Bandage-2 pcs, Cotton- 2 pcs, Povidine Qidine Cream-1 pc, Savlon-1 pc, Cetrizine -1 Strip, Diciofenace Tab- 1 Strip, Paracetamol Tab- 1 Strip, Dompendom Tab-1Strip, ORS Satches - 5 Pcs, Bandaid Strip-10 pcs, Soap 10 gm-1pc, Ciproloxacin Tab-1 Strip, Surgical Knife-1 pc) | प्रति किट (फाईबर, अल्युमिनियम का अलग– अलग दर के साथ) | |
| 2 | बाल्टी G.I. Sheet (10 लीटर) उच्च गुणवत्ता का | प्रति किलोग्राम | ISI मार्क। |
| 3 | प्लास्टिक 15 × 15 आकार | प्रति फीट | शेड के लिए उच्च गुणवता। |

निविदादाताओं की निम्नांकित शर्तों के अनुरूप दर अंकित करनी होगी :–

1. निविदा के साथ अधिकृत आपूर्तिकर्ता/निर्माता होने का प्रमाण पत्र तथा गुणवता का टेस्ट रिपोर्ट का प्रमाण पत्र अन्य संबंधित कागजातों यथा आयकर, बिक्रीकर आदि का क्लीयरेंस प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. सिमडेगा जिला के सभी 10 प्रखण्ड मुख्यालयों तक सामग्री आपूर्ति करने के लिए सभी प्रकार के कर, परिवहन एवं हथालन व्यय आदि सहित दर का उल्लेख करना अनिवार्य है।
3. कम्पनी की ओर से सामग्रियों की दर बढ़ाये जाने या अन्य कारणों से मूल्य में वृद्धि होने पर भी निविदा में अंकित दर पर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।
4. निविदा के साथ उप विकास आयुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, सिमडेगा के पदनाम से 10,000.00 (दस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट जमानत राशि के तौर पर देनी होगी। बिना जमानत राशि के निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। स्वीकृत निविदादाता को छोड़कर अन्य प्रतिशठानों की जमानत राशि वापस कर दी जायेगी।
5. प्रखण्ड विकास पदाधिकारी या अन्य कार्य एजेंसी द्वारा दिये गये आपूर्ति आदेश की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर निर्दिश्ट स्थल (प्रखण्ड मुख्यालय) पर सामग्रियों की आपूर्ति करनी होगी।
6. सिमडेगा जिला के स्थानीय आपूर्तिकर्ता को प्राथमिकता दी जायेगी।
7. निविदादाता दिनांक 29.03.2023 के अपराहन् 3.00 बजे तक उप विकास आयुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, सिमडेगा द्वारा प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन अपराहन् 4.00 बजे निविदादाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।
8. निविदा की शर्तों में संशोधन करने या बिना कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा दो से अधिक आपूर्तिकर्ता को कार्यादेश निर्गत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

उप विकास आयुक्त
–सह– जिला कार्यक्रम समन्वयक,
सिमडेगा

PR 293198 District(22-23)D

# अन्नपूर्णा देवी ने जरीडीह कांड में जांच के लिए मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी

## पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई करने का किया आग्रह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र लिखकर बिरनी प्रखंड के ग्राम जनता जरीडीह में विगत 9 मार्च को हुए पुलिसिया कार्रवाई की जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया. इस बीच उन्होंने कहा कि एक षड्यंत्र के तहत महिलाओं एवं बच्चों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया गया एवं लोगों को झूठे मुकदमे में फंसाया गया. शराब विक्रेता के यहां छापामारी के दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा गांव में घुसकर घर के बंद दरवाजों को तोड़ निर्दोष नाबालिक बच्चियों, महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को बर्बरतापूर्वक मारा गया, पीटा गया साथ ही स्थानीय मुखिया टिकैत रजामनी सिंह ने जब पुलिस प्रशासन को समझाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई एवं गंभीर धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर मुखिया समेत 14 लोगों को जेल भेज दिया गया, जिसकी जांच किया जाए और दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही किया जाए।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

## समस्याओं के निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में ग्राम पंचायत हरिहरपुर से आई मुखिया तबस्सुम खातून ने आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, सामुदायिक पंचायत भवन एवं काजी हाउस के निर्माण हेतु उपायुक्त को आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि हरिहरपुर अंतर्गत संथालडीह आंगनबाड़ी केंद्र को पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रेलवे लाइन निर्माण हेतु अधिग्रहण की गई है। अधिग्रहण के पश्चात आंगनवाड़ी भवन को ध्वस्त कर दिया गया है। फलस्वरुप आंगनबाड़ी के अधीन समस्त कार्य को सुचारू रूप से चलाने में कठिनाई हो रही है। उपायुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन हेतु अग्रसारित किया।

कतरास के पुराना तोपचांची मार्ग, कतरास बाजार से आई मधुमाला ने बाघमारा प्रखंड में अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराने हेतु उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि पूरे बाघमारा प्रखंड की कुल आबादी अनुमानित पांच लाख से अधिक है। घनी आबादी के बीच आग लगने जैसी घटनाएं भी सामने आ चुकी है। जान माल की क्षति हो जाने के बाद भी दमकल की गाड़ियों की व्यवस्था एवं प्रक्रिया के कारण यह समस्या एक अभिशाप साबित हो रही है। उन्होंने उपायुक्त से अग्निशमन की एक गाड़ी को प्रखंड कार्यालय बाघमारा या फिर सक्षम जगह पर स्थापित किए जाने की मांग की। उपायुक्त ने इस मामले को अग्निशमन विभाग को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन हेतु अग्रसारित किया।

धनसार थाना क्षेत्र से बरमसिया ग्राम से आई सरिता कुमारी ने छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिलने के संबंध में उपायुक्त से शिकायत की। उन्होंने बताया कि शैक्षिक सत्र 2021-22 के लिए छात्रवृत्ति का आवेदन कर चुकी है। सारी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद भी छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिल पा रही है। उपायुक्त ने इस आवेदन को कल्याण पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन हेतु अग्रसारित किया। जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित आवेदन आए। उपायुक्त ने आए सभी आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधाकिरियों को निर्देश दिया गया है।

# मैट्रिक में 28575 व इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल हुए 7123 परीक्षार्थी

**धनबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** मैट्रिक व इंटरमिडिएट की छठे दिन की परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इसकी जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सह बज्रगृह-सह-जिला नियंत्रण कक्ष के प्रभारी प्रेम कुमार तिवारी ने बताया कि आज सभी परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा निर्धारित समय से शुरू हुई। किसी भी सेंटर से कदाचार करने या अन्य किसी प्रकार की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई। जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार ने बताया कि आज जिले के 103 सेंटर पर मैट्रिक के लिए सामाजिक विज्ञान तथा 88 सेंटर पर इंटरमिडिएट आर्ट्स के लिए एंथ्रोपोलॉजी व इंटरमिडिएट साइंस तथा इंटरमिडिएट कामर्स के लिए इकोनोमिक्स की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी ने हाई स्कूल पुटकी तथा एसएसएनएम सिजुआ का भ्रमण किया। मैट्रिक की परीक्षा में 28846 में 28575 परीक्षार्थी शामिल हुए तथा 271 अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में 7199 में 7123 परीक्षार्थी शामिल हुए और 76 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक सह स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा उड़नदस्ता सह गश्ती दल दंडाधिकारी भी अपने निर्धारित स्थल पर उपस्थित रहे। परीक्षा समाप्ति के बाद उड़नदस्ता सह गश्ती दल दंडाधिकारियों ने परीक्षा केंद्र से ओएमआर शीट एवं उत्तर पुस्तिकाओं के पैकेट प्राप्त कर अपनी देखरेख एवं पुलिस अभिरक्षा में बज्रगृह सह जिला नियंत्रण कक्ष (राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद) में हस्तगत कराए। मंगलवार, 21 मार्च 2023, को मैट्रिक के लिए संगीत तथा इंटरमिडिएट आर्ट्स के लिए हिस्ट्री की परीक्षा हुई।

# शहरवासियों को लुभा रहा गोल्फ ग्राउंड में गांधी शिल्प बाजार

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में लगा गांधी शिल्प बाजार शहरवासियों को लुभा रहा है। लकड़ी से बने डिजायनर आइटमों के साथ ही, वस्त्र, सजावटी सामानों के स्टालों पर हस्तशिल्प के उत्पादों को देखने और खरीदने को लोग पहुंच रहे हैं। बनारसी साड़ी, भागलपुरी सिल्क, साउथ इंडियन डिजायनर साड़ी, कशिदाकारी सूट, राजस्थानी जूती, गुजराती सूट - साड़ी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी इत्यादि उत्पाद की महिलाओं में काफी डिमांड है। बनारसी साड़ी का शुरू से ही महिलाओं में अलग ही क्रेज रहा है। आज भी महिलाएं बेहतरीन से बेहतरीन साड़ियों में भी एक नाम बनारसी साड़ी का सबसे पहले जरूर लेती हैं। प्रत्येक भारतीय नारी का स्वप्न और अभिलाषा होती है कि उसके पास कम से कम एक बनारसी साड़ी तो अवश्य हो।

# 23 मार्च को झारखंड सूड़ी समाज कल्याण समिति का 44 वां वार्षिक महाधिवेशन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड सूड़ी समाज कल्याण समिति का 44वां वार्षिक महाधिवेशन 23 मार्च को धैया दुर्गा मंदिर प्रांगण में होगा। सन 1980 में 23 मार्च को शहीद ए आजम भगत सिंह के शहादत दिवस के दिन धैया दुर्गा मंदिर प्रांगण में पहला अधिवेशन हुआ था। यह जानकारी समिति के केंद्रीय अध्यक्ष कंसारी मंडल ने मंगलवार को गांधी सेवा सदन में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा इस बार का अधिवेशन ऐतिहासिक होगा। समाज की महिलाएं पुरुष भारी संख्या में भाग लेंगे। पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय अध्यक्ष कंसारी मंडल ने कहा कि सूड़ी समाज का सामाजिक आंदोलन बहुत ही पुराना है।

# नवरात्रि मेला के अवसर पर मैहर स्टेशन पर रुकेगी मुजफ्फरपुर-वलसाड श्रमिक एक्सप्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** नवरात्रि मेला के अवसर पर रेलवे प्रशासन द्वारा श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 19051/19052 वलसाड-मुजफ्फरपुर-वलसाड श्रमिक एक्सप्रेस का मैहर स्टेषन पर पांच मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है । वलसाड से 25.03.2023 से 01.04.2023 तक चलने वाली 19051 वलसाड-मुज्जफ्फरपुर एक्सप्रेस मैहर स्टेषन पर 15.35 बजे पहुँच कर 15.40 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह मुजफ्फरपुर से 27.03.2023 से 03.04.2023 तक चलने वाली 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड एक्सप्रेस 11.55 बजे मैहर स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 12.00 बजे प्रस्थान करेगी।

# धनसार थाना में शांति समिति की बैठक



**धनबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** रामनवमी पर्व के मद्देनजर धनसार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर राज कपूर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए राज कपूर ने कहा कि सरकार का जो दिशा-निर्देश आएगा उसे हर हाल में पालन किया जाएगा। जो अखाड़ा लाइसेंसधारी है वे अपना लाइसेंस नवीनीकरण करा ले। बैठक में सभी सम्मानित सदस्य एवं अखाड़ा दल के लाइसेंस धारी अपने अपने सुझाव भी रखें। बैठक में अंजूमन इसलाहुल मुस्लेमिन के सदर अफजल खान, नरेश कुशवाहा, राणा चट्टराज, संतोष कुशवाहा, कुल्लू चौधरी, अजय नारायण लाल, अजय मंडल, रंजीत सिंह, सागर महतो, मदन महतो, हीरा साव आदि लोग उपस्थित थे।

# पार्श्व यूनिवर्सिटी चैरिटेबल ट्रस्ट के लंबे संघर्ष का है परिणाम सर जेसी बोस विश्वविद्यालय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** पार्श्व यूनिवर्सिटी चैरिटेबल ट्रस्ट के साल् 2016 से अब तक के लंबे संघर्ष का है ही इतिहास है की गिरिडीह में एक विश्वविद्यालय की स्थापना होने जा रही है। इतिहास में पर्दे के पीछे इतिहास रचने वाले कुछ लोग होते हैं, हमारे शहर गिरिडीह के ऐसे शख्स हैं जिनका नाम है डॉ. (मानद) सुरेश प्रसाद वर्मा और श्री दिनेश्वर वर्मा। पी. आई. यूनिवर्सिटी चैरिटेबल ट्रस्ट के लंबे संघर्ष के बाद उपरोक्त व्यक्तियों के नेतृत्व में जिन्होंने अपने स्वयं के वित्त, समय और समर्पण के माध्यम से 6 साल से अधिक समय तक गिरिडीह जिले में 'सड़क से विधायिका' तक एक विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए संघर्ष किया।

इस संबंध में ट्रस्ट ने वर्ष् 2017 में पूर्व् मुख्यमंत्री महोदय् से भी विधानसभा सत् के दौरान् मिल्कर वार्ता किया था। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा इसे बेहद एतिहासिक व विकासकारी कदम बताकर इसप आश्वासन् दिया गया था। इस विश्वविद्यालय निर्माण आंदोलन को सफल् करने हेतु कई बार माननीय राज्यपाल को भी पत्र लिखा गया। इसके लिए पार्श्वनाथ महोत्सव के जरिये सैकड़ों गोष्ठी, महोत्सव, बैठके, जागरुकता, हस्ताक्षर, संखनाद अभियान चलाया जा चुका है। जिसका पूरे जनसमुदाय ने समर्थन किया।

इसी क्रम मे विश्वविद्यालय टीम के सदस्यों ने विधायक श्री सुदिव्य कुमार सोनू से दिनांक 04.01.2020 को पत् देकर मुलाकात भी की और विधायक से इस मामले को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष उठाने को कहा था उसके बाद ही विवि स्थापना मामले ने रफ्तार पकड़ी और अंततः सर जेसी बोस विश्वविद्यालय गिरिडीह में एक वास्तविकता बन गया। हालाँकि विश्वविद्यालय की टीम ने पार्श्वनाथ के कारण गिरिडीह की विश्वव्यापी मान्यता को ध्यान में रखते हुए पार्श्वनाथ विश्वविद्यालय का नाम सुझाया था।

लेकिन ट्रस्ट टीम खुश है कि प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर जेसी बोस के साथ एक विश्वविद्यालय आया और ट्रस्ट टीम सरका का आभार व्यक्त करती है कि वर्तमान सरकार ने आधे दशक से अधिक समय से गिरिडीह में एक विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु संघर्षरत पी आई उ न्यास् की मांग भी अंततः मान ली।

# रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के भाटडीह ओपी प्रगाण में रामनवी को लेकर शांति समिति की बैठक महुदा इंस्पेक्टर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कहा गया की रामनवमी में शांति से जुलूस अखाड़ा का आयोजन किए जाने और युवाओं को नशे से दूर रहे को कहा गया। महुदा इंस्पेक्टर प्रभात कुमार सिंह आपस में भाई चारा के साथ मनाए। छोटी छोटी बातो में अफवाह के बातो पर ना आए। मौके पर भागीरथ सिंह, संपद घोषाल, बदरुद्दीन अंसारी, सुषमा देवी,अब्दुल समद, दिनेश प्रमाणिक, केदारनाथ सिंह,उमेश तुरी, पिंकी देवी कलावती देवी ओपी के शिधेश्वर बिरुली के अलावा दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे। मधुबन संवाददाता के अनुसारऄ मधुबन थाना परिसर में शांति समिति की बैठक किया गया जिसका अध्यक्षता थाना प्रभारी चन्दन कुमार भैया एवं संचालन दीना साव ने किया इस बैठक में रामनवमी पर्व को शांति पूर्वक मनाने का संदेश थाना प्रभारी चन्दन कुमार भैया द्वारा दिया गया किसी भी तरह उपद्रव फैलाने वाले उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा डीजे बजाना बन्द रहेगी घातक हथियार का प्रयोग नहीं होगा।

# क्षेत्र में शान्ति बनाए रखने में आप सभी सहयोग करें : सीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी/धनबाद :** टुण्डी थाना परिसर में रामनवमी हेतु शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी एवं संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी शारदा रंजन प्रसाद सिंह ने किया। बैठक के क्रम में सम्बोधन के माध्यम से अंचलाधिकारी ने कहा क्षेत्र में शान्ति बनाए रखने में आप सभी सहयोग करें एवं ऐसी स्थिति उत्पन्न ना होने दें जिससे शान्ति भंग ना होने पाये। थानेदार सिंह ने पुलिस कर्मियों एवं उपस्थित आगंतुकों से आग्रह/अपील करते हुए कहा की क्षेत्र में शान्ति बनाए रखने हेतु पुलिस एवं प्रशासन की मुख्य उद्देश्य एवं कटिबद्ध है ।। समिति में शामिल हुए सबों ने अपनी-अपनी ओर से हर सम्भव सहयोग एवं समर्थन हेतु विश्वास एवं भरोसा



दिलाया। बैठक में मुख्य रूप से प्रतिष्ठित समाजसेवी निलमोहन मिश्रा उर्फ लिली बाबा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा सह गिरिडीह जिला प्रभारी संजीव कुमार मिश्रा, पूर्व कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष शंकर प्रजापति पूर्व बीस सुत्री अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष डाक्टर तिलक मंडल, मुखिया बसंत नारायण तिवारी, मुखिया संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष बिजय कुमार मंडल, इम्तियाज,श्रोत्रिय ब्राह्मण समाज प्रखण्ड कोषाध्यक्ष डाक्टर प्रबोध कुमार पाण्डेय।

## राधानगर प्रखंड बनाने की मांग को लेकर नागरिक मंच महुदा ने दिया धरना

# हमारी मांगों के पूर्ण नहीं होने पर होगा उग्र आंदोलन : विधायक प्रतिनिधि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा मोड़ बिनोद बिहारी महतो चौक में नागरिक मंच, महुदा के द्वारा राधानगर में प्रखंड मुख्यालय बनाने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना में इलाके के मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधियों , ग्रामीणों ने भाग लिया।

धरना को संबोधित करते हुए बाघमारा विधान सभा के विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने कहा कि अगर सरकार हमारी मांगों को नही मानेगी तो आने वाले दिन में सदन से लेकर सांसद तक उग्र आंदोलन किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा की राधानगर में प्रखंड मुख्यालय बनाने की मांग हमलोग का वर्षो पुरानी है। लेकिन झारखंड सरकार हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है।

नागरिक मंच के संजोजक धनेश्वर महतो जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर सिंह ने धरना को संबोधित किया, धरना के बाद उपायुक्त के नाम से एक मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी बाघमारा को सोपा गया। इस मौके पर आदर कुमार मिश्रा, संपद घोषाल, कमल महतो, मटुक मिश्रा, महेश पटवारी, बदुरुद्दीन अंसारी, बिरजू रवानी, लाला, के अलावा दर्जनों संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# एक ही मिशन पुरानी पेंशन : ईसीआरकेयू

## न्यू पेंशन स्कीम के खिलाफ रेल कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद, ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा के आह्वान और ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन, हाजीपुर के अध्यक्ष डी के पांडेय एवं महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव के निर्देशानुसार आज धनबाद रेलवे स्टेशन के पास न्यू पेंशन स्कीम के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें धनबाद के तीन शाखाओं के अलावे कतरास और पाथर्डीह के हजारों की संख्या में रेल कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय सहायक महामंत्री ओम प्रकाश ने कहा कि जो कर्मचारी जीवन भर अपने कठिन परिश्रम से राष्ट्र की सेवा करते हैं। उनके बुढ़ापे में अपनी बाकी जिन्दगी बिताने के लिए नये पेंशन नीति के तहत बहुत मामूली सी राशि पेंशन के रूप में सरकार दे रही है, यह बहुत बड़ी विडम्बना है। एआईआरएफ के नेतृत्व में पूरे भारतीय रेल में नये पेंशन योजना को समाप्त कर पुराने पेंशन की बहाली की मांग पर प्रमुख स्थलों पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह लड़ाई और भी धारदार होने जा रहा है। विरोध प्रदर्शन में नेताजी सुभाष, एनके खवास, सोमेन दत्ता, उपेंद्र मण्डल, प्रशांत बनर्जी, जेके साव, एके दा, पिंट नंदन, परमेश्वर कुमार, बी के साव, अमित शेखर, आर के लाल, बीरेंदर कुमार, राजू कुमार, राहुल सिंह, आरएन विश्वकर्मा, टीके साहू, सुदर्शन महतो, भानु प्रकाश, इंद्र मोहन सिंह, अमित किशोर चंद्रकांत कुमार, अजय साव सुमित पोद्दार रितेश, सीएस, एस मंजेश्वर, आरके, धुरंधर, विमान, सुरेंद्र चौहान, अमरजीत यादव, मंटू सिन्हा, नागेंद्र, शिवजी, एके दास और तपन भट्टाचार्य मुख्य रूप से भाग लिए।

# कोयला चोरों ने गोपालीचक कोलियरी के मैनेजर पर किया हमला, घायल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोयला चोरों के गिरोह ने करकेंद पानी टंकी के समीप गोपालीचक कोलियरी के मैनेजर एल एल वर्णवाल पर हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। कोयला चोरों ने मैनेजर को जीप से नीचे खींचकर लात घूसो से जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस को आता देख हमलवार भाग खड़े हुए.हमलवार करीब एक दर्जन की संख्या में थे। जिन्होंने योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया.हमले में मैनेजर की बाईं आंख के उप्पर व शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई। घायल अधिकारी का पुटकी जीवन नर्सिंग होम में इलाज कराया गया। वही अधिकारी को आंख के उप्पर छह टांके लगे है। हमले की खबर सुनकर कोलियरी के अन्य अधिकारियो में रोष व्याप्त है। वही इस घटना में घायल कोल अधिकारी मैनेजर वर्णवाल ने बताया कि हिंदी भवन कार्यलय से काम निपटाकर जीप से पीबी प्रोजेक्ट सी टाइप अपने आवास जा रहा था बाहर निकलते ही एक कार पीछा करने लगा. करकेंद पानी टंकी के समीप जीप को ओवरटेक कर आगे गाड़ी खड़ी कर दी. चालक जितेंद्र को गाली देते हुए जीप की चाभी छीन ली.एक युवक जीप में आगे बैठकर की घुसे बरसाने लगा.इसी बीच चार मोटरसाइकिल पर सवार आठ नकाबपोश युवक आ धमके और युवकों ने जीप घेर कर उन्हे नीचे खींच लिया और लात घूंसो की बरसात कर दी।

# यूथ फोर्स ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट करने वाले प्रतिभागियों को सम्मान करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। सभी उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले सफल प्रतिभागियों को बधाई दी और आगे भी उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक एवं जदयू के प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों जिसमें अमन राज सिंह जिन्होंने सिविल इंजीनियरिंग गेट परीक्षा में



पूरे भारतवर्ष में 57 रैंक हासिल किया है, डॉ एम एन वर्मा जो नस और हड्डी रोग विशेषज्ञ है, शुभम तिवारी जिन्होंने एसएससी सीजीएल में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में अपना चयन प्राप्त किया है, नागेश्वर नायक जिन्होंने इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया है, आरूष कुमार रावत जिन्होंने नेशनल मार्शल आर्ट में गोल्ड मेडल हासिल किया है एवं देवश्री कुमारी जिन्होंने नेशनल चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है। सभी को मेडल, शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान दीप नारायण सिंह ने कहा कि यूथ फोर्स निरंतर गांव गरीब छात्र नौजवान मजदूर किसान के उत्थान के लिए तत्पर है। यूथ फोर्स हमेशा युवाओं को प्रोत्साहन करने हेतु शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार के क्षेत्र में खेल के क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वालों को निरंतर सम्मानित कर प्रोत्साहन करने का काम करती है। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है मनुष्य को अपने व्यक्तिगत जीवन के साथ-साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में भी अपना योगदान देना चाहिए सामाजिक क्षेत्रों में खासकर के युवाओं को आगे बढ़कर उज्जवल और सशक्त समाज निर्माण के लिए सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

# जेसीबी से हो रहा तालाब व टीसीबी निर्माण मजदूरों को नहीं मिल रहा काम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** प्रखंड के हरीला पंचायत में जेसीबी द्वारा तालाब और टीसीबी निर्माण का मामला सामने आया है। बताया गया की जो तालाब पहले ही बना हुवा था उस तालाब को जेसीबी के माध्यम से भरा जा रहा है। यही तालाब के बगल में टीसीबी का निर्माण हुवा था उसे भी जेसीबी से भर दिया गया । इस तरह से यह कहना सही होगा की योजना के नाम पर सरकारी राशि का दुरूपयोग हुवा है। 2011 में यह तालाब और जल जमाव के लिए टीसीबी का निर्माण कराया गया था जिसे जेसीबी से भर दिया गया। वही ग्रामीणों ने इसे सीधा प्रखंड विकास पदाधिकारी को जोड़कर देख रहे है। लोगो का कहना है इस तालाब से काफी सहूलियत होती थी जानवरो को पिने के लिए पानी मिलता था जिसे अब भर दिया गया है।

## उपायुक्त ने की संविदा आधारित शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज आदर्श विद्यालय योजना अंतर्गत जिला के उत्कृष्ट विद्यालयों एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में संविदा आधारित शिक्षकों की नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि संबंधित शिक्षकों की नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन के उपरांत कुल 1600 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बैठक में उपायुक्त द्वारा अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा के आयोजन के लिए परीक्षा समिति का गठन किया गया जिसकी अध्यक्षता उप विकास आयुक्त करेंगी। सदस्य के रूप में अनुमण्डल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक होंगी। इसी प्रकार परीक्षा बोर्ड का गठन किया गया जिसमे अनुमण्डल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक और विषयानुसार शिक्षाविद होंगे। इस बोर्ड का कार्य परीक्षा से संबंधित प्रश्न-पत्र तैयार करवाना, उत्तरपुस्तिका चेक करवाना,शिक्षकों के पैनल का गठन करना होगा। परीक्षा बोर्ड बैठक कर कदाचार रहित परीक्षा से संबंधित तैयारी की समीक्षा करेगा और लिखित परीक्षा का परिणाम का प्रकाशन कराने हेतु परीक्षा समिति को उपलब्ध कराएगा। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी को परीक्षा केंद्र निर्धारित किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही,परीक्षा के लिए प्रश्न-पत्र के संधारण, परीक्षा केंद्र तक ले जाने, सीलिंग, हॉल टिकट अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराने संबंधित निदेश दिये गये। आज की बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन, विजेता खिलाड़ी हुए पुरस्कृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** सांसद खेल महोत्सव का समापन पुरस्कार वितरण के साथ किया गया पुरस्कार वितरण करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार ने कहा की सांसद खेल महोत्सव का आयोजन खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन मौका है जहां वह अपनी प्रतिभा को आगे ले जा सकते हैं सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बढ़ाईक ने कहा की सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किए जाने पर प्रखंड के सभी खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी काफी उत्साहित हैं एवं सांसद महोदय की इस आयोजन के भरपूर सराहना कर रहे हैं एवं उनका धन्यवाद दे रहे हैं कि उन्होंने इस तरह का आयोजन की शानदार पहल की। हॉकी में लठाखम्हण एवं जोराम के बीच फाइनल मैच खेला गया जिसमें लताखम्हण की टीम विजयी रही, वही बम्बलकेर को अनुशासित टीम विनय तिर्की को बेस्ट गोलकीपर अशोक प्रधान को बेस्ट डिफेंडर अनमोल टोप्पो को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एवं अवंतिका को सर्वश्रेष्ठ हार्वर्ड का पुरस्कार दिया गया विजेता टीम को ट्रॉफी एवं नगद राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई प्रथम पुरस्कार किस वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार प्रखंड सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बड़ाईक एवं कार्यकारी अध्यक्ष सुरजन प्रधान ने किया वही द्वितीय पुरस्कार का वितरण अंचल अधिकारी समीर कच्छप जिप सदस्य कृष्णा बड़ाईक एवं प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने किया।

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने सेन्हा प्रखंड परिसर में पुस्तकालय का किया उद्घाटन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखंड परिसर में पुस्तकालय सह अध्ययन का उदघाटन उपायुक्त डा0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रखंडों में पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उसी कड़ी में आज सेन्हा प्रखंड के पुस्तकालय सह अध्ययन कक्ष का उद्घाटन किया गया है। सेन्हा प्रखंड के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के सुविधा के लिए व्यवस्था की गई है। अध्ययन में छात्रों को सहायता बहुत जरूरी होता है। कई छात्र- छात्राओं के परिवार में बहुत तरह की समस्या होती है। पुस्तकालय का उद्देश्य पढ़ने वालों की समस्या का समाधान हो। पुस्तकालय में विभिन्न प्रतियोगिता की पुस्तकें,विभिन्न फैकल्टी की पुस्तके उपलब्ध है। वर्तमान में 100 पुस्तकों से प्रारंभ किया गया है। आगे और किताबें उपलब्ध कराई जाएगी। समाज के बुद्धिजीवी, समाजसेवी एवं शिक्षाविदों के पास घर में पुस्तकें हो तो वह भी पुस्तकालय में दान दें। छात्र अपना लक्ष्य तय करें और इस पुस्तकालय का लाभ लेकर लक्ष्य प्राप्त करें। उपायुक्त ने कहा कि जिले में कोचिंग की व्यवस्था भी की गई है, जहां आकर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। छात्रों को परीक्षा का डर निकालना होता है। इसके लिए पुस्तकों का अध्ययन एवं मार्गदर्शन जरूरी है। कुछ छात्र छात्राओं को पुस्तकालय निबंधन कार्ड भी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित प्रखंड एवं अंचल के कर्मी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सावना जारा में मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी को टांगी से काटकर मार डाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा थाना क्षेत्र के सावनाजारा नदी टोली निवासी निरल तोपनो ने अपनी पत्नी प्यारी तोपनो (34) को कुल्हाड़ी (टांगी) से काटकर निर्मम हत्या कर दी। पत्नी को काटने के बाद आरोपी पति शव के पास ही कुल्हाड़ी लहराते हुए जो भी सामने आएगा उसको भी काट देगें कहकर धमकी देते रहा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस को भी आरोपी को काबू करने में काफी मशक्कत करनी पडी। पुलिस जैसे ही आरोपी के घर पहुंची तो आरोपी पति निरल तोपनो ने पुलिस को भी कुल्हाड़ी लहराते हुए पास आने पर काट डालने की धमकी देने लगा। थाना प्रभारी हिरालाल महतो की सूझबूझ से काफी मशक्कत के बाद आरोपी को पकडा जा सका। आरोपी पति को पुलिस ने जेल भेज दिया। वहीं शव को अंत्यपरीक्षण हेतु सिमडेगा भेज दिया है। घटना पर पुलिस ने धारा 302 के तहत मामला भी दर्ज कर लिया है। ग्रामीणों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पति-पत्नी दोनों रायगढ़ में रहकर राजमिस्त्री व लेबर का काम करते थे और घटना के दिन याने रविवार को ही गांव लौटे थे। गांव लौटे परिवार ने पडोसियों को बताया था की निरल की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण गांव में ईलाज कराने आए हैं। मृतका के पाँच बच्चे हैं, जिसमें दो बच्चों को रायगढ़ में ही कही छोड आए हैं, जबकी तीन बच्चे घर में ही मौजूद हैं। घटना रविवार शाम लगभग पाँच-छः बजे की बतायी जा रही है। घटना के बाद पडोस के ग्रामीण आरोपी को पकडना चाह रहे थे मगर खून से लथपथ कुल्हाड़ी को लहराकर जो भी सामने आएगा उसको काटने की धमकी पर पडोसी भी सहमे रहे। फिलहाल पाँचों बच्चे अनायास ही अनाथ हो गए हैं। आरोपी के बडे भाई अलफ्रेड तोपनो पंजाब में काम करता है, जिसे घटना की जानकारी दी गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी कई सालों से मानसिक असंतुलन का शिकार था और रायगढ़ में भी ईलाज करा रहा था। अनाथ बच्चों को देखरेख करने वाला भी कोई नहीं है, बच्चों को पडोसियों ने शरण दे रखा है।

## सरहूल और रामनवमी त्योहार के निमित्त कैरो थाना में शांति समिति की बैठक हूई सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 21 मार्च मंगलवार को कैरो थाना भवन मे आगामी त्योहार सरहूल व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक हूई संपन्न। बैठक मे प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी कमलेश उराँव, किस्को, कुडु व कैरो अंचल के पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार, थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव, प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी, प्रखंड 20 सुत्रि उपाध्यक्ष बुधुवा उराँव, कैरो थाना पू0अ0नि0 हरिओंध करमाली व प्रखंड के शांति समिति सदस्यों की उपस्थिति में त्योहार को शांति, सौहार्द, और एक दुसरे के साथ मिलजुलकर मनाने को लेकर विन्दुवार गहनता से बैठक में चर्चा की गई। बैठक में उपरोक्त पदाधिकारीयो ने कहा कि त्योहार मे किसी भी प्रकार की अपवाह फैलाने वाले, या शोशल मिडिया मे आपतिजनक मैसज पोस्ट करने वाले व्यक्ति पर प्रशासन सख्ती पूर्वक कानून की धारा अधिनियम के तहत कारवाई करेगी। उपरोक्त पदाधिकारीयों ने कहा की इस महीने मे ही सरहुल, रामनवमी व रमजान के महीने सम्पन्न होना है,इसलिए आपसबो का दायित्व और भी बढ़ जाता है। आप सभी भी समाज के जिम्मेवार नागरिक होने के नाते असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखें,और समाजिक समरसता विगाड़ने वाले व्यक्ति पर संदेह होते ही प्रशासन को सूचना दे। बैठक मे कैरो सरहुल समिति के लोगो ने भी आगामी कैरो मे 24 मार्च के सरहुल त्योहार के विषय मे चर्चा की तो वही महाबीर मंडल समिति के लोगों ने भी 22 मार्च वर्ष प्रतिपदा से कलश यात्रा, नवाह्न परायण पाठ,29 मार्च अष्टमी के रात्रि जुलूस,नवमी 30 मार्च की कार्यक्रम व 31 मार्च दशमी को भरत-मिलाप शोभा यात्रा तो वही अन्जुमन के लोगो ने रमजान के महीने में होने वाले नमाज व इफ्तार के विषय मे भी बैठक मे चर्चा की गई। वही शांति समिति के सदस्यों ने आगामी गर्मी ऋतु के निमित्त खराब व बीमार चापाकलो को दुरुस्त करने की भी माँग किया।

## ग्रामीणों ने घटिया पथ निर्माण का किया विरोध



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** किस्को प्रखंड अंतर्गत पाखर पंचायत के सलैया काशी टांड़ से गंझू टोला तक 2 किलोमीटर पीसीसी पथ के निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। इस संबंध में उक्त पंचायत के पंचायत समिति सदस्य विरेंद्र उरांव ने बताया कि लगभग 1 करोड़ की लागत से बनने वाला पथ में जीएसबी के स्थान पर केवल डस्ट डाला जा रहा है और उसी के ऊपर ढलाई की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में ग्रामीणों से मिली शिकायत के आधार पर जब पंचायत समिति सदस्य बिरेंद्र उरांव निर्माण स्थल पर पहुंचे तो देखकर दंग रह गए। नियमानुसार 85? प्रतिशत जीएसबी और 15त्न डस्ट फेट कर नीचे बिछाना है,तत्पश्चात रोलर चलाने के बाद अच्छी तरह पानी पटवन करना है। उसके बाद ही पथ का ढलाई कार्य करना है। लेकिन संवेदक के द्वारा निर्धारित मापदंड का खुलम-खुला उल्लंघन करते हुए मनमानी तरीके से पथ निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है। पंचायत समिति सदस्य विरेंदर उरांव ने कहा कि ग्रामीण किसी भी हाल में इस तरह कार्य नहीं होने देंगे। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा और प्रशासन से जांच कर संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जाएगी।

## नववर्ष विक्रम संवत को लेकर तैयारी पूरी, आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्रीराम समिति की बैठक जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सभी संगठन के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में 22 मार्च नववर्ष विक्रम संवत शोभा यात्रा को लेकर खास चर्चा की गई जिसमें सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने शोभा यात्रा को भव्य बनाने हेतु अपना अपना विचार दिए। ज्ञात हो कि नववर्ष के अवसर पर जय श्रीराम समिति के द्वारा ललित नारायण स्टेडियम से भव्य शोभायात्रा प्रातः 11:00 बजे निकाली जा रही है जो नगर भ्रमण कर पुनः ललित नारायण स्टेडियम में आएगी जिसमें काफी संख्या में सनातन धर्मलंबी शामिल होंगे तत्पश्चात भव्य भंडारा एवं भक्ति जागरण का आयोजन होगा। जगह जगह पानी शरबत की व्यवस्था एवं शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा की जाएगी। मौके पर विश्व हिंदू परिषद,केंद्रीय महावीर मंडल, सरना सनातन, योगी सेना एवं जय श्रीराम समिति के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## जलडेगा थाना परिसर में रामनवमी व सरहुल को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के जलडेगा थाना परिसर में अंचल अधिकारी डा0 खगेन महतो की अध्यक्षता में आगामी पर्व रामनवमी एवं सरहुल त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न, बैठक में रामनवमी त्यौहार को सौहाद्र एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। जलडेगा अंचल अधिकारी ने कहा कि प्रखंड में किसी भी समुदाय का त्यौहार भाईचारगी, आपसी शोहर्द्य, शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाना चाहिए,साथ ही उन्होंने कहा की प्रशासन हमेशा आपके साथ खड़ी है।कोई भी असमाजिक तत्व किसी प्रकार का अफवाह फैलाने की कोशिश नहीं करें क्योंकि ऐसा करने से शांति भंग होती है और आपसी भाईचारगी भी समाप्त होती है इस लिए पर्व को शांति पूर्ण तरीके से मनाने के लिए अपील किया, एसआई बिरेन्द्र शर्मा ने कहा की जिस मार्ग से जाना है जुलूस उसी मार्ग से जाने की बात कही,साथ ही कहा की किसी प्रकार का कुछ विवाद होने की संभावना हो तो उसकी जानकारी तुरंत दें,साथ ही कार्यक्रम के बारे में विशेष रूप से जानकारी प्राप्त किए।

## केंद्र की सरकार को 2024 में उखाड़ फेंकेगी जनता : सुखैर भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर दिल्ली पुलिस के द्वारा कांग्रेस के सम्मानित नेता आदरणीय श्री राहुल गांधी के घर भेज कर पूछ ताछ कराना प्रधानमंत्री मोदी का तानाशाह और हताशा का परिचायक है। इसी मुद्दे के विरोध में जिला अध्यक्ष श्री सुखैर भगत के नेतृत्व में कांग्रेसियों के द्वारा लोहरदगा शहर के पवरगंज चौक में देश के गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली से वर्तमान राजनीति मर्यादा और सुचिता में गिरावट की आखरी पायदान है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो पदयात्रा के दौरान रास्ते में राहुल गांधी से मिलने वाली महिलाओं ने अपने दुःख दर्द, उत्पीड़न एवं अत्याचार को साझा किया। और उसके आधार पर 45 दिनों के बाद राहुल गांधी जी के वक्तव्यों पर पुलिस भेजना कायरतापूर्ण और तानाशाही करवाई नहीं तो और क्या है। भारत जोड़ो पदयात्रा और राहुल गांधी ने देश की महिलाओं को अपनी समस्याएं और दर्द साझा करने का एक सुरक्षित मंच दिया। और तमाम देशवासियों ने जगह जगह अपनी व्यथा से उन्हें रूबरू कराया। केंद्र सरकार आदानी मुद्दे से ध्यान भटकाने और राहुल गांधी की आवाज को दबाने का कुत्सित प्रयास कर रही है। इससे ना तो सच छुपेगा और ना ही दबेगा और ना ही डरेगा। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद,जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत, मोहन दुबे, सामूल अंसारी, शाहिद अहमद बेलू, पवन गौतम, प्रभात भगत, सदरूल अंसारी, प्रदीप विश्वकर्मा, तनवीर गौहर, यूनुस अंसारी, सत्यदेव भगत, विशाल डुंगडुंग, विनाय उरांव, अमृता उराव, शंभू प्रजापति, बासदेव भगत, मुजम्मिल अंसारी, सत्यजीत सिंह, दीपक महतो, सैफ अहमद, सुशीला देवी, सरिता देवी, बबीता देवी, पुनीत उराव,अंसार अहमद, कबीर अंसारी, कैश आलम, सोहेल अख्तर, मुशर्रफ राजा, विनोद उरांव, कलाम मिरदाहा, चंद्रकांता पन्ना, सविता कुमारी, शुभम सहदेव, वीरेंद्र उरांव, मंगलेश्वर उरांव, मोहम्मद धीरू, संतोष महतो, कुददूस अंसारी, कालदेव उरांव, प्रदीप महली,दुर्गा उरांव समेत काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## करवार जोर में फर्जी बिजली बिल से ग्रामीण भयभीत हाल जानने पहुंचे श्रद्धानन्द बेसरा



**केरसई (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बासेन पंचायत के करवारजोर के ग्रामीण फर्जी बिजली बिल आने से भयभीत हैं, ग्रामीणों द्वारा भाजपा नेता को सूचना दिए जाने पर श्रद्धानंद बेसरा कारवार जोर पहुंचकर ग्रामीणों से बैठक कर जानकारी ली ग्रामीणों ने भाजपा नेता को बताया की गांव में दो ट्रांसफार्मर हैं जिसमें एक लगभग ढाई साल से खराब थी एवं दूसरा ट्रांसफार्मर 8 साल से खराब थी पर जब ट्रांसफार्मर बना और बिजली बिल आया तो सब का बिजली बिल 10,000 से ज्यादा आया है, किसी का 17000 तो किसी का 42000 भी बिजली बिल आया है किसी किसी घर में 2-2 मीटर का बिल एक साथ आया है। ग्रामीणों ने भाजपा नेता से गुहार लगाई कि इस समस्या से हमें निजात दिलाने का प्रयास करें उस पर भाजपा नेता सदानंद बेसरा ने ग्रामीणों की सूची बनाई और ग्रामीणों को आश्वस्त किया की आप को डरने की जरूरत नहीं बिजली विभाग से समन्वय बनाकर इस समस्या का निदान किया जाएगा मौके पर अघनु मांझी, बैगा भोय, संजय भोय, दशरथ पेठाई, जागदीश दास, बिरसा भोय, जगदीश बडाईक, बिहनी देवी, ललिता देवी, बिरसमनी देवी, सुखमनी देवी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## गोली कांड मामले में 6 नामजद पर प्राथमिकी दर्ज 2 आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** आराहांसा में गाली गलौज व मारपीट तथा गोली कांड में 6 नामजद के विरुद्ध वादी ने मंगलवार को कराया प्राथमिकी दर्ज। सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला पंचायत स्थित आराहांसा ग्राम में सोमवार देर शाम आराहांसा लाल टोली में कार्तिक मुंडा के किराना दुकान के समीप संदीप उराँव पिता अगनु उराँव एवं भतीजा विष्णु उराँव पिता रोपा उराँव के साथ गांव के एवं दूसरे गांव के कुछ लोग बैठा हुए थे। जिस पर बताते हुए स्वर्गीय शनीचरवा उराँव के 30 वर्षीय पुत्र हरिचंद उराँव ने कहा कि मारपीट के उपरांत सूचना हामको मिलने पर हम समझाने बुझाने गए हुए थे। देखे की वही पर गाँव का शिवम देव, पुरुषोत्तम देव, उत्तम देव मोहित देव आयुष यादव एवं रोशन शाहदेव पहले से बैठ हुए थे। और उन्ही लोगों के द्वारा मारपीट किया गया था। जब हम किराना दुकान के पास पहुंच मारपीट का कारण पूछने लगे तो मेरे भतीजा विष्णु उराँव के कनपटी में देशी कटा सटा कर जान मारने का प्रयास करने लगा तो मेरा भतीजा वहां से भाग निकला उसके भागते ही मेरे सर पर देश कटा के बट से प्रहार किया जिसमें मेरा सर फट गया। और बीच बचाव के दौरान दो बार फायरिंग हुआ। भय बनाने के लिये फायरिंग करते हुए सभी लोग वहां से भाग निकले। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को मिलते ही दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच जायजा लेते हुए घायल को सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां इलाज के उपरांत मंगलवार को थाना में लिखित आवेदन देते हुए सभी 6 नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार ने बताया कि घटना की सूचना सत्यापन के उपरांत एवं आवेदन के आलोक में कांड संख्या 40/23 दर्ज कर धारा 323, 307, 34 आईपीसी के तहत कारवाई आरम्भ कर दिया गया। इसी दरमियान दो आरोपी स्वर्गीय घनश्याम देव का पुत्र मोहित देव एवं स्वर्गीय राधेश्याम देव के पुत्र उत्तम देव को त्वरित कारवाई करते हुए पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वही अन्य लोगो का धर पकड़ के लिये कारवाई जारी है।

## जिप अध्यक्ष रीना कुमारी ने विकास योजनाओं को लेकर प्रखंड वार की समीक्षा बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला परिषद् अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में आज जिला परिषद् की बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभागार में हुई। बैठक में दिनांक 24.01.2023 को हुई जिला परिषद् की बैठक में दिये गये निदेशों व उसके अनुपालन की समीक्षा की गई और निम्न निदेश दिये गये। जिला में पेयजलापूर्ति हेतु खराब जलमीनारों की मरम्मति का कार्य 14वें वित्त आयोग में उपलब्ध राशि से कराये जाने का निदेश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। मसमानो पंचायत के ग्राम बुड़का केंद टोली में पेयजलापूर्ति हेतु बोरिंग का कार्य पूर्ण कर मोटर अधिष्ठापन का निदेश दिया गया। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, कैरो भवन तक पहुंच पथ निर्माण हेतु ग्रामीणों के साथ बैठक करने का निदेश प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को दिया गया। इस बैठक में जिला परिषद सदस्य,कैरो और अंचल अधिकारी, कैरो भी उपस्थित रहेंगे। स्वास्थ्य उपकेंद्र, गितिलगढ़ के भवन की स्थिति बेहद खराब होने की शिकायत पर सिविल सर्जन, लोहरदगा को संबंधित जिला परिषद सदस्य के साथ पुनः जांच किये जाने का निदेश दिया गया। कैरो प्रखण्ड के ग्राम-खण्डा में निर्माणाधीन पीसीसी पथ का कार्य संवेदक द्वारा अगले एक सप्ताह में पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। ऐसा नहीं होने पर संवेदक को काली सूची में डाले जाने का निदेश जिला अभियंता, जिला परिषद, लोहरदगा को दिया गया। उक्त पथ की जांच कार्यपालक अभियंता, आरईओ, लोहरदगा द्वारा किये जाने का भी निदेश दिया गया। उक्त जांच में संबंधित जिला परिषद सदस्य व जनप्रतिनिधिगण भी शामिल होंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि किसी भी योजना की जांच में संबंधित प्रखण्ड के जिला परिषद सदस्य, प्रमुख आदि को अवश्य सूचित करें ताकि वे आश्वस्त हो सकें। बैठक में सेन्हा प्रखण्ड कार्यालय परिसर में जिला परिषद की दुकान निर्माण, सेन्हा के घाटा, गगेया ग्राम में खराब ट्रांसफार्मर बदलने,भण्डरा के बंडा ग्राम में विद्युत कनेक्शन देने, किस्को स्थित प्रंखण्ड स्तरीय पुस्तकालय में अध्ययन करनेवाले लोगों के लिए शौचालय की व्यवस्था, स्वास्थ्य केंद्रो में सर्पदंश व कुत्ता काटने पर दवाईयां की उपलब्ध सुनिश्चित करने, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, शिक्षकों की कमी दूर करने समेत अन्य मामले उठाए गये।

## अवैध शराब पर चला ठेठईटाँगर पुलिस का डंडा ,बहुल मात्रा में हुआ जावा महुआ नष्ट



**ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटाँगर पुलिस लगातार अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर और थाना प्रभारी ठेठईटाँगर की अगुवाई में ठेठईटाँगर पुलिस ने मंगलवार को अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने सोमवार को ठेठईटाँगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ठेठईटाँगर बाजार टोली में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी की। छापामारी के क्रम में पुलिस ने यहां बहुल मात्रा में जावा महुआ नष्ट किया। साथ ही शराब बनाने वाले बर्तनों को नष्ट भी कर दिया और यह चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसा ना करे अन्यथा क़ानूनी कार्यवाही की जाएगी।


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा
पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 15 मई 2023
शैक्षणिक सत्र - 2023-24
युवाओं के सपनों को मिल रही उड़ान
1 अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को मिलेगा लाभ
2 31 विषयों में Masters/M Phil करने का अवसर
3 युनाइटेड किंगडम और नॉर्दन आयरलैंड के 110 विश्वविद्यालयों/संस्थानों में उच्च शिक्षा
4 अधिकतम 25 छात्र/छात्राओं के लिए नि:शुल्क पढ़ाई की व्यवस्था
5 छात्रवृत्ति योजना के तहत ट्यूशन शुल्क, हवाई यात्रा शुल्क, वार्षिक देय भत्ता, वीजा शुल्क, मेडिकल इंश्योरेंस के प्रीमियम का भुगतान एवं अन्य व्यय का भी भुगतान
6 अधिकतम 35 वर्ष के छात्र/छात्राएं योजना का ले सकेंगे लाभ
आवेदन निम्न लिंक से करें
आवेदन करें:- www.mgos.jharkhand.gov.in
हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड
PR NO-293287 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 22-23
अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार